# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शुक्रवार, 22 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 96 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1921:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई।

**1922:** जनरल माइकल कोलिन्स की पश्चिम कॉर्क में हत्या कर दी गई।

**1944:** अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और चीन के प्रतिनिधियों ने संयुक्त राष्ट्र के गठन की योजनाओं को लेकर मुलाकात की।

**2018:** राही सरनोबत 25 मीटर पिस्टल निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

# उर्वरक की कालाबाजारी करने वालों की खैर नहीं : नेहा तिर्की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने जनता दरबार लगाया। इसमें पहुंचे आम जनों की समस्याओं के निवारण के लिए जन सुनवाई की। गुरुवार को राज्य के अलग-अलग क्षेत्र से 73 फरियादी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। आज की जन सुनवाई में ज्यादातर मामले मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने, आवेदन के बाद भी वृद्धा-विधवा पेंशन नहीं मिलने से हो रही परेशानी, बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को हजारों-लाखों की राशि बिजली बिल में भेज दिए जाने से लेकर जातीय-आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में परेशानी जैसी शिकायत लेकर कृषि मंत्री के पास पहुंचे थे। पलामू से आये संतोष जायसवाल ने राज्य और पलामू में यूरिया खाद की हो रही कालाबाजारी पर रोक लगाने एवं अन्नदाताओं के लिए यूरिया की उपलब्धता वाजिब दाम पर कराने की



फरियाद कृषि मंत्री से की। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निवारण का भरोसा भी दिया। जन सुनवाई के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कृषि मंत्री ने माना कि राज्य में मांग के अनुसार यूरिया खाद की उपलब्धता में कमी है। इसके लिए विभाग अपने स्तर से प्रयास भी कर रहा है। इसके साथ-साथ यह भी रिपोर्ट मिल रही है कि खासकर पलामू जिला में उर्वरक की कालाबाजारी के लिए अवैध तरीके से स्टोर भी किया जा रहा है। पूर्व में ऐसे कृत्य करते पाए गए चार उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों का लाइसेंस रद्द कर सील किया गया है। मंत्री ने कहा कि किसानों को हो रही उर्वरक की समस्या का समाधान करने के लिए जहां केंद्रीय कृषि मंत्री से झारखंड को यूरिया का कोटा बढ़ाने की मांग की है वहीं 22 अगस्त को राज्य के करीब 200 थोक उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक भी होगी। एक बिजली उपभोक्ता को एक लाख 32 हजार का विपत्र एक बार में भेज देने और उसका बिजली कनेक्शन काट दिए जाने की शिकायत कृषि मंत्री से की। इसपर मंत्री ने तत्काल बिजली विभाग के जीएम से बात की और उन्हें पूरे मामले की जांच कर फरियादी को राहत दिलाने को कहा। मंत्री ने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर अगर बार-बार एक ही पैटर्न की शिकायत मिल रही है तो उसकी जांच जरूरी है ताकि उपभोक्ता परेशान न हो।

# केंद्रीय संचार मंत्री ने की डाक सेवाओं के एक नए डिजिटल युग की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना और केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के मार्गदर्शन में डाक विभाग ने आई.टी. 2.0-उन्नत डाक प्रौद्योगिकी को सफलतापूर्वक लागू किया है। यह ऐतिहासिक डिजिटल उन्नयन, विभाग के 1.65 लाख डाकघरों में से प्रत्येक के आधुनिकीकरण की यात्रा में एक परिवर्तनकारी कदम है, जो भारत सरकार के डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप है। आई.टी. 2.0 देश के हर कोने में तेज़, अधिक विश्वसनीय और नागरिक-केंद्रित डाक और वित्तीय सेवाएं लाता है जो समावेशिता और सेवा उत्कृष्टता के प्रति भारतीय डाक की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। आई.टी. आधुनिकीकरण परियोजना 1.0 की सफलता को आगे बढ़ाते हुए हाल ही में लॉन्च किया गया उन्नत डाक प्रौद्योगिकी प्लेटफ़ॉर्म एक माइक्रोसर्विस-आधारित एप्लिकेशन प्रस्तुत करता है जो तेज़, अधिक विश्वसनीय और उपयोगकर्ता-अनुकूल, नागरिक-केंद्रित सेवाएं प्रदान करता है। डाक प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र द्वारा स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और विकसित, यह एप्लिकेशन भारत सरकार के मेघराज 2.0 क्लाउड प्लेटफ़ॉर्म पर होस्ट किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुसाइड नोट छोड़ छात्रा ने दी जान

**गोड्डा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नगर थाना क्षेत्र के गायत्री नगर स्थित एक हॉस्टल में रह रही 18 वर्षीय आदिवासी छात्रा शीला मरांडी ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पौड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के कारूडीह गांव की रहने वाली शीला 11वीं कक्षा में साइंस की पढ़ाई कर रही थी। छात्रा ने आत्महत्या से पहले अपने चाचा के नाम एक सुसाइड नोट लिखा। उसमें उसने लिखा कि मैं आपके सपनों को पूरा नहीं कर पा रही हूं।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के नावाबाजार थाना अंतर्गत इटको मोड़ पर एक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। तुकबेरा गांव के मुखिया विनोद विश्वकर्मा के बेटे विक्की विश्वकर्मा ने शराब के नशे में अपनी पंच कार से स्कूटी सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी।

## झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज से

**रांची (नबिटा ब्यूरो)।** शुक्रवार से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के हंगामेदार रहने की संभावना है। विपक्ष खासकर भाजपा इस सत्र में आक्रामक रूख अख्तियार करते हुए सरकार को घेरने की कोशिश करेगी। वहीं, विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष भी अपनी रणनीति बना रहा है। हाल के दिनों में जिस तरह से सूर्या हांसदा एनकाउंटर के मुद्दे को भाजपा लगातार उछाल रही है, उससे साफ है कि मानसून सत्र के दौरान भी यह मामला काफी जोर-शोर से उठाएगी। इसके अलावा अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से राज्य में चल रहे क्लिनिक का नाम बदल कर मदर टेरेसा के नाम से कर दिया गया है। इससे भी भाजपा काफी बौखलाई हुई है। इसके अलावा विधि व्यवस्था के मुद्दे पर भी सत्र में सरकार को घेरने का प्रयास करेगी।

## कोडेक्स वायर और विस्फोटक बरामद

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ 154वीं बटालियन ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। पारसनाथ की तराई में संयुक्त टीम ने छापेमारी कर 300 मीटर कोडेक्स वायर और 13 लीटर विस्फोटक केमिकल लिक्विड बरामद किया है। गिरिडीह एसपी डॉ. विमल कुमार ने बताया कि उन्हें और सीआरपीएफ 154 बटालियन के कमांडेंट सुनील दत्त त्रिपाठी को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार नक्सली पारस के जंगल में किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। सूचना के आधार पर सीआरपीएफ के द्वितीय कमान पदाधिकारी ओम प्रकाश सिंह, एएसपी अभियान सुरजीत कुमार और सहायक कमांडेंट सी.एच तोम्बा के नेतृत्व में टीम बनाई गई। खुखरा थाना पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम भी अभियान में शामिल हुई। टीम ने खुखरा थाना क्षेत्र के पारसनाथ पहाड़ी के जोकाईनाला/चतरो कानाडीह के पास छापेमारी की। यहां से नक्सलियों द्वारा जमीन में छिपाए गए विस्फोटक को बरामद किया गया। इस सामान का इस्तेमाल विस्फोटक बनाने में किया जाता है।

## नक्सलियों ने कई वाहनों में लगाई आग

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के चतरा में लंबे समय के बाद भाकपा माओवादियों ने एक बार फिर बड़ी वारदात को अंजाम देने का काम किया है। बुधवार की देर रात लावालौंग थाना क्षेत्र के लेंबोडीह विशनपुर गांव में नक्सलियों ने उत्पात मचाते हुए दो ट्रैक्टर और एक सवारी गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। जलाए गए वाहनों में एक सवारी वाहन व एक ट्रैक्टर शामिल है। दोनों वाहन संतन गंझू का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 22 से अधिक की संख्या में हथियारबंद नक्सली संतन गंझू के तलाश में पहुंचे थे। जब घर पर संतन नहीं मिला तो घर के बाहर खड़ी दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया। साथ ही संतन गंझू के घर व एक अन्य ग्रामीण के घर को बाहर से ताला जड़ दिया। घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच पूरे इलाके में छापामारी अभियान तेज कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार भाकपा माओवादी के टॉप कमांडर मनोहर गंझू के दस्ते के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। मालूम हो कि लंबे समय के बाद भाकपा माओवादियों ने घटना को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत फैलाई है। ग्रामीणों के अनुसार संतन गंझू पर पुलिस को सहयोग देने का आरोप है। उसने पूर्व में पुलिस को पोस्ता (अफीम) नष्ट करने के दौरान सहयोग दिया था। बताया जाता है कि अफीम की खेती को नष्ट करने में उसने पुलिस को ट्रैक्टर मुहैया कराया था। उस कार्रवाई के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत कई लोगों को जेल भेजा गया था।




## संक्षिप्त समाचार

### मुजफ्फरपुर में ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक जवान से हाथापाई



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के सरैयागंज टावर चौक पर ट्रैफिक जवान से हाथापाई हुई है। आटो ड्राइवर ने ड्यूटी पर तैनात जवान अजय कुमार को चाकू मारने की धमकी दी है। सूचना मिलने के बाद भी नगर थाना और डायल-112 की टीम समय पर नहीं पहुंची सकी। जवान आरोपी को पकड़कर थाना ले जाने लगा, लेकिन बीच रास्ते से ही वो फरार हो गया। घटना बुधवार की है। जानकारी के मुताबिक चौक के पास जाम लगा था। इस दौरान बीच सड़क पर ऑटो रोककर ड्राइवर सवारी बैठाने लगा। ऑटो नहीं बढ़ाने पर जवान ने पीछे से डंडा चला दिया। इसी बात पर बहस हुई और हाथापाई शुरू हो गई। कुछ देर बाद आरोपी गाड़ी साइड में खड़ी कर वापस आया। जवान से गाली-गलौज और धक्का-मुक्की करने लगा। धमकी दी कि वह पड़ोस के मोहल्ले का है और चाकू मार देगा। घटना के बाद बुधवार देर रात सिटी एसपी कोटा किरण कुमार खुद सरैयागंज टावर चौक पहुंचे। आम लोगों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था में बाधा डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जेब्रा क्रॉसिंग के अंदर वाहन खड़ा न करने, अपनी लेन में चलने और सड़क पर अतिक्रमण न करने का सख्त निर्देश दिया। दुकानदारों को भी चेतावनी दी गई।

### गोपालगंज की महिला खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड-सिल्वर मेडल




**गोपालगंज, एजेंसी।** पटना के साईं एसटीसी सेंटर में आयोजित खेलो इंडिया बिहार वूशु वूमेंस लीग में गोपालगंज की महिला खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मास्टर सोनू मार्शल आर्ट एकेडमी जंगलिया की खिलाड़ी शुभम कुमारी और मासूम कुमारी ने फाइटिंग स्पर्धा में पदक जीते। इन खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास से इस सफलता को हासिल किया। अपने कोच के मार्गदर्शन में उन्होंने अपनी तकनीक को निखारा और प्रतियोगिता के लिए खुद को तैयार किया। यह जीत गोपालगंज के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ती है। वूशु, जो एक चीनी मार्शल आर्ट है, में इन खिलाड़ियों की सफलता दर्शाती है कि छोटे शहरों में भी प्रतिभा मौजूद है। वूशु संघ के महासचिव मास्टर सोनू ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी। यह जीत अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। संघ के सचिव का मानना है कि सरकार और खेल संघों को ऐसी प्रतिभाओं को और अधिक सुविधाएं तथा प्रशिक्षण प्रदान करना चाहिए। इससे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे।

### वोट को बचाने के लिए संघर्ष को तैयार हैं लोग : दीपांकर




**पटना, एजेंसी।** भाकपा-माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि इंडिया गठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की दिशा में एक जन आंदोलन बन रही है। जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस यात्रा का संदेश है कि एक-एक वोट के अधिकार की रक्षा करनी है। 20 वर्षों से बोझ बनी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकना है। बिहार में बदलाव करने और अपने वोट को बचाने के लिए लोग संघर्ष करने को तैयार हैं। वे बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। इस मौके पर राज्य सचिव कुणाल, एमएलसी शशि यादव, पूर्व विधायक मनोज मंजिल, लोक युद्ध के संपादक संतोष सहर और विधायक दल के नेता सत्यदेव राम उपस्थित थे। कहा कि 130वां संविधान संशोधन विधेयक संवैधानिक संघीय व्यवस्था और संसदीय लोकतंत्र के लिए मौत की घंटी है। कहा कि इंडिया गठबंधन द्वारा जस्टिस वी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुना गया है। यह एक सकारात्मक और समयोचित निर्णय है।

### दीपावली और छठ पर बिहार आने वालों के लिए 12 हजार स्पेशल ट्रेनें चलाएगा रेलवे



**पटना, एजेंसी।** बड़ी संख्या में ट्रेनों को चलाने में जुटा पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन दीपावली और छठ पूजा में बिहार आने वाले लोगों के लिए दिल्ली समेत अन्य बड़े शहरों से बड़ी संख्या में स्पेशल ट्रेनों का परिचालन होगा। बिहार, यूपी और झारखंड के लिए दो महीने में 12 हजार स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यह घोषणा की। उन्होंने यह भी बताया कि कई हिस्सों में बुद्ध सर्किट ट्रेनें भी चलेंगी। वैशाली, हाजीपुर, सोनपुर, पटना, फतुहा, राजगीर, गया होते कोडरमा तक जाएंगी। रेलमंत्री ने कहा कि पटना जिले को चारों तरफ से रेल नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है। नेउरा-दनियावां रेललाइन का निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा।

# तेजस्वी-राहुल की रैली में बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत

## बेटा बोला- आखिरी बात भी पूरी नहीं हो पाई, बेटी ने कहा- लालू के बेटे को देखने की इच्छा है



**गया, एजेंसी।** गयाजी में सोमवार के दिन चारों ओर चर्चा थी कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा पंचानपुर आने वाली है। महागठबंधन के घटक दलों में जोश था। गांवों में उत्सुकता थी। इसी भीड़ और हड़बड़ी के बीच टिकारी के अगरा गांव का एक गरीब परिवार हमेशा के लिए टूट गया। निजी शिक्षक रह चुके शिवनारायण पासवान ( 52) ने नेताओं को देखने की ख्वाहिश में घर से कदम तो निकाला, लेकिन वापसी में वे नहीं बल्कि उनका मृत शरीर ही घर लौटा।

शिवनारायण अपने बड़े भाई वासुदेव पासवान के साथ दोपहर घर से निकले थे। महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने गांव में गाड़ी भेजी थी। दोनों भाई घर का खाना खाकर उसमें सवार हो गए। वे किसी पार्टी से जुड़े नहीं थे। बस राहुल और तेजस्वी को देखने की चाह में पंचानपुर पहुंचे। वहां दो घंटे भीड़ में रहे।

शिवनारायण पासवान के इकलौते बेटे दीपक पासवान बीएसएफ में किशनगंज में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि मेरी 3 बजे से लेकर पांच बजे तक ड्यूटी थी। मेरे मन में ख्याल आया कि पापा से बात करता हूं। फिर मैंने उन्हें शाम को ही कॉल लगाया, उन्होंने मुझे बताया कि तेजस्वी यादव की रैली में आया हूं, तेजस्वी यादव को देखने का मन था। थोड़ी बहुत घर, परिवार की बात हुई, फिर मैंने कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया और ड्यूटी खत्म होने के बाद अपने कमरे पर चला गया।

कमरे पर जाकर अभी चाय पी रहा था, मुश्किल से पापा से बात किए अभी 30 मिनट हुए होंगे कि गांव से फोन आ गया कि तुम्हारे पापा नहीं रहे। जो बातचीत हुई थी, उसमें उन्होंने बताया कि मैं अहियापुर आया हुआ हूं, यहां तेजस्वी यादव और राहुल गांधी आए हैं। उन्हें देखने के लिए आया हूं। बैकग्राउंड में काफी ज्यादा शोर हो रहा था, मैं समझ गया था कि पिता भीड़ के बीच हैं, बातचीत नहीं हो पाएगी।

**बेटियों की आंखों में आंसू**

शिवनारायण की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। तीन बेटियां हैं। दो की शादी हो चुकी है। छोटी बेटी मनीषा मगध यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन कर रही है। दोपहर में पापा खाना खाकर निकले थे। पापा ने सुबह कहा था कि आज गयाजी में तेजस्वी यादव आ रहे हैं, मुझे उन्हें देखने की इच्छा है, इसलिए मन कर रहा है कि रैली में चला जाऊं। ये सुबह की बात है। दोपहर में उन्होंने कहा कि दिनभर घर में बैठकर बोर हो जाऊंगा, कोई काम नहीं है, मैं घूमकर आता हूं। इतना बोलकर पापा राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की रैली में चले गए, कब तक लौटेंगे ये नहीं बताया था।

**भाई बोले- अचानक सीने में दर्द उठने के बाद मौत**

भाई वासुदेव ने बताया कि जैसे ही लौटने के लिए हम लोग गाड़ी में बैठे, शिवनारायण ने कहा कि सीने में तेज दर्द है। उसी दौरान उलटी हुई और वे अचेत हो गए। हड़बड़ी में गांव वालों की मदद से उन्हें टिकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक बताकर, गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन अस्पताल से बाहर निकलते ही कई ग्रामीणों ने साफ कह दिया कि अब शिवनारायण नहीं रहे।

वासुदेव ने साफ कहा कि हम लोग किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़े नहीं हैं। महागठबंधन के लोगों ने बुलाया कि राहुल-तेजस्वी आ रहे हैं, चलिए। बस उसी में चल दिए। हमें किसी तरह का पैसा नहीं मिला। ऐसा आरोप हम बर्दाश्त भी नहीं करेंगे।

**किसी बड़े नेता ने फोन नहीं किया**

उन्होंने यह भी कहा कि घटना के बाद महागठबंधन से सिर्फ बोधगया विधायक कुमार सर्वजीत और एक स्थानीय कांग्रेसी नेता घर पहुंचे। किसी बड़े नेता ने न तो फोन किया और न ही सांत्वना दी। वासुदेव का कहना है कि हमें पैसों की जरूरत नहीं है, लेकिन कोई मदद करता है तो हम लेंगे भी। भाई का बेटा सब संभाल लेगा। शिवनारायण पासवान कुछ साल पहले झारखंड के एक निजी स्कूल में हिंदी पढ़ाते थे। स्कूल बंद हो गया तो वे घर लौट आए। खेती-बाड़ी और मजदूरी ही सहारा बनी। परिवार की जिम्मेदारी मजदूरी और बटाई पर खेती से चलती थी।

# 26 अगस्त को नगर निगम की स्थायी समिति की बैठक:बवाल के बाद पहली बार होगी चर्चा




**पटना, एजेंसी।** पटना नगर निगम में सशक्त स्थायी समिति की 16वीं साधारण बैठक 26 अगस्त को होगी। इस बैठक में कुल 47 एजेंडों पर चर्चा होगी। वहीं, मेयर के भ्रमण के दौरान पार्षदों द्वारा दिए गए अनुशंसा पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। इससे पहले 11 जुलाई में बोर्ड की बैठक हुई थी, जिसपर जमकर बवाल हुआ था। मेयर पुत्र शिशिर कुमार पर पार्षदों को गाली देने और हथियार लेकर बैठक में आने का आरोप लगा था।

दरअसल इस बैठक में अलग-अलग एजेंडों पर चर्चा होगी। अदालतगंज के पास स्थित इस्कॉन मंदिर प्रवेश द्वार में पेभर ब्लॉक लगाए जाएंगे। निगम क्षेत्र के अंतर्गत वॉल पेंटिंग कराई जाएगी। ख़ाजेकलां पानी टंकी के पास विवाह भवन का निर्माण किया जाएगा।

मौर्यलोक परिसर में गेट नंबर 1 के बगल में सुधा बूथ खोला जाएगा। नौजर कटरा से लेकर दीदारगंज घाट तक रिवरफ्रंट और कलेक्ट्रेट घाट से दीघा घाट तक रिवरफ्रंट बनाने के लिए डीपीआर तैयार कर राज्य सरकार और केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

**4 जगह बनेंगे मॉडर्न वेंडिंग जोन**

इस बैठक में 4 मॉडर्न वेंडिंग जोन बनाने का निर्णय लिया जाएगा। अजीमाबाद अंचल के बाहर, शेखपुरा स्थित सब्जी विक्रेताओं के लिए, वार्ड नंबर- 14 में साईं मंदिर के पास, दशरथा स्थित निगम भूखंड पर वेंडिंग जोन का निर्माण होगा। वहीं, दीघा रोड और घुड़दौड़ से अस्सी अस्पताल के पश्चिम ज्ञान निकेतन गर्ल्स स्कूल तक सड़क का नाम आचार्य किशोर कुमार के नाम पर रखा जाएगा।

वार्ड नंबर-67 के दलित बस्ती में सामुदायिक भवन का निर्माण होगा। राजा घाट पर डीलक्स शौचालय का निर्माण होगा। बहादुरपुर स्थित न्यू ग्रीन पार्क में फाउंटेन लगाया जाएगा। आर ब्लॉक गोलंबर का सौंदर्यीकरण होगा।

## एसटीईटी पर विचार हो रहा, 10 दिन में फैसला : मंत्री

**पटना, एजेंसी।** शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति की ताल्लुक रखने वाली परीक्षा एसटीईटी के लिए विचार हो रहा है। संभव है यह हो। इसके बारे में 10 दिन के भीतर अंतिम फैसला हो जाएगा। वे बुधवार को मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने कहा-टीआरई 4 के लिए रिक्तियां 8 दिन में बीपीएससी को भेजी जाएंगी। मंत्री से पूछा गया था कि 'टीआरई 4 से पहले एसटीईटी की मांग हो रही है। अभ्यर्थी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। सरकार क्या करेगी?' मंत्री ने कहा-हम अभ्यर्थियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर रहे हैं। वे हमसे भी मिले थे। हालांकि करीब पौने चार लाख लोग पहले से क्वालिफाई हैं। फिर भी इनकी मांगों पर हम विचार कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि इस परीक्षा (एसटीईटी) के होने की संभावना है? मंत्री बोले-जब विचार कर रहे हैं, तो हर पहलू को देखेंगे न। परीक्षा हो भी सकती है। टीआरई 4 से जुड़े सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि विषय के हिसाब से शिक्षकों की कमी का ब्योरा इकट्?ठा किया जा रहा है। इसे आठ-दस दिनों में बीपीएससी को भेज दिया जाएगा।

## चुनावकर्मी खएंगे 110 रुपये में काजू-पिस्ता का नाश्ता, 63 रुपये की पूड़ी-सब्जी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने बिसात बिछानी शुरू की है तो प्रशासनिक तैयारी भी शुरू हो गई है। इसके तहत चुनाव के दौरान होने वाले नाश्ता व भोजन खरीद के लिए जिला क्रय समिति ने एजेंसियों का चुनाव कर लिया है। एजेंसियों के साथ जो दर तय की गई है, उसके अनुसार चुनाव कर्मियों को 63 रुपये का नाश्ता तो सौ रुपये का भोजन और 63 रुपये का अल्पाहार दिया जाएगा। अल्पाहार में छह पूड़ी, दो जलेबी के साथ सूखी सब्जी होगी। हालांकि, अधिकारियों के लिए स्पेशल थाली की व्यवस्था की गई है। उसकी दर अलग से निर्धारित की गई है।

जिला क्रय समिति ने टेंडर के बाद जो दर तय की है, उसके अनुसार चुनाव कर्मियों के नाश्ते में एक पेटीज या कचौड़ी होगी, एक कटलेट होगा, एक काला और एक उजला मिठाई होगा और उसके साथ केचअप मिलेगा। जिला क्रय समिति ने इसके लिये 49 रुपये प्रति पैकेट दर निर्धारित किया है। वहीं स्पेशल नास्ते में एक पनीर पेटीज होगा, इसके अलावा इसमें ढोकला, सैंडविच या दाल कचौड़ी के साथ एक उजला मिठाई, एक काजू बर्फी या कलाकंद, दो कुकीज, हरा भरा कबाब पिस्ता, काजू फ्राई और केचअप को शामिल किया गया है। इस स्पेशाल नास्ते के लिए जिला क्रय समिति ने 110 रुपये की दर निर्धारित किया है। वहीं, भोजन की थाली भी दो प्रकार की रहेगी, जिसमें एक सामान्य थाली सौ रुपये की, दूसरी स्पेशल थाली तीन सौ रुपये की होगी। इसके अलावा इसमें अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई है। इसके तहत छह पूड़ी, दो जलेबी और सूखी सब्जी 63 रुपये की दी जाएगी तो खास्ता कचौड़ी, ब्रेड कटलेट, पेस्ट्रीज, बिस्कुट, दो मिठाई और दो ब्रेड सैंडविच वाला अल्पाहार 36 रुपये में मिलेगा। फलों के जो दर निर्धारित किये गए हैं, उसमें केला 60 रुपये दर्जन तो नारंगी का रेट 58 रुपये किलो निर्धारित किया गया है।

## नालंदा में लापता छात्र का शव आहर में मिला

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में लापता छात्र की हत्या के बाद परिजन आक्रोशित हो गए। गुरुवार सुबह हिलसा-एकंगरसराय मार्ग को जाम कर दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बीच सड़क पर शव रखकर जाम कर दिया। मृतक की पहचान चकमुन्ना निवासी इंदल प्रसाद के पुत्र उदय कुमार( 15 ) के तौर पर हुई है। मई खंधा गांव के आहार से बुधवार शाम को शव मिला था।

मृतक के पिता इंदल प्रसाद ने बताया कि मेरा बेटा घर से दसवीं क्लास में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए निकला था। गला घोंट उसकी हत्या कर दी गई। शव को पानी में फेंक दिया। पुलिस से हमारी मांग है कि हत्यारों का पता लगाए और उसे सामने लेकर आए। पुलिस हम लोगों से ही मुजरिम का नाम बताने के लिए कह रही है। हत्या के आरोप में किसका नाम बताएं। पुलिस जांच करें तो मामला सामने आएगा। फिलहाल पिछले दो घंटों से सड़क जाम की स्थिति बनी हुई है। मौके पर पुलिस मौजूद है। आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रही है।

**फोटो से हुई पहचान**

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को दसवीं क्लास में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए उच्च माध्यमिक विद्यालय जूनियार गया था। देर शाम तक घर नहीं लौटा। जिसके बाद परिजन खोजबीन में जुट गए, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। बुधवार देर शाम मई खंधा में उपलाए हुए शव पर ग्रामीणों की नजर पड़ी। पॉकेट से मिले पासपोर्ट साइज के फोटो से उसकी पहचान हुई।

## पटना में दो लग्जरी कार से 350 लीटर शराब बरामद

**पटना, एजेंसी।** पटना के फुलवारी शरीफ स्थित वशिष्ठ नगर कॉलोनी में पुलिस ने बुधवार को एक गैराज से शराब जब्त की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में दो लग्जरी कारों से 350 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। जब्त की गई कारों में एक दिल्ली नंबर डीएल4सीएनई/7988 की इनोवा है। दूसरी बिहार नंबर बीआर01ईटी/8019की कार है। बरामद शराब की कीमत लगभग 4 लाख रुपए आंकी गई है।

फुलवारी शरीफ थाना प्रभारी गुलाम शाहबाज अहमद के अनुसार पुलिस कारों के मालिक की पहचान कर रही है। शराब कहां से लाई गई और किसे सप्लाई की जानी थी, इसकी जांच चल रही है। पुलिस



आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

**दोनों गाड़ियों से 350 लीटर विदेशी शराब बरामद**

फुलवारी शरीफ थाना प्रभारी गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि हरिणी चक गांव स्थित विशिष्ट कॉलोनी में एक गेराज में दो लग्जरी कार जिसमें एक इनोवा एवं एक अन्य कर लगी थी। किसी व्यक्ति द्वारा यह सूचना दी गई की गैराज में लगी कर में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब रखी गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा एक टीम गठन कर मौके पर सूचना सत्यापन के लिए पुलिस को भेजा गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दो गाड़ियों को शराब होने के शक पर जब्त कर थाना लाई और जब गाड़ी की डिक्की खोली गई तो दोनों गाड़ियों से कुल मिलाकर 350 लीटर के आसपास अंग्रेजी शराब की बोतल जप्त की गई। पूछताछ के क्रम में उन्होंने बताया कि जब्त किए गए शराब की कीमत 4 लाख से अधिक की हो सकती है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस गैराज के आसपास के सीसीटीवी कैमरा को भी खंगालने में लगी है ताकि यह पता चल सके की गाड़ी कब और किसके द्वारा वाहन लगाई गई है। अब पुलिस या फिर पता लगाने में जुटी है कि जब्त की गई गाड़ियां किसकी है।

# बॉयफ्रेंड को फंसाने के लिए पुलिस को घुमाया 6 दिन

## बेटी का मुस्लिम लड़के से अफेयर, परिजन ने झूठा अपहरण का किया केस; युवती गोपालगंज से बरामद

**गया, एजेंसी।** गयाजी में बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार कराने के लिए परिजन ने बेटी के अपहरण का झूठा केस किया। पुलिस को 6 दिन तक गुमराह किया। पुलिस को शक न हो इसलिए विरोध जताने के लिए 16 अगस्त को सड़क जाम भी किया।

लड़की के परिजन ने बेटी के बॉयफ्रेंड और उसके दोस्त को आरोपी भी बनाया। पुलिस के डर के कारण दोनों ने सरेंडर कर दिया, पर कोई सबूत हाथ नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस ने 300 कॉल डिटेल, सीसीटीवी और तकनीकी आधार पर जांच की तो पता चला लड़की का अपहरण नहीं हुआ है। सीसीटीवी में लड़की घर से अकेली कहीं जाते देखी गई।

जांच के दौरान लड़की का नंबर भी मिला। जिसे ट्रैक करने पुलिस 270 किमी दूर गोपालगंज पहुंची और लड़की को बरामद किया। जिसके बाद दोनों आरोपी निर्दोष पाए गए।

युवती ने पुलिस को बताया कि मैं मुस्लिम लड़के से प्यार करती थी। परिवार वाले नहीं



चाहते थे कि मैं उससे बात करूं। 14 अगस्त को मेरा घर पर परिवार वालों से झगड़ा हुआ था। शाम में घर छोड़कर निकल गई थी। ये जानकारी इमामगंज अनुमंडल पुलिस अधिकारी कमलेश कुमार पीसी कर दी।

अनुमंडल पुलिस अधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि मामले में आरती कुमारी (25) के परिजन ने 14 अगस्त को थाने में आवेदन दिया था। 15 अगस्त को पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली थी। उसके बाद से पुलिस अपनी जांच में जुट गई थी। परिजन ने सद्दाम मियां और पहलवान मियां का आरोपी बनाया था।

पुलिस इनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। 24 घंटे के अंदर सद्दाम मियां (प्रेमी) ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कुछ ही देर में पहलवान मियां ने भी सरेंडर किया, पर इनसे कोई इनपुट हाथ नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस ने दूसरे एंगल से जांच शुरू की।

शक के आधार पर एक टनकबार निवासी सूरज पासवान को हिरासत में लिया, कड़ी पूछताछ के बाद भी सूरज पासवान ने अपहरण मामले में अपनी संलिप्तता को अस्वीकार किया। जिसके बाद पुलिस को आरती के परिजन पर शक हुआ। इसी बीच पुलिस को एक नई जानकारी मिली। पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए आरती कुमारी को सही सलामत जाते हुए देखा। पुलिस ने यह तय कर लिया कि आरती कुमारी सही सलामत और जीवित है। पुलिस के अनुसार परिजन ने बयान दिया था कि आरती के पास कोई मोबाइल नहीं है। वो अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ गई है, पर जब पुलिस को पता चला कि आरती के पास मोबाइल है तो पुलिस ने उस नंबर को ट्रैक किया। आरती के बरामदगी के बाद पुलिस को पता चला कि अपहरण का आरोप झूठा है। आरती पहले किराना और श्रंगार की दुकान पर काम कर चुकी है। आरती कुमारी ही घर चला रही थी। जांच में ये भी पता चला कि आरती के घर से जाने की बात उसकी मां को पता थी। आरती घर के दबाव के कारण पटना और गोपालगंज में दूसरे रोजगार की तलाश कर रही थी। डीएसपी कमलेश कुमार ने बताया कि जिसने भी पुलिस को गुमराह कर कार्रवाई में बाधा डालने और क्षेत्र में अशांति फैलाने, सड़क जाम करने के उद्देश्य से घृणित मानसिकता फैलाई गई है। वैसे लोगों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में किसी कांड को लेकर सड़क जाम करने और पुलिस को भ्रामक खबर देकर गुमराह करने वाले दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसी भी घटना को सांप्रदायिक माहौल से जोड़कर न देखने की अपील करते हुए कहा है कि गलत करने वाले चाहे किसी भी धर्म, जाति, वर्ग और समुदाय के हों अगर वह दोषी पाए जाते हैं तो उन पर विधि सम्मत उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद मनीष जायसवाल के आध्यामिक प्रयास को मिला पुरजोर समर्थन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा शुरू किए गए महत्वाकांक्षी "सांसद तीर्थ दर्शन" महाअभियान के तहत तीर्थयात्रियों का ग्यारहवां जत्था गुरुवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगड्डा मैदान से धूमधाम से रवाना हुआ। मौसम खराब होने और भारी बारिश के बावजूद सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास को जबरदस्त समर्थन मिला और यहां आस्था का विशाल जन सैलाब उमड़ा। लोगों ने बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ तीर्थ यात्रियों के रवानगी के अवसर पर उनके साथ कदमताल करते हुए भक्तिभाव से गांव में पदयात्रा निकाला और स्थानीय मंदिरों में आशीर्वाद लेकर तीर्थ यात्रियों के कुशलता की कामना के साथ उन्हें चार धाम यात्रा के लिए रवाना किया। इस यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में भी जबरदस्त उत्साह देखा गया। बरगड्डा स्थित राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण से शुरू हुई इस पावन यात्रा को सांसद मनीष जायसवाल के सुपुत्र करण जायसवाल, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नु गोप, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ़ खोखा सिंह, भाजपा नेता जुगनू सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, बीजेपी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा, भाजपा महिला नेत्री सत्यभामा, सांसद कार्यालय प्रभारी विजय वर्मा, भाजपा नेता शिवपाल यादव सहित कई स्थानीय गणमान्य भाजपा नेताओं ने पुष्प वर्षा करके रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नु गोप, पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, जिल मंत्री रीतलाल यादव, कटकमसांडी पूर्वी बीजेपी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, कटकमसांडी पश्चिमी बीजेपी





मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, मुखिया आदित्य दांगी, मुखिया नारायण साव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, प्रखंड उपाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार बीरू, महामंत्री अरविंद यादव, भाजपा उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मेहता, पूर्व जिला परिषद सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता, मुखिया प्रतिनिधि हलधर यादव, पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दीपक मेहता, महामंत्री राकेश कुमार सिंह,पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद, पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता, भाजपा के वरिष्ट कार्यकर्ता महावीर सिंह, मिथलेश सिंह, बीरेंद्र ओझा, विजुल देवी,घनश्याम यादव,नरेश पासवान, शंकर यादव, निर्मल साव,दुर्जोय प्रसाद, दिनेश्वर यादव, प्रमोद मेहता, रामू राम,विकाश मेहता, बैजनाथ यादव,लेखराज यादव, अनुराग मित्तल उर्फ सीकु,गोविंद यादव, सरोज सिंह,अनिल यादव,सुंदर राम, सिकंदर यादव, सहित दर्जनों गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर तीर्थयात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें चार धाम वाराणसी, विंध्याचल, प्रयागराज और अयोध्या दर्शन के लिए विदा किया।

**भक्ति और उत्साह का दिखा अदभुत संगम**

भक्तिभाव में लीन सभी यात्रियों ने सांसद मनीष जायसवाल के इस अनूठे प्रयास की तहे दिल से सराहना की और आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने ढोल-तासे और डीजे के साथ पुष्प-वर्षा कर यात्रियों को यात्रा के लिए शगुन करके रवाना किया, जिससे एक उत्सव का माहौल बन गया। यूथ विंग हजारीबाग की द्वारा यात्रा में जाने वाले सभी तीर्थ यात्रियों को अल्पाहार के साथ एक कपड़े के थैले में फल और पानी बोतल उपलब्ध कराया गया साथ ही सभी को अंग-वस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान यूथ विंग संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जयसवाल, सचिव रितेश खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष विकास तिवारी, संस्था के मार्गदर्शक संजय कुमार,जय प्रकाश खण्डेलवाल, विकाश केशरी,डॉक्टर बी वेंकटेश, कार्यकारिणी सदस्य प्रणीत जैन, विवेक तिवारी, अजीत चंद्रवंशी एवं उदित तिवारी यहां मौजूद रहें।

**ग्यारहवां जत्थे में 65 तीर्थयात्री हैं शामिल**

ग्यारहवां जत्थे में ग्राम पंचायत बरगड्डा के कुल 65 तीर्थयात्री शामिल हुए, जिनमें 60 तीर्थयात्री और 5 स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता हैं। ये सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों वाराणसी, प्रयागराज (संगम), अयोध्या और विंध्याचल के दर्शन के लिए प्रस्थान किए हैं।

**"सांसद तीर्थ दर्शन" महाअभियानः** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरगड्डा से इस यात्रा का "श्री गणेश" करते हुए सांसद मनीष जायसवाल के सुपुत्र करण जायसवाल ने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस दौरान कहा कि भारत में तीर्थयात्रा का एक लंबा और समृद्ध इतिहास रहा है और सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्रवासियों के हित में इसे संजोने का प्रयास किया है। उनका मानना है कि इससे जरूरतमंद लोगों का तीर्थाटन का सपना साकार होगा और साथ ही हमारी सामाजिक व सांस्कृतिक एकता भी मजबूत होगी। जिला अध्यक्ष टुन्नु गोप ने भी सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास की स्वतंत्रता से प्रशंसा की और कहा कि मनीष जायसवाल ने एक जनप्रतिनिधि के रूप में जो बीड़ा उठाई है वह सामाजिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र के लिए धरोहर साबित होगा।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पलटा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के भगहर जंगल में अवैध बालू से भरा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक सुरक्षित बच निकला, लेकिन वाहन को वहीं छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि चौपारण क्षेत्र में प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू ढोते हैं। ऐसे हादसे आम हो गए हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) के स्पष्ट निर्देश के बावजूद बालू माफियाओं पर अंकुश नहीं लग सका है। कागज़ी कार्यवाही के बावजूद जमीनी हालात जस के तस हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बालू तस्करी और अवैध कारोबार पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं और पर्यावरणीय क्षति को रोका जा सके।

## दनुआ घाटी में ट्रक हादसे से जीटी रोड जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चौपारण (हजारीबाग)।** बुधवार की रात प्रखंड के जीटी रोड दनुआ घाटी में एक ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे सुरक्षित बताया।

## खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में अवैध खनन के विरुद्ध संचालित अभियान एवं की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिले के विभिन्न चेक पोस्टों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा चेक पोस्टों को सतत रूप से क्रियाशील एवं प्रभावी बनाए रखने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सदर एवं बरही अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को प्रत्येक माह में अपने स्तर पर खनन टास्क फोर्स की बैठक आहूत कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा



अवगत कराया गया कि जुलाई 2025 में अवैध खनन के विरुद्ध कुल नौ प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं जिला खनन कार्यालय द्वारा कुल एक मामले में कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को जब्त किया गया है, जिनमें बालू लदे एक वाहन तथा स्टोन चिप्स लदे एक वाहन सम्मिलित हैं। इस पर प्राथमिकी दर्ज की गई तथा वाहनों से 0.15 लाख रुपये जुर्माना राशि वसूली की गई है। पश्चिमी वन प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा भी अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल तीन वाद दर्ज किए गए हैं, जिनमें कुल नौ अभियुक्तों को नामजद किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, हजारीबाग विभाग द्वारा पांच मामलों पर कार्रवाई की गई है तथा कुल पांच क्रशरों की जांच की गई है। जिला परिवहन विभाग द्वारा भी अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए विभिन्न मदों में कुल 1,58,500 का दंड वसूला गया है। साथ ही 40 वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए हैं। केरेडारी अंचल में बालू लदे तीन वाहन जब्त किए गए एवं एक पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। चौपारण अंचल में बालू लदे पांच वाहन जब्त किए गए एवं दो पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। बरही अंचल में कोयला लदे दो वाहन जब्त एवं एक पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। बड़कागांव अंचल में बालू लदे सात वाहन जब्त एवं दो पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध खनन के विरुद्ध नियमित रूप से छापेमारी करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त के अलावे डीएफओ पूर्वी एवं पश्चिमी वन प्रमंडल, बरही अनुमंडल पदाधिकारी, डीएसपी, जिला खनन पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## आरोग्यम नर्सिंग कॉलेज में स्तनपान सप्ताह का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** आरोग्यम नर्सिंग कॉलेज में स्तनपान सप्ताह का आयोजन बड़े ही भव्य तरीके से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित कई विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान स्तनपान के महत्व और मातृ–शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य अतिथि हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में कहा कि स्तनपान सप्ताह जैसे आयोजन मातृ–शिशु स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि स्तनपान से न केवल शिशु का संपूर्ण विकास होता है बल्कि माताओं का स्वास्थ्य भी



बेहतर रहता है। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने भी जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और नाटिका एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्तनपान के महत्व को रेखांकित किया।

## पुरुष हॉकी हीरो एशिया कप-2025 की ट्रॉफी गौरव यात्रा जहानाबाद पहुंची

### गांधी मैदान में जिलाधिकारी के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पुरुष हॉकी हीरो एशिया कप-2025 की ट्रॉफी गौरव यात्रा जहानाबाद पहुंची। इस अवसर पर गांधी मैदान में जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय, उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने ट्रॉफी का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान ट्रॉफी के साथ आए विशिष्ट दल तथा जिले के खिलाड़ियों ने हॉकी स्टिक से बॉल पास कर हॉकी खेल को बढ़ावा देने के साथ टीम भावना का परिचय दिया। बताया गया कि खेल विभाग, बिहार सरकार एवं






बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के संयुक्त तत्वाधान में पुरुष हॉकी हीरो एशिया कप-2025 का आयोजन आगामी 29 अगस्त से 7 सितंबर तक नालंदा के राजगीर स्थित राज्य खेल अकादमी में किया जाएगा। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एशिया की प्रमुख टीमें हिस्सा लेंगी। राज्य सरकार द्वारा खेल संस्कृति को मजबूत करने और युवाओं को खेल के प्रति आकर्षित करने के उद्देश्य से यह ट्रॉफी गौरव यात्रा राज्य के सभी 38 जिलों से होकर गुजर रही है। जहानाबाद में ट्रॉफी आगमन पर विशेष उत्साह देखा गया। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने कहा कि हॉकी हमारे देश का राष्ट्रीय खेल है और यह गर्व की बात है कि बिहार में इस तरह का अंतर्राष्ट्रीय आयोजन हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ट्रॉफी गौरव यात्रा से जहानाबाद जिले के युवाओं में भी नई ऊर्जा का संचार होगा और वे खेल की ओर अधिक प्रेरित होंगे। उन्होंने इस दौरान विश्वास जताया कि जहानाबाद के खिलाड़ी भी भविष्य में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा

## आज प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बिहार को मिल सकती है 16 केंद्रीय विद्यालयों की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** आज प्रधानमंत्री के गया जी में आयोजित होने वाले सभा के दौरान बिहार में 16 अलग-अलग स्थानों पर केंद्रीय विद्यालय के स्थापना की घोषणा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बताया जाता है कि इसके लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से स्थल चयन के साथ-साथ भूमि का प्रस्ताव तथा तत्काल विद्यालय के संचालन की प्रक्रिया अस्थाई रूप से किए जाने की व्यवस्था पहले ही कर ली गई है। कई ऐसे नए जिले जहां पर जिला के सृजन होने के बाद भी केंद्रीय विद्यालय की स्थापना नहीं की जा सकी है ऐसे जिलों को भी केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिलेगी।

इस संबंध में बताया जाता है कि अरवल जिले के करपी प्रखंड में परियारी मौजा में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना किया जाना है। यहां पर अरवल के जिलाधिकारी कुमार गौरव ने 5 एकड़ भूमि हस्तांतरण करने का प्रस्ताव केंद्रीय शिक्षा विभाग को पहले ही दे दिया है। सूत्रों के अनुसार इसी सत्र में नए विद्यालय की स्थापना के साथ कक्षा संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। तात्कालिक रूप से विद्यालय के संचालन के लिए अस्थाई रूप से अरवल जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शांतिपूरम बाजार स्थित बुनियादी विद्यालय के परिसर में केंद्रीय विद्यालय का संचालन किया जाएगा। वहीं जहां नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की जानी है उसमें पटना, सासाराम, नालंदा जिले के बिहार शरीफ एवं नालंदा विश्वविद्यालय परिसर, राजगीर, हाजीपुर, मधेपुरा बोधगया सहित 16 जगह पर केंद्रीय विद्यालय की मंजूरी जल्द ही मिलेगी। इस संबंध में केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से केंद्रीय शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है जिसे इसी सत्र में मंजूरी मिलने की बात बताई जा रही है। देखा जाए तो बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले इतने बड़े स्तर पर केंद्रीय विद्यालय स्थापित होना बिहार के लिए एक गौरव का विषय होगा। यहां केंद्रीय विद्यालय की स्थापना सिविल स्तर पर की जाएगी जिसमें

## पूर्व नक्सली सहित मास्टरमाइंड जहानाबाद से गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** गया जिले के बेला बाजार में कुछ दिन पूर्व हुए एक जेवर दुकान में लाखों रुपये की जेवर की चोरी हुई थी। जिसमे उसका मास्टरमाइंड जहानाबाद जिले के विसुनगंज थाना क्षेत्र के खसखोरी गांव निवासी सकती पासवान, बेला गांव से सोहित पासवान, बिर्रा गांव से रिशु जो इस पूरे लूट का मास्टरमाइंड भी बताया जा रहा है। वही पूरे मामले में विसुनगंज थाने की पुलिस के सहयोग से सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ साथ चोरी और लूट में इस्तेमाल किये जाने वाले गाड़ी को भी पुलिस ने बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने पूर्व नक्सली को भी इसी मामले में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विसुनगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार लोगो में खसखोरी गांव निवासी शक्ति पासवान की भी गिरफ्तारी हुई है। जो पूर्व में नक्सली गतिविधियों में भी संलग्न रह चुका है। उन्होंने बताया कि इसके विरुद्ध थाना कांड संख्या 7/2020 दर्ज किया गया था जिसमे शक्ति पासवान टेम्पू पर देसी कट्टा, कार्बाइन, लगभग 50 राउंड गोली, नक्सलियों की पर्ची लेकर जा रहा था। जिसमे पुलिस ने घेराबंदी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। वही शक्ति पासवान उस समय मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी लोगों का अपराधिक इतिहास है। वही शक्ति पासवान के विरुद्ध कई मुकदमे दर्ज हैं।

## बाउंड्री वॉल गिराने को ले मारपीट

**दाउदनगर/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दाउदनगर शहर के वार्ड नं-चार स्थित पुरानी शहर मोहल्ला में बाउंड्री वॉल गिराने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दंपती समेत अन्य लोग घायल हो गए। घायल में इसी मोहल्ला निवासी राजू चौधरी और उनकी पत्नी सरिता देवी शामिल है। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों को इलाज के लिए दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल लाया गया। डयूटी पर रहे चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल राजू चौधरी ने बताया कि घर के पास ही उसने 10 वर्ष पहले अपनी जमीन में मकान बनाने के बाद बाउंड्री वॉल खड़ा किया था। गुरुवार को अचानक पड़ोसी वहां पहुंचा और बिना किसी को सूचना दिए दीवार गिरा दी। जब राजू चौधरी को दीवार गिरने की जानकारी मिली तो वह अपने घर पहुंचा और पटीदार से दीवार गिराने का कारण पूछा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ लिया। बताया कि दीवार गिरने के बाद जब मैं थाना में शिकायत करने जा रहा था तो पटीदारों ने ईंट-पत्थर व डंडे से मारपीट कर मुझे और मेरी पत्नी को घायल कर दिया। इधर दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना मिली है परंतु घायलों द्वारा अभी तक किसी भी तरह की लिखित आवेदन थाने में नहीं दी गई है। आवेदन या फर्द बयान मिलने के बाद मामले में प्राथमिकी कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बिहार फोटोग्राफी एसोसिएशन की कार्यशाला संपन्न, फोटो फेयर 2025 का पोस्टर जारी





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार फोटोग्राफी एसोसिएशन की जिला कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को जहानाबाद के एक निजी उत्सव हॉल में भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलेभर से बड़ी संख्या में फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम प्रकाश, महासचिव गणेश कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार उर्फ बाबा, सोनी मैटर मनीष अग्रवाल, सोनी बिहार-झारखंड के टेक्निकल हेड अमित कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी शिल्पी कुमारी और सहायक श्वेता कुमारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में फोटोग्राफी की आधुनिक तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रसिद्ध कलाकार श्वेता पांडेय के साथ मॉडल शूट का लाइव प्रैक्टिकल सेशन भी कराया गया, जिसमें फोटोग्राफरों ने नए तकनीकी अनुभव प्राप्त किए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष विकास कुमार, सचिव पप्पू कुमार, उपाध्यक्ष विकास कुमार, कोषाध्यक्ष मोनू कुमार, मीडिया प्रभारी अनुज कुमार एवं कोर कमेटी सदस्य योगेंद्र, प्रदीप, धीरज, सागर, श्याम सुंदर और राहुल का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर फोटो फेयर 2025 का पोस्टर भी लॉन्च किया गया। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि आगामी 13 से 15 अक्टूबर तक पटना के ज्ञान भवन में राष्ट्रीय स्तर पर फोटोग्राफरों का सम्मेलन होगा। इसमें देशभर के फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर शामिल होंगे। जिला सचिव पप्पू कुमार ने अपील की कि सभी फोटोग्राफर इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि यह आयोजन वेडिंग इंडस्ट्री का महाकुंभ साबित होगा, जहां एक ही छत के नीचे नई तकनीक और अनुभव साझा किए जाएंगे।

## पौथू उप डाकघर की अनियमितताओं पर भड़के ग्रामीण, पीएमजी को भेजा आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पौथु उप डाकघर में व्याप्त अव्यवस्थाओं और लापरवाही को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। दर्जनों ग्रामीणों ने मुखिया डिम्पल कुमारी के नेतृत्व में चीफ पोस्टमास्टर जनरल, पटना को आवेदन भेजा है। आवेदन में कहा गया है कि डाकघर में खाता खोलने और लेन-देन की प्रक्रिया पूरी तरह बाधित है। ग्रामीणों का आरोप है कि पोस्टमास्टर अक्सर लिंक न रहने का बहाना बनाते हैं, जिससे खाता खोलने में हफ्तों लग जाते हैं। कई लोग तो परेशान होकर अपना आवेदन ही वापस ले लेते हैं। वहीं जिनका खाता खुला है, उनका तीन वर्षों से हस्ताक्षर स्कैन नहीं हुआ है। इसके चलते लिंक फेल रहने पर पैसा निकासी संभव नहीं हो पाता। ग्रामीणों ने बताया कि 30 जुलाई से 14 अगस्त तक डाकघर में न तो कोई निकासी हुई और न ही कोई जमा। पोस्टमास्टर की उपस्थिति पर भी सवाल उठाए गए हैं, कहा गया कि वे अक्सर देर से आते और जल्दी चले जाते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि यहां किसी अनुभवी पोस्टमास्टर की नियुक्ति की जाए, ताकि आम जनता को बैंकिंग सेवाएं समय पर मिल सकें। इस संदर्भ में जब पोस्टमास्टर हिमांशु शेखर से मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब देने से परहेज किया।

## शिवदयाल प्रसाद बने व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी पद पर रफीगंज निवासी शिवदयाल प्रसाद गुप्ता की मनोनयन की घोषणा होते ही स्थानीय कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से स्वागत कर बधाई दी। श्री गुप्ता ने कहा कि उन्हें यह दायित्व पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया एवं प्रदेश संयोजक राजीव रंजन उर्फ राजू गुप्ता के विश्वास के आधार पर सौंपा गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी की नीतियों को धरातल तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, भादवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, सुबोध कुमार सिंह, शुभम सिंह समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रक्तदान जीवन का सर्वोत्तम परोपकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां(पटना)।** दनियावां, खुशरूपुर और फतुहा के प्रेम यूथ फाउंडेशन से जुड़े स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। फाउंडेशन के स्वयंसेवक जित्तू मोनी ने बताया कि रक्तदान जीवन का सर्वोत्तम उपहार है। रक्तदान करने से व्यक्ति स्वस्थ्य रहता है साथ ही ब्लड सेल बनने की प्रक्रिया में तेजी आती है। कोई भी 18 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग का व्यक्ति स्वैच्छिक रक्तदान कर सकता है बशर्ते जिसका वजन 50 किलो एवं हीमोग्लोबिन लेवल 13 हो। रक्तदान करने से दर्जनों रोगों से बचा जा सकता है।

## ई-केवाईसी नहीं कराने पर गैस सब्सिडी से वंचित होंगे उपभोक्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सरकार के सख्त निर्देशों के तहत अब गैस उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। रफीगंज कारगिल गैस एजेंसी के संचालक शिवदयाल प्रसाद गुप्ता एवं बाला जी गैस एजेंसी के प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि बिना ई-केवाईसी उपभोक्ताओं को सब्सिडी का लाभ नहीं मिलेगा। एजेंसी संचालकों ने कहा कि अब प्रत्येक उपभोक्ता को गैस की डिलीवरी केवल ओटीपी सत्यापन के बाद ही मिलेगी। उपभोक्ता को पंजीकृत मोबाइल नंबर से 9493602222 पर मिस कॉल कर ओटीपी प्राप्त करना होगा और गैस भेंडर को देना होगा। अन्यथा गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि थाना गली और बाबूगंज इलाके में उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया है तथा वहीं पर ई-केवाईसी प्रक्रिया भी संपन्न कराई गई है। एजेंसी प्रबंधन ने सभी ग्राहकों से अपील की है कि समय पर एजेंसी पहुंचकर ई-केवाईसी अवश्य कराएं, ताकि सब्सिडी एवं अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे।

# मासूम की हत्या कर शव कुएं में फेंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित कैथमा वार्ड 19 में दो वर्षीय मासूम के अपहरण व हत्या का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मुफस्सिल पुलिस ने ग्रामीणों की निशानदेही पर बुधवार की देर रात गांव के एक कुंआ से कैथमा निवासी रूपेश यादव की दो वषीर्या पुत्री हर्षिता कुमारी का शव बरामद किया है। पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतका के चाचा अरविंद यादव, चाची बेबी देवी व अरविंद यादव के पुत्र मंतोष कुमार व प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है। शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार रूपेश यादव इरान में नौकरी करते हैं और गांव में उनकी पत्नी इकलौती संतान हर्षिता के साथ अकेली रहती है। बीते 19 अगस्त की शाम हर्षिता खेलते-खेलते ही गायब हो गई थी। स्वजनों ने खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। गांव से बच्चा गुम होने के बाद सगी चाची पर संदेह व्यक्त किया गया लेकिन इसके बाद भी बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला।

बुधवार की देर शाम गांव के कुंआ में बच्ची का शव उपलाता देख ग्रामीण जुटे और पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार रूपेश यादव खाड़ी

▶ चाचा-चाची को पुलिस ने लिया हिरासत में, पूछताछ

▶ 19 अगस्त को खेलने के दौरान हुई थी गायब

देश में अच्छी कमाई कर रहे हैं जिससे चाची को ईष्या थी और संपत्ति के लालच में मासूम का अपहरण कर हत्या की गई। इस संबंध में एसपी मनीष ने बताया कि प्रथमदृष्यता बच्ची की हत्या का शव फेंके जाने की बात बताई जा रही है। सदर डीएसपी वन आनंद पांडे के नेतृत्व में मुफस्सिल पुलिस टीम ने महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस जांच व आरोपित चाची बेबी देवी के घर की तलाशी में पुलिस को बच्ची का मल लगा बोरा मिला है। आशंका है कि चाची ने बच्ची को अपहृत कर पहले अपने घर में बोरे में बंद कर रखा और गांव में हल्ला होने और दबाव बढने पर बच्ची की हत्या का शव को कुंआ में फेंक दिया गया। मासूम के अपहरण व हत्या की वारदाता से गांव में सनसनी मची है।

# प्रेम प्रसंग में युवती को 90 लाख का चूना लगा प्रेमी फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती को प्रेम संबंध में फंसाकर युवक ने घर में रखे 90 लाख के जेवरों से भरे बैग के साथ भगा लिया। इसके बाद उस युवती से जेवर का बैग लेकर उसे छपरा स्टेशन पर छोड़कर प्रेमी फरार हो गया।

प्रेमी ने उक्त गहने को फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखकर लोन उठा लिया। मामले में पीड़ित युवती की मां ने नगर थाने में प्राथमिकी कराई है। इसमें दर्जी टोला निवासी आकिब हाशमी को नामजद आरोपित किया है।

नगर थानाध्यक्ष शरत कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। इसकी जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपित के पिता को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ कर आरोपित की तलाश की जा रही है। प्राथमिकी में महिला ने कहा कि वह अपनी दो बेटियों की शादी के लिए उक्त जेवर घर में रखी थी। दो वर्ष पूर्व मिठनपुरा के एक कालेज में पढ़ाई के दौरान उनकी एक पुत्री का आरोपित से परिचय हुआ।

आरोपित ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर शादी का वादा किया। एक सप्ताह पूर्व पुत्री घर से मुशहरी के एक कालेज के लिए निकली। इस दौरान आरोपित के बहकावे में आकर घर से जेवर वाला बैग भी अपने साथ ले गई।

बिलंब तक पुत्री के घर नहीं लौटने पर स्वजन चितिंत हो गए। करीब सात बजे पुत्री ने रोते-रोते फोन पर बताया कि वह छपरा जंक्शन पर है। आरोपित ने उसे यहां पर बैठाकर उसके जेवरों से भरा बैग ले गया है। वह मां से खुद को ले जाने को कहा। इसके बाद उन्होंने अपनी कार से जाकर पुत्री को छपरा जंक्शन से लाई। वहां से पुत्री को लाने पर पता चला कि उक्त बैग में ही उनके साथ दोनों पुत्रियों की शादी के लिए जेवर थे। वह सभी आरोपित ले गया है।

# यात्रियों की सुविधा को ले चलायी जा रही चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनें



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनके सुविधाजनक आवागमन हेतु चलायी जा रही 04 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अविध में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। बख्तियारपुर-झाझा-आसनसोल-भुवनेश्वर के रास्ते चलायी जा रही गाड़ी सं. 06085 एरणाकुलम-पटना स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे एरणाकुलम से 29.08.2025 से 28.11.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को चलायी जाएगी। इसी तरह गाड़ी सं. 06086 पटना-एरणाकुलम स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे पटना से 01.09.2025 से 01.12.2025 तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जाएगी ।

जबकि समस्तीपुर-बरौनी-मोकामा-पटना-डीडीयू के रास्ते चलायी जा रही गाड़ी सं. 06211 मैसूर-दरभंगा स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे मैसूर से 02.09.2025 से 23.12.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को चलायी जाएगी तथा गाड़ी सं. 06212 दरभंगा-मैसूर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे दरभंगा से 06.09.2025 से 27.12.2025 तक प्रत्येक शनिवार को चलायी जाएगीं।

इसी तरह पाटलिपुत्र-दानापुर-डीडीयू के रास्ते चलायी जा रही गाड़ी सं. 07315 हुब्बल्लि-मुजफ्फरपुर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे हुब्बल्लि से 01.09.2025 से 22.12.2025 तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जाएगी। जबकि गाड़ी सं. 07316 मुजफ्फरपुर-हुब्बल्लि स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे मुजफ्फरपुर से 04.09.2025 से 25.12.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 07311 वास्को द गामा-मुजफ्फरपुर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे वास्को द गामा से 08.09.2025 से 22.12.2025 तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जाएगी तथा गाड़ी सं. 07312 मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे मुजफ्फरपुर से 11.09.2025 से 25.12.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को चलायी जाएगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने विज्ञप्ति जारी कर दी।

# बरौनी तथा धनबाद से कोयम्बत्तूर के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में और बरौनी और धनबाद से कोयम्बत्तूर के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 06063/06064 कोयम्बत्तूर-धनबाद-कोयम्बत्तूर स्पेशल (रांची-राउरकेला- सम्बलपुर-काटपाडी के रास्ते): गाड़ी संख्या 06063 कोयम्बत्तूर-धनबाद स्पेशल 05.09.2025 से 28.11.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को कोयंबटूर से 11.50 बजे खुलकर रविवार को 08.30 बजे धनबाद पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 06064 धनबाद-कोयम्बत्तूर स्पेशल 08.09.2025 से 01.12.2025 तक प्रत्येक सोमवार को धनबाद से 06.00 बजे खुलकर बुधवार को 03.45 बजे कोयम्बत्तूर पहुंचेगी । इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 15, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 एवं द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 होंगे । जबकि गाड़ी संख्या 06055/06056 पोत्तनूर-बरौनी-पोत्तनूर (कोयम्बत्तूर) स्पेशल (किउल-झाझा- चितरंजन-धनबाद-रांची-राउरके ला-सम्बलपुर-काटपाडी के रास्ते): गाड़ी संख्या 06055 पोत्तनूर-बरौनी स्पेशल 06.09.2025 से 29.11.2025 तक प्रत्येक शनिवार को पोत्तनूर (कोयंबटूर) से 11.50 बजे खुलकर सोमवार को 07.05 बजे धनबाद रूकते हुए 14.30 बजे बरौनी पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 06056 बरौनी-पोत्तनूर स्पेशल 09.09.2025 से 02.12.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को बरौनी से 23.45 बजे खुलकर बुधवार को 05.50 बजे धनबाद रूकते हुए शुक्रवार को 03.45 बजे पोत्तनूर पहुंचेगी । इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 17, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03 एवं द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 होंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी।

# चयन में अनियमितता को ले डीपीओ सस्पेंड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले में आईसीडीएस की डीपीओ रश्मि सिन्हा को सेविका चयन में गड़बड़ी करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित (सस्पेंड) कर दिया गया है।

इसे लेकर समाज कल्याण विभाग के द्वारा आदेश भेजे जाने के बाद गुरुवार की सुबह जिला मुख्यालय समेत इससे जुड़े सभी कार्यालय में हड़कंप मच गया।

सरकार के संयुक्त सचिव योगेश कुमार सागर के द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार, वर्ष 2023 में डीपीओ रश्मि सिन्हा नालंदा जिले में इसी पद पर तैनात थी। इस दौरान नालंदा जिले के प्रखंड एकंगरसराय, पंचायत-पार्थ, ग्राम- कंजास के वार्ड संख्या चार में आंगनबाड़ी सेविका चयन की प्रक्रिया चल रही थी।

इस मामले में उनके खिलाफ शिकायत मिलने के बाद जांच की गई जांच में उनके द्वारा की गई लापरवाही

**वर्ष 2023 में नालंदा जिले में हुई थी घालमेल**

और गड़बड़ी सामने आने के बाद इस मामले में यह कार्रवाई की गई है। इस मामले में उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने के लिए विरेन्द्र कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग को नियुक्त किया गया था।

संचालन पदाधिकारी ने नौ आरोपों में से आरोप संख्या तीन को आंशिक रूप से प्रमाणित एवं शेष को अप्रमाणित पाया गया। आंशिक रूप से प्रमाणित आरोपों के संबंध में आरोपित पदाधिकारी से लिखित अभ्यावेदन की मांग की गई। जिसके आलोक में आरोपित पदाधिकारी ने लिखित अभ्यावेदन विभाग को समर्पित किया गया।

जिसके समीक्षोपरांत यह पाया गया कि सेविका/सहायिका के चयन मार्गदर्शिका, 2016 की कंडिका-12 का स्पष्ट रूप से रश्मि सिन्हा के द्वारा उल्लंघन किया गया है।

वहीं, परिवादी के परिवाद पर लगभग एक वर्ष से अधिक समय तक कोई कार्रवाई नहीं की गई एवं एक वर्ष के उपरांत बिना तथ्यों की पूरी जांच एवं दोनों पक्षों की सुनवाई किए बगैर अपना आदेश पारित किया गया, जो स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता एवं पद का दुरूपयोग तथा मार्गदर्शिका-2016 के नियम-12 के प्रावधानों का उल्लंघन है।

जिसके लिए अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा डीपीओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया गया। निलंबन अवधि में केवल जीवन निर्वाह भत्ता देने के साथ निलंबन अवधि का मुख्यालय कोशी प्रमंडल सहरसा निर्धारित करने के साथ पुनः विभागीय कार्यवाही संचालित करने के संबंध में अलग से निर्णय लिया जाएगा।

## आवासीय प्रमाण पत्र में डाली पीएम की तस्वीर

**बेगूसराय।** अब निवास प्रमाणपत्र बनाने को दिए गए आवेदन में नया फजीर्वाड़ा सामने आया है। एक व्यक्ति ने स्वयं का नाम व पता देकर ऑनलाइन आवेदन किया, परंतु तस्वीर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपलोड कर दी। मामला पकड़ में आने के बाद चेरिया बरियारपुर अंचल की कार्यपालक सहायक पल्लवी कुमारी ने आवेदक पबड़ा निवासी शिवराज कुमार पर सुसंगत धारा में मंझौल थाना में प्राथमिकी कराई है।

थाना अध्यक्ष फैसल अहमद अंसारी ने बताया कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार किया जाएगा। प्राथमिकी में उल्लेख है कि आवेदक शिवराज कुमार, पिता सुभाष कुमार, ग्राम- पबड़ा, वार्ड नंबर- 01, थाना-चेरिया बरियारपुर ने गत सात जुलाई को यह ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदक ने निवास प्रमाणपत्र बनाने के लिए शपथ पत्र भी दिया है कि यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य/गलत पाई जाती है तो विधि एवं नियमों के अधीन मेरे विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई के लिए मैं स्वयं उत्तरदायी रहूंगा। मामले की जांच पबड़ा के राजस्व कर्मचारी राकेश साह एवं पल्लवी भारती ने की है।

# बक्सर थर्मल पावर परियोजना से उत्पादन शुरू

**आज पीएम करेंगे जनता को समर्पित**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर जिले के चौसा में निमार्णाधीन 1320 मेगावाट की बक्सर थर्मल पावर परियोजना की पहली 660 मेगावाट इकाई का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गयाजी से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे।

इस परियोजना की शुरूआत गुरुवार की शाम से ट्रायल मोड में हो चुकी है। यहां से उत्पादित बिजली की आपूर्ति बिहार के तीन प्रमुख ग्रिड, रोहतास के डिहरी, कैमूर के कर्मनाशा और पटना ग्रिड में शुरू की गई है। परियोजना की पहली यूनिट की लागत लगभग 6880 करोड़ रुपए आई है। परियोजना की कुल लागत लगभग 14 हजार करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जो शुरूआती अनुमानित लागत 10439.09 करोड़ रुपए से लगभग 40 प्रतिशत अधिक है। ऐसा परियोजना के पूरा होने में करीब ढाई साल की देरी होने से हुआ है।

एसटीपीएल के सीईओ विकास शर्मा ने बताया कि इस परियोजना की दोनों इकाइयां पूरी तरह चालू होने पर प्रतिदिन करीब 10 करोड़ रुपये की बिजली का उत्पादन होगा, जिसमें से 85% बिहार को मिलेगी। शेष बिजली सतलज जल विद्युत निगम की अनुषंगी कंपनी एसजेवीएन थर्मल पावर लिमिटेड खुले बाजार में बेच सकेगी।

यह परियोजना बिहार को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 2019 में इस परियोजना का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही शिलान्यास किया था। यह आधुनिक तकनीक से लैस बिजली उत्पादन इकाई है, जो पूर्वी भारत के ऊर्जा परिदृश्य को नई दिशा देगी। दोनों इकाइयों के चालू होने पर प्रतिदिन 9828.72 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा।

# मुखिया के देवर की गोली मारकर हत्या, इलाके में दहशत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सीतामढ़ी।** जिला मुख्यालय डुमरा में गुरुवार की शाम अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर सनसनी फैला दी। घटना परसौनी मोड़ (डुमरा थाना क्षेत्र) के पास हुई, जहां बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने मदन कुमार को निशाना बनाकर गोलियां दाग दीं। गंभीर रूप से घायल मदन कुमार को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान मदन कुमार के रूप में हुई है, जो डुमरा प्रखंड के परोहा पंचायत की मुखिया का देवर थे। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़ा विवाद सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि हाल ही में मृतक एक जमीन सौदे के विवाद में उलझे हुए थे।घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीपीओ और डुमरा थाना पुलिस मौके पर पहुंचे और तफ्तीश शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से गोलियों के खोखे बरामद किए हैं और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम करीब सात बजे अपराधी अचानक पहुंचे और नजदीक से फायरिंग कर दी। गोली लगते ही मदन कुमार मौके पर गिर पड़े।

## हत्या के विरोध में आक्रोशित लोगों ने किया अटल पथ जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भाई-बहन की हत्या के विरोध में आक्रोशित लोगों ने अटल पथ जाम कर दिया है। 15 अगस्त को दोनों भाई बहन की एक कार में लाश बरामद हुई थी। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे बच्चों की हत्या की गई, लेकिन पुलिस ने मामले में लीपा-पोती कर दी। दिन दहाड़े हुए इस डबल मर्डर से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। 15 अगस्त की शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब राजधानी पटना के पॉश एरिया में दिन दहाड़े नाबालिग दो भाई बहन का शव एक कार के अंदर मिला। शव की पहचान गणेश साव की पुत्री लक्ष्मी (7) और पुत्र दीपक (5) के रूप में की गई थी। बच्चों के माता-पिता का कहना था कि दोनों बच्चों को उसकी निजी शिक्षिका ने फोन कर अपने घर पर ट्यूशन पढ़ने के लिए बुलाया था, लेकिन इसके बाद दोनों बच्चे घर नहीं पहुंचे। घर लौटने के रास्ते में दोनों सीसीटीवी में पढ़कर लौटते हुए दिखे भी। फिर दोनों भाई बहन की लाश उसी रास्ते में स्थित एक मैदान में लगी कार के अंदर से बरामद हुआ, लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि पुलिस ने परिजनों के कहने पर भी न तो महिला शिक्षिका पर कोई कार्रवाई की और न उस कार मालिक पर, जिसकी कार से बच्चों के शव बरामद हुए।

## नहर से लाश बरामद

**बक्सर।** कोरान सराय थाना क्षेत्र के डुमरांव-सिकरौल राजवाहा नहर लाइन में गुरुवार की सुबह रानीबाग गांव के समीप एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया। हालांकि, खबर भेजे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने नहर में एक शव को उतराया देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद प्रभारी थानाध्यक्ष स्वाति कुमारी के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान के लिए स्थानीय स्तर पर काफी प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

इसके बाद मृतक की तस्वीर विभिन्न साइबर सेनानी ग्रुप और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भेजकर पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

प्रभारी थानाध्यक्ष स्वाति कुमारी ने बताया कि मृतक युवक के शरीर पर केवल अंडरवियर और गंजी हैं। शरीर पर किसी भी प्रकार का चोट या जख्म का निशान नहीं पाया गया है।

# रैगिंग को लेकर हुए विवाद में छात्र घायल, भर्ती



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में रैगिंग को लेकर बुधवार को विवाद बढ़ गया, जिसके बाद मारपीट की घटना हुई। इस घटना में एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय थाना पुलिस मौके पर पहुँची और हंगामा शांत कराया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फर्स्ट सेमेस्टर के छात्र ने आरोप लगाया कि कॉलेज के तीन सीनियर छात्र जूनियरों से प्रणाम करने और झुककर चलने की जबरन मांग करते थे। बुधवार को जब उसने प्रणाम करने से इनकार किया, तो सीनियर छात्रों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित छात्र ने इसकी शिकायत कॉलेज प्रशासन से की, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने परिजनों को सूचना दी।

परिजनों के कॉलेज पहुंचने पर विवाद और बढ़ गया। इसी दौरान छात्र मनीष कुमार को बुरी तरह पीटा गया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे गंभीर हालत में डीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। कॉलेज गार्ड सुमन पासवान ने बताया कि सेकंड और थर्ड सेमेस्टर के छात्रों ने पहले एक छात्र को पीटा था। इसके बाद कॉलेज पहुँचे परिजनों ने भी हंगामा किया और धक्का-मुक्की की।

वहीं, छात्र आदित्य कुमार के पिता किशोर झा ने आरोप लगाया कि उनके बेटे के साथ सीनियर छात्रों ने मारपीट की थी। उन्होंने कहा कि वे केवल बच्चों को समझाने कॉलेज गए थे, लेकिन उन पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। विश्वविद्यालय थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि पुलिस ने कॉलेज पहुँचकर स्थिति को शांत किया है। फिलहाल किसी भी पक्ष से लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

# वोट अधिकार यात्रा की सफलता को ले घटक दलों की बैठक

## 24 अगस्त को राहुल गांधी अररिया में




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष लोकसभा के नेतृत्व में साथी महागठबंधन के साथ बिहार यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला अतिथि सदन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें घटक दलों के सभी जिला अध्यक्षों समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह वोट अधिकार यात्रा के प्रभारी नदीम जावेद एवं कांग्रेस के अररिया विधानसा कॉर्डिनेटर इंचार्ज अली मेहदी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शाद अहमद, हसीब अनवर, कैसर खान, विधायक आबिद उर रहमान, राजद के जिला अध्यक्ष मनीष यादव, कांग्रेस नेता मासूम अंजार, नदीम जावेद साहब, आफताब आलम , मो मासूम, कांग्रेस सेवा दल के नेता सह वार्ड पार्षद आबिद हुसैन अंसारी ,भाई प्रदीप कर्ण, गौरव गुप्ता की उपस्थिति रही। विदित हो कि आगामी 24 अगस्त को राहुल गांधी की प्रस्तावित अररिया जिला यात्रा के मद्देनजर महागठबंधन के सभी घटक दलों के जिला अध्यक्षों व सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ‘वोट अधिकार यात्रा’ को सफल बनाने के उद्देश्य से इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में तमाम बिंदुओं पर गहन विचार विमर्श किए गए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस अधिकार यात्रा में जुड़ सके।

मालूम हो कि राहुल गांधी 24 तारीख को कटिहार से होते हुए अररिया पहुंचेंगे,जहां पूर्णिया सीमा समाप्ति पर करियात कैंप के निकट कांग्रेस नेता मासूम अंजार द्वारा स्वागत किया जाएगा। तदुपरांत यह काफिला जीरोमाइल पहुंचेगा । तमाम महागठबंधन दलों के अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं में राहुल गाँधी के आगमन पर जोश देखा जा रहा है। मालूम हो कि राहुल गांधी के 20 साल के राजनीतिक सफर में बिहार में सबसे लंबा प्रवास होने जा रहा है। वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व विधायक नदीम जावेद ने कहा कि यह महज यात्रा नहीं है ,बल्कि देश के लोगों का मूल अधिकारों के बचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा लोकतंत को बचाने के लिए है।

# मॉक टेस्ट में 1766 में 1722 हुए फेल

**पटना, मधेपुरा, मुंगेर के एक भी बच्चा नहीं हुआ सफल**

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के दावों की खुली कलई**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को आईआईटी जेईई और नीट की परीक्षा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से जुलाई माह में मॉक टेस्ट का आयोजन कराया। मॉक टेस्ट ने राज्य के सरकारी स्कूलों में बच्चों को विज्ञान और गणित की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के दावों की कलई खोल कर रख दी।

97.5 प्रतिशत बच्चे मॉक टेस्ट में फेल हो गए। दरअसल, जिले के साथ-साथ राज्य भर में 11वीं 12वीं के छात्रों के लिए आईआईटी जेईई व नीट एग्जाम के लिए स्कूलों में संचालित आइसीटी लैब में मॉक टेस्ट आयोजित हो रहा है। यह मॉक टेस्ट गुरुवार तक आयोजित होगा। मॉक टेस्ट की जुलाई माह की रिपोर्ट शिक्षा विभाग की आंख खोलने वाली है।

शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, 14 और 15 जुलाई को आयोजित आईआईटी जेईई के मॉक टेस्ट में जिले में मात्र 44 बच्चे ही पास कर पाए। 1722 बच्चे फेल हो गए हैं। इन दोनों टेस्ट में 1766 बच्चों ने हिस्सा लिया था। असफल होने वालों बच्चों का प्रतिशत 97.5 है, तो शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। वहीं, बांका जिले की बात करें तो यहां आईआईटी जेईई और नीट के मॉक टेस्ट में 987 बच्चों ने भाग लिया था। जिसमें से 93 बच्चे पास और 894 फेल हो गए। राज्य में 38 जिले से 37921 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें से 1968 पास हुए और 35953 फेल हो गए। इस बार करीब 1200 से अधिक बच्चे हिस्सा ले रहे हैं।

जुलाई महीने में आयोजित आईआईटी जेईई के मॉक टेस्ट में पटना की भागीदारी निराशाजनक रही। शिक्षा विभाग से जारी रिपोर्ट के मुताबिक छह जिलों को यलो जोन में रखा गया था, क्योंकि इन जिलों से 100 बच्चे भी टेस्ट में हिस्सा नहीं लिए थे।

मधेपुरा, किशनगंज, मुंगेर, सहरसा, पटना और शिवहर येलो जोन में शामिल थे। जिनमें से सिर्फ किशनगंज से पांच बच्चे पास किए थे। पटना जिले से 34 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें 34 फेल हुए थे। मधेपुरा से 90 में 90 फेल, मुंगेर से 69 में 69 फेल शिवहर से 9 में 9 फेल हुए थे।

# नशे में धुत्त एएसआई ने युवक को मारी ठोकर, जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** कानून की रक्षा करने वाले पुलिस पदाधिकारी ने ही शराब के नशे में कानून की धज्जियां उड़ा दी। बुधवार की शाम सोनो थाना क्षेत्र के सारेबाद गांव के समीप बुलेट पर सवार चरकापत्थर थाना में पदस्थापित एएसआई नौशाद रिजवी ने राहगीर को जबरदस्त ठोकर मार दी। हादसे में सरकंडा गांव निवासी काशी यादव के पुत्र त्रिलोकी यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर की हड्डी टूट गई। पहले उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर डाक्टरों ने पटना रेफर कर दिया।

यह कोई पहला मामला नहीं है जब आरोपित एएसआई का नाम विवादों में आया हो। रिजवी पर पहले भी दो महिलाओं ने शादी का झांसा देकर कई वर्षों तक यौन शोषण करने का आरोप लगाया था।

अनुसूचित जाति-जनजाति थाना में उस वक्त मुकदमा दर्ज किया गया था। मामला अभी भी कोर्ट में लंबित

**आरोपित का विवादों से रहा है पुराना नाता**

है। इससे साफ है कि विवादों से नौशाद रिजवी का गहरा रिश्ता रहा है।

घटना की जांच पुलिस कप्तान के आदेश पर की गई। झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि राहगीर को बुलेट से ठोकर नौशाद रिजवी ने ही मारी। शराब के नशे की पुष्टि के लिए खून का नमूना लिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा कि हादसे के समय वह नशे में थे या नहीं।

चरकापत्थर थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह ने कहा कि आरोपित एएसआई को एसपी के आदेश पर पुलिस लाइन हाजिर कर दिया गया है। साथ ही उनका तबादला शेखपुरा कर दिया गया है। मामले की जांच की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी गई है।

# छह जिलों के जिला सहकारिता पदाधिकारियों को नई शक्तियां : डॉ. प्रेम कुमार

## मखाना उद्योग को मजबूती देने के लिए सहकारिता विभाग का बड़ा कदम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता विभाग ने एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की है। इसके तहत राज्य के छह जिलों–मधुबनी, दरभंगा, सहरसा, सुपौल, पूर्णिया और कटिहार–के जिला सहकारिता पदाधिकारियों को नई शक्तियां प्रदान की गई हैं। अब संबंधित जिलों के पदाधिकारी अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रत्येक प्रखंड में केवल एक प्रखंड स्तरीय मखाना उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड का गठन और निबंधन कर सकेंगे। सहकारिता विभाग ने यह भी तय किया है कि वर्ष 1996 में निबंधित बिहार स्वावलंबी सहकारी समितियों को अब 1935 के अधिनियम में परिवर्तित कर निबंधित किया जाएगा। वर्तमान में मखाना से संबंधित 31 सहकारी समितियां कार्यरत हैं जिनमें एफ.पी.ओ., स्वावलंबी सहकारी समितियां और पुरानी मत्स्यजीवी सहयोग समितियां शामिल हैं। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मखाना उत्पादक किसानों के हित में लिया गया यह निर्णय मील का पत्थर साबित होगा। इससे प्रखंड स्तर पर मखाना समितियों के गठन की प्रक्रिया तेज होगी और किसानों को संगठित कर उनकी आय में वृद्धि की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को उत्पादन और विपणन में सहयोग मिलेगा और बिहार का मखाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत पहचान बना सकेगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार जिला सहकारिता पदाधिकारियों को दी गई नई शक्तियों से मखाना उत्पादकों को सीधा लाभ पहुंचेगा। यह निर्णय किसानों को सहकारी ढांचे से जोड़कर उन्हें न केवल बाजार उपलब्ध कराएगा बल्कि उत्पादन से लेकर विपणन तक सहकारिता आधारित तंत्र विकसित करेगा।

# चुनाव नहीं लड़ने वाले 15 राजनीतिक दलों पर निर्वाचन आयोग की कड़ी नजर

## सूची से बाहर करने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत निर्वाचन आयोग ने ऐसे 15 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है जिन्होंने वर्ष 2019 से अब तक कोई भी चुनाव नहीं लड़ा है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत पंजीकरण का लाभ उठाने वाले इन दलों ने सक्रिय राजनीति में भागीदारी नहीं दिखाई है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार इन दलों में भारतीय आवाम एक्टिविस्ट पार्टी, भारतीय जागरण पार्टी, भारतीय युवा जनशक्ति पार्टी, एकता विकास महासभा पार्टी, गरीब जनता दल (सेक्युलर), जय जनता पार्टी, जनता दल हिंदुस्तानी, लोकतांत्रिक जनता पार्टी (सेक्युलर), मिथिलांचल विकास मोर्चा, राष्ट्रवादी युवा पार्टी, राष्ट्रीय सद्भावना पार्टी, राष्ट्रीय सदाबहार पार्टी, वसुधैव कुटुंबकम पार्टी, वसुंधरा जन विकास दल और यंग इंडिया पार्टी शामिल हैं। आयोग ने इन दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा है कि यदि वे अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करते हैं तो उन्हें सूची से बाहर (डीलिस्ट) करने की कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय ने सूचना दी है कि सभी संबंधित दलों को 1 सितंबर 2025 को अपराह्न 3 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष साक्ष्यों के साथ प्रस्तुत करना होगा। इसके आधार पर कार्यालय की ओर से प्रतिवेदन भारत निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा।

# आज प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बिहार को मिल सकती है 16 केंद्रीय विद्यालयों की सौगात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** आज प्रधानमंत्री के गया जी में आयोजित होने वाले सभा के दौरान बिहार में 16 अलग-अलग स्थान पर केंद्रीय विद्यालय के स्थापना की मंजूरी मिलने की संभावना है। बताया जाता है कि इसके लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से स्थल चयन के साथ-साथ भूमि का प्रस्ताव तथा तत्काल विद्यालय के संचालन की प्रक्रिया अस्थाई रूप से किए जाने की व्यवस्था पहले ही कर ली गई है। कई ऐसे नए जिले जहां पर जिला के सृजन होने के बाद भी केंद्रीय विद्यालय की स्थापना नहीं की जा सकी है वहां भी केंद्रीय विद्यालय का सौगात मिलेगी। इस संबंध में बताया जाता है कि अरवल जिले के करपी प्रखंड में परियारी मौजा में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना किया जाना है। यहां पर अरवल के जिलाधिकारी कुमार गौरव ने 5 एकड़ भूमि हस्तांतरण करने का प्रस्ताव केंद्रीय शिक्षा विभाग को पहले ही दे दिया है। सूत्रों के अनुसार इसी सत्र में नए विद्यालय की स्थापना के साथ कक्षा संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। तात्कालिक रूप से विद्यालय के संचालन के लिए अस्थाई रूप से अरवल जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शांतिपूरम बाजार स्थित बुनियादी विद्यालय के परिसर में केंद्रीय विद्यालय का संचालन किया जाएगा। वहीं जहां नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की जानी है उसमें पटना, सासाराम, नालंदा जिले के बिहार शरीफ एवं नालंदा विश्वविद्यालय परिसर, राजगीर, हाजीपुर, मधेपुरा, बोधगया सहित 16 जगह पर केंद्रीय विद्यालय की मंजूरी जल्द ही मिलेगी। इस संबंध में केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से केंद्रीय शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है जिसे इसी सत्र में मंजूरी मिलने की बात बताई जा रही है। देखा जाए तो बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले इतने बड़े स्तर पर केंद्रीय विद्यालय स्थापित होना बिहार के लिए एक गौरव का विषय होगा। यहां केंद्रीय विद्यालय की स्थापना सिविल स्तर पर की जाएगी जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए शिक्षण सहायक सामग्री सहित कई अन्य सुविधाएं उन्हें मुफ्त में मिलेंगी।

# डॉ. रत्ना अमृत का आह्वान- छोटे-छोटे कदमों से करें धरती की रक्षा

## बी. डी. कॉलेज, पटना के विद्यार्थियों ने सीखा पर्यावरण संरक्षण का मंत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना के प्राचीन इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग द्वारा 'गुरु गौरव' कार्यक्रम अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण विषय पर विशेष चर्चा सत्र का आयोजन महाविद्यालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई और इसकी अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. रत्ना अमृत ने की। मंच पर विभागाध्यक्ष नीतू तिवारी, प्राचीन इतिहास विभाग की डॉ. स्वर्णा कुमार और हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. लाडली कुमारी उपस्थित थीं। विभागाध्यक्ष नीतू तिवारी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन और व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को प्राचीन भारतीय परंपराओं से जोड़कर समझाया। उन्होंने अथर्ववेद के मंत्र 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ने सदा से पृथ्वी को माता और मनुष्य को उसका पुत्र मानकर उसकी रक्षा का संदेश दिया है। श्रीमती तिवारी ने व्यावहारिक स्तर पर इको ब्रिक बनाने की विधि का प्रदर्शन किया और इसकी उपयोगिता बताई। उन्होंने गीले और सूखे कचरे, शीशे और धातु को अलग-अलग रखने का मॉडल प्रस्तुत किया। अपने प्रस्तुतीकरण में उन्होंने थ्री पी सिद्धांत – पेड़, पानी और प्लास्टिक – पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से जैव विविधता पर संकट गहराता है, दूषित जल से मानव और कृषि प्रभावित होती है तथा प्लास्टिक प्रदूषण संपूर्ण धरती के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होंने फाइव आर सिद्धांत – रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल, रिकवर और रिफ्यूज – पर बल देते हुए कहा कि यदि हम इन सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं तो पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा दी जा सकती है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. रत्ना अमृत ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं, बल्कि यह समाज के प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। डॉ. लाडली कुमारी ने भी विचार रखते हुए विद्यार्थियों को स्वच्छ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन नीतू तिवारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. स्वर्णा कुमार ने प्रस्तुत किया। मंच संचालन पंचम सेमेस्टर की छात्राओं छाया, आकांक्षा और श्रेया ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण को साझा जिम्मेदारी मानते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और सुरक्षित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया।

# उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की स्मृति को नीतीश कुमार ने किया स्थापित : मुरली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पुनाईचक स्थित एक निजी भवन में भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के अनेक संगीतप्रेमी, साहित्यकार, कलाकार और छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खां पर शोध कर चुके लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने कहा कि उस्ताद बिस्मिल्लाह खां भारतीय संगीत के एक ऐसे स्तंभ थे जिन्होंने शहनाई को मंदिरों और शादी-ब्याह तक सीमित न रखकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई। उन्होंने कहा कि खां साहब की शहनाई से निकलने वाले सुरों में आध्यात्मिकता और भारतीयता दोनों का समावेश होता था। आगे उन्होंने बताया कि 15 नवंबर, 2009 को हमारी पुस्तक शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खां पुस्तक के लोकार्पण करने के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि उस्ताद के नाम पर डुमरांव में स्मृति स्थापित की जाएगी और उनके जन्मदिन को राजकीय समारोह के रुप में मनाया जाएगा। इनदोनों घोषणाओं को उन्होंने पूरा कर दिया। अब बिहार का पहला बिस्मिल्लाह खां संगीत महाविद्यालय, डुमरांव में खुलने जा रहा है जो उस्ताद के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बिस्मिल्लाह खां की विनम्रता, उनके जीवन मूल्यों और संगीत के प्रति उनकी साधना को आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। इस मौके पर मृत्युंजय सिंह, शशि रंजन, रंजीत कुमार, प्रो. नीतू सिन्हा सहित अन्य लोग भी शामिल हुए।

# कांग्रेस-राजद के भ्रम फैलाने की रणनीति नाकाम : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि राजद-कांग्रेस का वोटर लिस्ट से नाम कटने को लेकर किया जा रहा फरेब एक-एक कर बेनकाब हो रहा है। इसी के साथ राहुल गांधी व तेजस्वी यादव की 'वोट अधिकार यात्रा' की कलई भी खुलती जा रही है।

श्री पाण्डेय ने कहा कि कानपुर के आदित्य श्रीवास्तव से लेकर रोहतास की रंजू देवी और नवादा के सुबोध कुमार के जरिए वोटर लिस्ट से नाम कटने का राहुल गांधी के फैलाये फरेब का पदार्फाश हो चुका है। इसके बाद से इस अफवाह व भ्रम फैलाओं यात्रा से लोगों ने दूरी बनानी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि असलियत तो यह है कि जिनके भी वोट चोरी का राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं, वही व्यक्ति सामने आकर उनके आरोप को झुठला दे रहा है। जिन 65 लाख वोटरों के एस आई आर में नाम कटने का विपक्ष ने हौव्वा खड़ा किया, चुनाव आयोग ने बूथवार कारण सहित उनकी सूची जारी कर विपक्ष को बेपर्द कर दिया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि सिवान की मिन्ता देवी ने खुद स्वीकार किया कि गलती से फार्म में उन्होंने अपनी गलत जन्म तिथि भरी थी। इसी प्रकार रोहतास की रंजू देवी से वार्ड सचिव के दबाव में गलतबयानी कराई गई थी। उनके परिवार के सभी छह सदस्यों के नाम यथावत ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में दर्ज है। नवादा के सुबोध कुमार के बारे में निर्वाचन आयोग ने बताया है कि उनका नाम कभी वोटर लिस्ट में था ही नहीं, फिर कटने का कहां सवाल उठता है। विपक्ष को यह अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि तिकड़म और फरेब की राजनीति जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। इस देश में लोकतंत्र की जड़ें काफी मजबूत है और अब जनता भी जागरुक हो चुकी है।

# यातायात जागरूकता में सक्रिय भूमिका निभानी होगी : डॉ. संजय कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** पटना कॉलेजिएट स्कूल के सभागार में यातायात पुलिस, पटना और एनसीसी उड़ान के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं अस्पताल पूर्व चिकित्सा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक, यातायात नव वैभव ने सभागार में उपस्थित सभी एनसीसी कैडेट्स को यातायात जागरूकता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि भारत में हर साल लगभग 80,000 लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं जो पूरी दुनिया में होने वाली कुल मृत्यु का 13% है। अधिकांश दुर्घटनाओं में चालक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ज्यादातर मामलों में दुर्घटनाएं या तो लापरवाही के कारण होती हैं या सड़क उपयोगकर्ता की सड़क सुरक्षा जागरूकता की कमी के कारण होती है। इसलिए सड़क सुरक्षा शिक्षा जीवित रहने के किसी भी अन्य बुनियादी कौशल की तरह ही आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य, पटना कॉलेजिएट स्कूल, अफजल सआदत हुसैन ने किया। उन्होंने अपने संबोधन भाषण में कहा कि सभी बच्चों को सड़क पर यातायात नियम का पालन करना चाहिए क्योंकि आप का जीवन अगर सुरक्षित है तो आपका परिवार सुरक्षित रहेगा। सड़क सुरक्षा महत्वपूर्ण है क्योंकि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आप यातायात नियमों का जितना अधिक ध्यान रखेंगे, उतनी ही कम दुर्घटनाएं होंगी। इस कार्यक्रम में 1 बिहार नेवल यूनिट के एन.सी.सी पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमें यातायात जागरूकता में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमें वह सब मिले जिसके हम हकदार हैं। उन्होंने कहा कि सड़क पर ध्यान भटकाने वाली चीजों से बचें, यातायात संकेतों जैसे स्टॉप साइन, लाल बत्ती का पालन करें, सीटबेल्ट/हेलमेट पहनें, गति सीमा और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। प्रशिक्षक अभय कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा में सुधार लाने और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के लिए सड़क सुरक्षा उपायों में जमीनी स्तर पर नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना अनिवार्य है। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक रितिका शर्मा एवं अंजली कुमारी ने अस्पताल पूर्व चिकित्सा का ज्ञान कैडेट्स को दिया। इस अवसर ट्रूप संख्या 4 पटना कॉलेजिएट स्कूल, पटना के सभी जे.डी. जे. डब्लू. कैडेट्स के साथ -साथ विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

# बीआईए ने बियाडा एमनेस्टी पॉलिसी का किया स्वागत

## बंद पड़े उद्योगों को फिर से शुरू करने का सुनहरा अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) की ओर से जारी की गई एमनेस्टी पॉलिसी झ 2025 का बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (बीआईए) ने स्वागत किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष केपीएस केशरी ने कहा कि बीआईए सरकार से यह मांग करता रहा है कि जिन औद्योगिक इकाइयों का संचालन किसी परिस्थिति के कारण बंद हो गया था और जिनका भू-आवंटन बियाडा ने रद्द कर दिया, लेकिन इकाई प्रबंधन उन्हें फिर से शुरू करने का इच्छुक है, उन्हें एक और अवसर मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में राज्य के औद्योगिक विकास के संबंध में बंद पड़े उद्योगों को अपना उद्योग शुरू करने के लिए दोबारा मौका दिए जाने की घोषणा की थी। उसी घोषणा के अनुपालन में बियाडा ने अब एमनेस्टी पॉलिसी 2025 अधिसूचित कर दी है। नीति के अनुसार उन सभी इकाइयों जिनका भूखंड किसी तीसरे पक्ष को आवंटित न हुआ हो और भू आवंटन रद्द कर दिया गया है, को मौका दिया जाएगा। केपीएस केशरी ने कहा कि यह कदम निश्चित रूप से बंद पड़े उद्योगों को पुनर्जीवित करने में मदद करेगा और बिहार में औद्योगिकरण को गति देगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जिन भूखंडों का आवंटन पहले ही किसी तीसरे पक्ष को हो चुका है, उन्हें उसी औद्योगिक क्षेत्र में अन्य उपयुक्त भूखंड देकर या किसी और तरीके से भरपाई की जाए। बीआईए अध्यक्ष ने यह भी बताया कि संगठन ने इस नीति को लेकर कई व्यवहारिक सुझाव दिए थे, जिनमें से अधिकांश को पॉलिसी में शामिल किया गया है।

# लायंस क्लब पटना फेमिना ने मनाया 31वां स्थापना दिवस




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लायंस इंटरनेशनल क्लब पटना फेमिना ने अपना 31वां स्थापना दिवस सह चार्टर नाइट, गोल्डन सनराइज होटल, पाटलीपुत्रा में मुख्य अतिथि डी जी लायन प्रदीप खेतान की उपस्थिति में मनाया। कार्यक्रम में सत्र 2025-26 के लिए अध्यक्ष लायन नवजोत काजल, सचिव लायन नरिती केसरी, कोषाध्यक्ष लायन पुष्पांजली बिहारी ने पदभार संभाला। सभी अतिथियों का स्वागत लायन शाहीन परवीन ने किया। पूर्व सचिव लायन नवजोत काजल ने सत्र 2024-25 में किए गए सामाजिक कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। नव नियुक्त अध्यक्ष नवजोत काजल ने अपने शुरू हुए सत्र में किए जाने वाले सामाजिक कार्यों को करने पर अपने विचार सांझे किए। कार्यक्रम की मास्टर ऑफ सेरामनी लायन पुर्णिमा रॉय और लायन बरखा केशरी ने की। कार्यक्रम के दौरान मिशन सखी की जिला चेयरपर्सन लायन रीता कुमार ने एक पुरुषमंद महिला को सिलाई मशीन भेंट की। कार्यक्रम में लायन गनवंत मलिक, लायन संगीता नंदा, लायन अविनाश साह, लायन वीना गुप्ता, लायन संजय अवस्थी, लायन श्रृति अग्रवाल, लायन मधुसूदन, लायन रचना खेतान, लायन आर आर सहाए, लायन डी बी गुप्ता, लायन प्रकाश नंदा और क्लब पटना फेमिना के सदस्यों ने भाग लिया।

# बिहार नीट काउंसलिंग के रिजल्ट में गोल के छात्र बने राज्य टॉपर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



आदित्य धनराज
नीट स्टेट रैंक-1
(ई०बी०सी)

शुभजीत राज
नीट स्टेट रैंक-2
(जेनरल)

साक्षी सिन्हा
नीट स्टेट रैंक-3
(आर०सी०जी०)

**पटना।** बिहार के यूजीएमएसी काउंसलिंग बोर्ड द्वारा जारी एमबीबीएस एवं बीडीएस प्रवेश की मेरिट सूची में एक बार फिर गोल इंस्टीट्यूट के छात्रों ने परचम लहराया है। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी बिहार के अधिकांश नीट मेडिकल टॉपर गोल इंस्टीट्यूट से निकले हैं। गोल के प्रतिभाशाली छात्रों में आदित्य धनराज ने ईबीसी श्रेणी में प्रथम स्थान, सुभजीत ने जनरल श्रेणी में द्वितीय स्थान, तथा साक्षी ने गर्ल्स (आरसीजी) श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान और बिहार का नाम रोशन किया। इन टॉपर्स के अलावे भी गोल के अनेक छात्रों ने शीर्ष स्थानों पर अपनी जगह बनाई है। सफल छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय गोल इंस्टीट्यूट की अद्वितीय शिक्षण पद्धति, उत्कृष्ट देखभाल, निरंतर टेस्ट प्रणाली और परिणामोन्मुखी मार्गदर्शन को दिया।

**संस्थान प्रबंधन की प्रतिक्रिया**

गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने कहा- हमारे छात्रों की यह सफलता गोल के विजन और समर्पण का प्रमाण है। गोल हमेशा से छात्रों को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और सही दिशा देने में भी अग्रणी रहा है। यह उपलब्धि गोल के छात्रों का अथक प्रयास, अभिभावकों का अटूट विश्वास और गोल के टीम का संयुक्त प्रयास का परिणाम है। गोल इंस्टीट्यूट के सहायक निदेशक ने कहा- हर साल की तरह इस बार भी हमारे छात्र बिहार की नीट मेरिट सूची में शीर्ष पर हैं। यह इस बात का सबूत है कि गोल की मेहनती फैकल्टी और हमारी शैक्षणिक रणनीति विद्यार्थियों को सर्वोच्च स्तर तक ले जाने में सक्षम है। गोल इंस्टीट्यूट के आर एंड डी प्रमुख आनंद वात्स ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा-गोल की निरंतर रिसर्च, टेस्टिंग और अपडेटेड स्टडी पैटर्न छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में वास्तविक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करती है। हम लगातार छात्रों को सबसे बेहतर साधन और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं। गोल इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह सिर्फ पूर्वी भारत का अग्रणी संस्थान ही नहीं, बल्कि परिणामों की फैक्ट्री है।

# बिलासपुर मंडल में एनआई कार्य के मद्देनजर तीन जोड़ी ट्रेनों का परिचालन रद्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** बिलासपुर मंडल के रायगढ़-झारसुगुड़ा रेलखंड के मध्य तीसरी-चौथी लाइन परियोजना के तहत किरोड़ीमलनगर स्टेशन पर एनआई कार्य किया जाना है। इसके मद्देनजर इस रेलखंड से गुजरने वाली 3 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन निम्नानुसार रद्द किया जा रहा है - 21.08.25 को हैदराबाद से खुलने वाली गाड़ी सं. 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस, 24.08.25 को रक्सौल से खुलने वाली गाड़ी सं. 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस, 22.08.25 को वास्को डी गामा से खुलने वाली गाड़ी सं. 17321 वास्को डी गामा-जसीडीह एक्सप्रेस 25.08.25 को जसीडीह से खुलने वाली गाड़ी सं. 17322 जसीडीह-वास्को डी गामा एक्सप्रेस 27.08.25 को गया से खुलने वाली गाड़ी सं. 22358 गया-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस, 29.08.25 को लोकमान्य तिलक से खुलने वाली गाड़ी सं. 22357 लोकमान्य तिलक-गया एक्सप्रेस।

## संपादकीय

# निर्वाचन आयोग के साख पर सवाल

पिछले काफी समय से देश में स्वतंत्र, स्वच्छ और पारदर्शी चुनाव के लिए लगातार आवाज उठाई जाती रही है। खासतौर पर ईवीएम के जरिए मतदान और मतों की गिनती को लेकर कई बार संदेह जाहिर किए गए। ऐसे आरोप सामने आए कि इसमें तकनीकी गड़बड़ी के जरिए या मतगणना में हेरफेर करके नतीजे प्रभावित किए जाते हैं। विडंबना यह है कि जब भी इस तरह के सवाल उठाए जाते हैं, तो आमतौर पर उन्हें निराधार मान कर खारिज कर दिया जाता है।दलील यह होती है कि जो उम्मीदवार हारता है, केवल उसे ही शिकायत होती है। जरूरी नहीं कि ऐसे सभी आरोप सही साबित हों। मगर इसी बीच अगर कहीं से मतगणना और नतीजों में हेरफेर की कोई शिकायत हर स्तर की जांच-पड़ताल के बाद अंतिम तौर पर सही पाई जाए, तो ऐसे में समूची प्रणाली भी संदेह के घेरे में आती है। जाहिर है, इसके बाद फिर नतीजे और उसके आधार पर बनी सरकारें भी कठघरे में होती हैं। गौरतलब है कि हरियाणा के पानीपत जिले के ग्राम पंचायत बुआना लखू में सन 2022 में हुए सरपंच के चुनाव के बाद जब नतीजों की घोषणा हुई, तभी इस पर विवाद उठा था। वह मामला तब जिला अदालत से होते हुए आखिर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा।ऐसी शिकायतें अब तक शायद ही किसी अंजाम तक पहुंची हों। मगर इस मामले में शीर्ष अदालत के फैसले ने पहली बार ईवीएम से चुनाव और मतगणना पर उठने वाले सवालों को मजबूत आधार दिया है। दरअसल, इस मामले में अदालत ने खुद ईवीएम मंगवा कर अपनी निगरानी में मतों की फिर से गिनती करवाई और पहले के नतीजे से अलग परिणाम घोषित किया। इसमें परिणाम पलट गया और पहले हार चुके प्रत्याशी को सरपंच बनाया गया।जाहिर है, शीर्ष अदालत की इस कवायद के बाद अब ईवीएम के जरिए डाले गए मत और उसकी गिनती से लेकर किसी प्रत्याशी की जीत-हार की घोषणा तक की समूची प्रक्रिया की पारदर्शिता पर अगर सवाल उठते हैं, तो उसे बेमानी या निराधार घोषित कर पाना मुश्किल होगा। इस पूरे मामले से यह भी जाहिर होता है कि किसी चुनाव की पूरी प्रक्रिया से जुड़े सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है, ताकि विवाद की स्थिति में उनकी जांच हो और सारे संदेह दूर किए जाएं।

# मतदाता अधिकार यात्रा फ़ीनिक्स का पुनर्जन्म



अम्बरीश श्रीवास्तव

भारत का लोकतंत्र–जिसे गर्व से विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है–आज एक साथ मज़बूत भी है और नाज़ुक भी; एक ऐसा विरोधाभास जो उसके संवैधानिक वैभव और उसकी व्यावहारिक विडंबनाओं के बीच फंसा हुआ है। यह विरोधाभास कहीं अधिक जीवंत है तो वह है बिहार–वह धरती जहाँ आंदोलनों की शुरुआत अक्सर फुसफुसाहटों से होती है और वे आंधी बनकर दिल्ली की दीवारें हिला देते हैं। इसी धधकते कुंभ में कदम रखी है मतदाता अधिकार यात्रा ने–एक ऐसी यात्रा, जो सिर्फ़ तय किए गए किलोमीटरों या लगाए गए नारों का हिसाब नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की घायल आत्मा को पुनः प्राप्त करने का संकल्प है। इसे केवल प्रतीकात्मक मान लेना इसकी नैतिक गहराई को नज़रअंदाज़ करना होगा। इसे अनदेखा करना–जैसा कि मुख्यधारा की मीडिया ने किया–दरअसल यह सिद्ध करता है कि इसकी प्रासंगिकता क्यों अनिवार्य है।

यह यात्रा एक फ़ीनिक्स क्षण है–लोकतांत्रिक कल्पना का दुर्लभ पुनर्जन्म, ऐसे समय में जब वंचन, दुष्प्रचार और सत्तावादी प्रवृत्ति गणराज्य की जड़ों को खोखला करने पर आमादा हैं। यह इतिहास से ताक़त लेती है, सत्तारूढ़ सत्ता की गणितीय लोकतंत्र की परिभाषा को प्रश्नांकित करती है और यह दिखाती है कि क्यों बिहार एक बार फिर वह आईना थामे खड़ा है जिसकी भारत को सख़्त ज़रूरत है।

### वह ख़ामोशी जो बोलती है

यात्रा की शुरुआत सासाराम से हुई–वह स्थल जहाँ शेरशाह सूरी विश्रामरत हैं, जिन्होंने सोलहवीं शताब्दी में ऐसे सड़क तंत्र की कल्पना की थी जिसने भारत को व्यापार, प्रशासन और संस्कृति की डोर में बाँध दिया। यहीं से शुरुआत करना इस बात की याद दिलाना है कि भारत हमेशा यात्राओं की भूमि रहा है, जहाँ सड़कें केवल व्यापार की नहीं बल्कि विचारों की वाहक भी रही हैं।

लेकिन हैरतअंगेज़ यह कि भारत की मुख्यधारा की मीडिया ने इस यात्रा का स्वागत ख़ामोशी से किया। न कोई सीधा प्रसारण, न प्राइम टाइम बहस, न अख़बारों की सुर्ख़ियाँ। यह ख़ामोशी तटस्थ नहीं है–यह रची-बसी है। टेलीविज़न, जो कभी विरोध की गूंज थी, अब सहमति की फुसफुसाहट बन गया है। वोट के अधिकार की यात्रा का ऐसा मौन स्वागत, विडंबना से, उसका सबसे बड़ा तोहफ़ा है–यह इस संघर्ष की नैतिक तात्कालिकता को और रेखांकित करता है। लोकतंत्र के लिए इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि मतपत्र की पवित्रता की शांतिपूर्ण, संवैधानिक माँग को प्रसारण योग्य तक न समझा जाए?

यह अनुपस्थिति, दरअसल उपस्थिति है–डर की, समझौते की, कर्तव्यत्याग की। जैसे अतीत के अनेक संघर्षों में कहा न जाना ही अक्सर सबसे बड़ी सच्चाई को उद्घाटित करता है।

### मतदान का पवित्र भार

इस यात्रा का मूल विचार गहन है- वोट कोई औपचारिक प्रतीक नहीं बल्कि नागरिकता का सार है। ÷एक व्यक्ति, एक वोट÷ का सिद्धांत 1950 में सहज रूप से नहीं मिला था–यह एक क्रांतिकारी घोषणा थी, एक ऐसे समाज में जो जाति, वर्ग और लिंग से विभाजित था।

पश्चिमी लोकतंत्रों के उलट–जहाँ स्त्रियों और अल्पसंख्यकों को दशकों तक मतदान से वंचित रखा गया–भारत ने आरंभ से ही सार्वभौमिक मताधिकार स्वीकार किया।

परंतु आज यह वादा धीरे-धीरे खोखला हो रहा है। धनबल, अपारदर्शी इलेक्टोरल बॉण्ड, राज्यसत्ता का दुरुपयोग और दुष्प्रचार का सुनियोजित फैलाव ने लोकतांत्रिक मैदान को असमान कर दिया है। मतदाता चुनाव के समय तो सम्मानित किया जाता है, शासन के समय भुला दिया जाता है और तमाशों के ज़रिये बरगलाया जाता है।

विश्व स्तर पर भी मताधिकार के संघर्षों ने युग गढ़े हैं–अमेरिका का नागरिक अधिकार आंदोलन, दक्षिण अफ्रीका का रंगभेद विरोधी संघर्ष, ब्रिटेन की मताधिकारिणी स्त्रियाँ। हर एक ने सिद्ध किया कि मतदान का अधिकार प्रक्रियात्मक नहीं बल्कि अस्तित्वात्मक है। जब वोट कमज़ोर पड़ता है, तो लोकतंत्र खुद सिकुड़ जाता है।

मतदाता अधिकार यात्रा इन्हीं संघर्षों की कड़ी है। यह भारत की याद दिलाती है कि मतपत्र कोई खोखला अनुष्ठान नहीं, बल्कि भाग्यनिर्माण का साधन है।

### बिहार- विद्रोह और पुनर्निर्माण की भट्ठी

क्यों बिहार? क्योंकि बिहार लंबे समय से गणराज्य की आत्मा रहा है।

यहीं जयप्रकाश नारायण ने 1970 के दशक में 'संपूर्ण क्रांति' का दीप जलाया था, जिसने इंदिरा गांधी की आपातकालीन सत्ता को चुनौती दी। यहीं छात्र-युवा सड़कों पर उमड़े और कहा कि लोकतंत्र को निरंकुश इच्छा से कैद नहीं किया जा सकता। मंडल आंदोलन भी यहीं से उठा, जिसने भारत की जातीय समीकरणों और प्रतिनिधित्व की प्रकृति को हमेशा के लिए बदल दिया।

बिहार की ग़रीबी को अक्सर कमज़ोरी कहा जाता है। हक़ीक़त में, अभाव ने यहाँ के लोगों की राजनीतिक चेतना को और पैना किया है। बिहारी प्रवासी सिर्फ़ श्रम नहीं ले जाते, वे गरिमा का गर्व भी साथ ले जाते हैं। यहाँ का किसान, जिसे अभिजात वर्ग 'पिछड़ा' कहकर तिरस्कृत करता है, हर लोकतांत्रिक उभार की रीढ़ रहा है।

इतिहास बताता है कि वंचित क्षेत्र अक्सर परिवर्तन के केंद्र बनते हैं–अरब स्प्रिंग में ट्यूनीशिया, सॉलिडैरिटी आंदोलन में पोलैंड। बिहार, अपनी बेचैन युवा पीढ़ी और जुझारू ग़रीबों के साथ, बार-बार भारत को नया संकल्प देता आया है। मतदाता अधिकार यात्रा उसी परंपरा की अगली कड़ी है।

### यात्रा का स्वरूप प्रतीक से आगे

भारत ने अनेक यात्राएँ देखी हैं। बीजेपी की रथयात्राएँ–एल.के. आडवाणी से लेकर नरेंद्र मोदी तक–ने बहुसंख्यक भावनाओं को तमाशे और भय के सहारे संगठित किया। वे आदेश देती थीं, सुनती नहीं थीं।

मतदाता अधिकार यात्रा उस ढाँचे को नकारती है। इसकी शक्ति आत्मीयता में है- नेता गाँवों में साथ चलते हैं, कस्बों में ठहरते हैं, शिकायतें सुनते हैं, सामान्य घरों में भोजन करते हैं, संवाद करते हैं। यह लोकतंत्र को प्रचार नहीं, शिक्षा मानती है। चलना विनम्रता है; सुनना भरोसा लौटाता है।

रास्ते में अनेक कहानियाँ मिलती हैं- बाढ़ मुआवज़े से वंचित किसान, दिल्ली में अदृश्य हुआ मज़दूर, बेरोज़गारी से हताश छात्र। ये किस्से नहीं–ये गणराज्य की नब्ज़ हैं। यात्रा इन्हें राष्ट्रीय आख्यान में पिरोती है।

### कुछ के लिए लोकतंत्र बनाम सबके लिए लोकतंत्र

यह यात्रा सिर्फ़ वोटिंग की बात नहीं करती, बल्कि लोकतंत्र की दो परिभाषाओं को आमने-सामने खड़ा करती है।

एक है कुछ के लिए लोकतंत्र- कॉर्पोरेट पूँजी द्वारा कब्ज़ा किया गया, जातीय अभिजात्य और बहुसंख्यक समूहों के वर्चस्व वाला, जिसे महज़ सत्ता की मुहरबंदी तक सीमित कर दिया गया है।

दूसरा है सबके लिए लोकतंत्र- जहाँ युवा, स्त्रियाँ, दलित, अल्पसंख्यक और ग़रीब केवल गिने ही नहीं, सुने भी जाएँ; जहाँ राजनीतिक और आर्थिक लोकतंत्र अविभाज्य हों; जहाँ शासन तमाशे से नहीं बल्कि गरिमा से परिभाषित हो।

यात्रा का कहना है कि स्वतंत्रता बिना समानता शक्तिशालियों के लिए अनुज्ञा है, और समानता बिना स्वतंत्रता निर्बलों के लिए दमन। दोनों साथ हों तभी गणराज्य टिक सकता है।

### बिहार कांग्रेस के लिए फ़ीनिक्स क्षण

बिहार कांग्रेस के लिए यह यात्रा दाँव भी है और अवसर भी। 1960 के दशक की प्रभुत्वशाली स्थिति से आज लगभग समाप्ति तक पहुँची पार्टी हाशिए पर है। किंतु इसके प्रमुख पैरोकार सुबोधकांत सहाय इसे विनम्रता के रूप में देखते हैं- पुनर्जन्म वहीं से शुरू होता है जहाँ अहंकार मरता है।

राहुल गांधी की छवि भी पुनर्गठित हो रही है। जिन्हें कभी अनिच्छुक कहा जाता था, वे अब शक्ति-लोलुप कम और लोकतांत्रिक विचारों के वाहक अधिक दिख रहे हैं। उनकी भारत जोड़ो यात्रा ने इसका खाका पहले ही खींच दिया था। तेजस्वी यादव में यह यात्रा मंडल की जड़ों और युवा ऊर्जा वाला साथी पाती है। यदि जनता को ईमानदारी दिखी, न कि अवसरवाद, तो बिहार का मतदाता 2025 और उसके आगे भूचाल ला सकता है।

### वैश्विक लोकतांत्रिक परिप्रेक्ष्य

विश्व स्तर पर भारत की लोकतांत्रिक गिरावट कोई संयोग नहीं। फ़्रीडम हाउस ने इसे ÷आंशिक रूप से स्वतंत्र÷ कहा, वी-डेम ने ÷निर्वाचनी अधिनायकतंत्र÷। ये अकादमिक ठप्पे नहीं, बल्कि रोज़मर्रा की हकीकत हैं–सिकुड़ती स्वतंत्रताएँ, क़ैद संस्थान।

लेकिन मतदाता अधिकार यात्रा जैसे आंदोलन वैश्विक स्तर पर भी गूंजते हैं। वे तुर्की के एर्दोआन-विरोधी प्रदर्शनों, हंगरी में ऑर्बन-विरोधी प्रतिरोध, फिलीपींस में दुष्प्रचार-विरोधी आंदोलनों की याद दिलाते हैं। वे नमक सत्याग्रह, अमेरिकी सिविल राइट्स मार्च और ब्राज़ील के मज़दूर मार्च की गूँज हैं।

संदेश स्पष्ट है- लोकतंत्र स्वयं-संचालित नहीं होता। इसकी रक्षा करनी पड़ती है, अक्सर उन्हीं को जिन्हें भौतिक लाभ कम पर नैतिक हिस्सेदारी सबसे अधिक होती है। जब बिहार चलता है, दुनिया को ध्यान देना चाहिए।

### पटना की राह की बाधाएँ

यात्रा की चुनौतियाँ कठिन हैं- मीडिया का मौन, भाजपा की बेजोड़ चुनावी मशीनरी, इंडिया गठबंधन की महत्वाकांक्षाओं के टकराव, और बिहार कांग्रेस का संगठनात्मक खोखलापन।

सबसे बड़ा ख़तरा यह है कि प्रतीकवाद संगठन में न बदले। सुनना संगठन में बदले, नैतिक स्पष्टता राजनीतिक कौशल से मिले–अन्यथा चिंगारियाँ चमककर बुझ भी सकती हैं।

### क्यों ज़रूरी है गणित से परे

यात्रा को सीटों की गणना में सीमित कर देना इसकी आत्मा को नकारना होगा। इसका असली महत्व है ग़रीबों को पुनः राजनीति से जोड़ना, उन्हें याद दिलाना कि लोकतंत्र उनका है। यह नेतृत्व को सेवा के रूप में परिभाषित करता है, तमाशे के रूप में नहीं। यह भारत की लोकतांत्रिक कल्पना को निंदक राख से फिर जगाता है।

मतदाता अधिकार यात्रा सत्ता की शॉर्टकट नहीं बल्कि नैतिक ध्रुवतारा है। यह कहती है लोकतंत्र वंशानुगत नहीं, हर पीढ़ी को इसे फिर अर्जित करना पड़ता है।

### फ़ीनिक्स का उदय

पटना पहुँचने तक यह यात्रा केवल किलोमीटर नहीं तय करेगी बल्कि उन सच्चाइयों को उजागर करेगी–वंचना की, मीडिया के कर्तव्यत्याग की, और सबसे कमज़ोर वर्गों की राजनीतिक उपेक्षा की। इसकी सफलता सीटों से नहीं, बल्कि बिहार के गाँव-गाँव में जगाई गई उम्मीद की चिंगारियों से मापी जाएगी। आज भारत लोकतंत्र और उसके छद्म रूप के बीच डगमगा रहा है। फ़र्क़ तय करेंगे शक्तिशाली नहीं बल्कि निर्बल, स्टूडियो में गूँजती आवाज़ें नहीं बल्कि धूल भरी पगडंडियों पर गूंजती फुसफुसाहटें।

बिहार बार-बार भारत को आईना दिखाता आया है। आज भी दिखा रहा है- निराशा साहस में बदल सकती है, ख़ामोशी गीत में, पतन पुनरुत्थान में। मतदाता अधिकार यात्रा वही गीत है–राख से उठता फ़ीनिक्स, उम्मीद के पंखों से सजा हुआ, उस ज़िद्दी विश्वास से दहकता कि लोकतंत्र चलने लायक़ है, लड़ने लायक़ है, और बचाने लायक़ है।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। विचार व्यक्तिगत हैं।**

# कुत्तों को संभालना और रेबीज का इलाज खोजना जरूरी

**(प्रदीप कुमार मुखर्जी)**

लावारिस या आवारा कुत्तों की समस्या दिन-ब-दिन विकट रूप धारण करती जा रही है। एक ओर पशुप्रेमी, विशेष रूप से श्वानप्रेमी, आवारा कुत्तों के प्रति अपने प्रेम का प्रदर्शन करते हुए उन्हें खिलाते-पिलाते रहते हैं। मगर परेशानी यह है कि ये उन्हें अपने घर न ले जाकर गली की ही शोभा बनाए रखना चाहते हैं।

दूसरी ओर, इन लावारिस कुत्तों से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को खासतौर पर खतरा बना रहता है। कहीं-कहीं तो मौका मिलने पर ये नवजात शिशुओं को नोच-खसोटकर उनकी जान ही ले लेते हैं। चूंकि इन कुत्तों को लोगों का पूरा स्नेह नहीं मिल पाता, इसलिए वे आक्रामक होकर लोगों पर झपटकर उनमें दांत गड़ा देते हैं। यही कारण है कि देश की शीर्ष अदालत द्वारा 11 अगस्त को दिए गए फैसले का स्वागत जहां आम जनता ने किया है, वहीं पशुप्रेमी और पशु अधिकारों की पैरोकारी करने वाले संगठनों ने अपनी नाराजगी जाहिर की है।

पशु अधिकार कार्यकर्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने इसे नितांत अव्यावहारिक, आर्थिक रूप से असंभव और पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से भी हानिकारक बताया है। कोर्ट ने सख्ती से पूछा था कि पशुप्रेमी क्या रेबीज से मरे बच्चों को वापस ला सकते हैं? यह एक महत्वपूर्ण टिप्पणी है, लिहाजा जमीनी वास्तविकता पर गौर करना आवश्यक है।

साल 2022-23 में किए गए एक गैर-सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार, दिल्ली में लगभग 10 लाख लावारिस कुत्ते हैं। इनमें से आधे से भी कम का बधियाकरण किया गया है। ध्यान रहे कि इसी साल जनवरी से जून तक सिर्फ राष्ट्रीय राजधानी में जानवरों (कुत्ते, बंदरों आदि) के काटने की 35,198 घटनाएं दर्ज की गई हैं। एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के अनुसार, दिल्ली में लावारिस कुत्तों के काटने के मामले वर्ष 2022 में लगभग 6,700 थे, जो वर्ष 2024 में बढ़कर 25,000 से अधिक हो गए। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेबीज के टीके के लिए रोजाना 700-800 पीड़ित पहुंचते हैं। पहले यह संख्या 500-550 के बीच थी। सफदरजंग में जनवरी-जुलाई, 2025 के दौरान 91,009 पीड़ित आए, जबकि इसी अवधि में हिंदूराव अस्पताल में पहुंचने वाले पीड़ितों की संख्या 4,861 थी। नोएडा में, जनवरी से मई, 2025 के दौरान कुत्ता काटने के 52,700 से अधिक मामले सामने आए। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने विगत 22 जुलाई को संसद में बताया था कि पिछले वर्ष देश में कुत्तों के काटने के मामलों की संख्या 37,17,336 थी, जबकि रेबीज से हुई संदेहास्पद मानव मौतों की सख्या 54। एक अनुमान के अनुसार, भारत में प्रति वर्ष लगभग 5,700 लोग रेबीज की वजह से मरते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमान के अनुसार, रेबीज के कारण हरेक साल विश्व भर में लगभग 59,000 लोगों की मौत हो जाती है, जिनमें से 95 प्रतिशत से अधिक मौतें एशिया और अफ्रीका में होती हैं। यह दुखद है कि इन मौतों में से 40 प्रतिशत मौतें 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों की होती हैं।



कुत्तों के काटने से होने वाली रेबीज बड़ी ही खतरनाक बीमारी है। इसका समय पर इलाज न मिल पाने से पीड़ित व्यक्ति तड़पकर दम तोड़ देता है। मरने से पहले ऐसे व्यक्ति को पानी का डर सताने लगता है, जिसको 'हाइड्रोफोबिया' का नाम दिया जाता है। र

# रेयर अर्थ मैग्नेट्स और चीन की ढील अस्थायी राहत है, समाधान आत्मनिर्भरता में छिपा है

**भारत इस बात को समझ रहा है इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने पहले से तैयारी शुरू कर दी थी और लिथियम बैटरियों के स्वदेशी उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ाये थे। हम आपको याद दिला दें कि भारत सरकार ने 2021 में राष्ट्रीय उन्नत रसायन सेल (एसीसी) बैटरी भंडारण कार्यक्रम के अंतर्गत पीएलआई-एसीसी योजना शुरू की थी। 18,100 करोड़ रुपये की इस योजना का लक्ष्य 50 गीगावाट घंटा उत्पादन क्षमता विकसित करना है।**

**(नीरज कुमार दुबे )**

चीन द्वारा निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों ने भारतीय उद्योगों को झटका दिया था। विशेष रूप से ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में उत्पादन और नई परियोजनाओं पर संकट खड़ा हो गया था। हालाँकि, चीन ने अब इन प्रतिबंधों में ढील दी है, जिससे तत्काल राहत मिली है।

चीन द्वारा हाल ही में लगाए गए और फिर हटाए गए रेयर अर्थ मैग्नेट्स के निर्यात प्रतिबंध ने भारत की औद्योगिक ढाँचे की सबसे बड़ी कमजोरी को उजागर कर दिया है। इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों की प्रगति जिन महत्वपूर्ण खनिजों पर निर्भर है, उनमें भारत आज भी भारी मात्रा में आयात पर आश्रित है। चीन का वर्चस्व और उसकी नीतिगत अनिश्चितता भारत जैसे देश के लिए केवल आर्थिक चुनौती ही नहीं, बल्कि रणनीतिक खतरा भी है।

चीन द्वारा निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों ने भारतीय उद्योगों को झटका दिया था। विशेष रूप से ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में उत्पादन और नई परियोजनाओं पर संकट खड़ा हो गया था। हालाँकि, चीन ने अब इन प्रतिबंधों में ढील दी है, जिससे तत्काल राहत मिली है, लेकिन इसने यह भी साफ कर दिया कि यदि भारत समय रहते आत्मनिर्भर नहीं बना तो भविष्य में ऐसी स्थितियाँ बार-बार सामने आ सकती हैं।

भारत इस बात को समझ रहा है इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने पहले से तैयारी शुरू कर दी थी और लिथियम बैटरियों के स्वदेशी उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ाये थे। हम आपको याद दिला दें कि भारत सरकार ने 2021 में राष्ट्रीय उन्नत रसायन सेल (एसीसी) बैटरी भंडारण कार्यक्रम के अंतर्गत पीएलआई-एसीसी योजना शुरू की थी। 18,100 करोड़ रुपये की इस योजना का लक्ष्य 50 गीगावाट घंटा उत्पादन क्षमता विकसित करना है। इसमें से 40 गीगावाट घंटा क्षमता पहले ही विभिन्न कंपनियों को आवंटित की जा चुकी है। यह क्षमता न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों बल्कि उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, रेल और रक्षा क्षेत्र को भी मजबूत करेगी। इससे यह उम्मीद की जा रही है कि भारत लिथियम बैटरियों के क्षेत्र में धीरे-धीरे आयात पर निर्भरता घटाकर घरेलू वैल्यू चेन तैयार करेगा।



इसके अलावा, खनन मंत्रालय ने रणनीतिक खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई अंतरराष्ट्रीय समझौते किए हैं। ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, जाम्बिया, पेरू, जिम्बाब्वे, मोजाम्बिक, मलावी, कोट डी आइवरी जैसे खनिज-संपन्न देशों के साथ सहयोग बढ़ाया जा रहा है। साथ ही भारत ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ( आईईए ) जैसे संगठनों के साथ भी साझेदारी की है। यह सहयोग न केवल कच्चे खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा बल्कि टेक्नोलॉजी, अनुसंधान और निवेश के क्षेत्र में भी मददगार होगा।

इन सभी प्रयासों से तीन महत्वपूर्ण संदेश निकलते हैं। पहला यह है कि चाहे बैटरी निर्माण हो या रेयर अर्थ मैग्नेट्स का उत्पादन, भारत को अपनी घरेलू वैल्यू चेन विकसित करनी ही होगी। दूसरा है कि चीन पर अत्यधिक निर्भरता की बजाय भारत को खनिजों की आपूर्ति के लिए बहुस्तरीय और बहु-देशीय नेटवर्क खड़ा करना होगा। तीसरा है कि यदि भारत वास्तव में ई-मोबिलिटी और नवीकरणीय ऊर्जा में वैश्विक नेतृत्व चाहता है तो उसे केवल आयात पर आधारित रणनीति से आगे बढ़कर संपूर्ण स्वदेशी पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना होगा।

जहां तक यह सवाल है कि रेयर अर्थ मैग्नेट्स क्यों खास हैं तो आपको बता दें कि रेयर अर्थ मैग्नेट्स अब तक के सबसे शक्तिशाली स्थायी चुम्बक माने जाते हैं। इनकी सबसे बड़ी विशेषता है उच्च चुंबकीय क्षमता और डिमैग्नेटाइजेशन (चुंबकत्व खत्म होने) के प्रति प्रतिरोध। इन्हें बनाने में मुख्यतः नियोडिमियम ,प्रसीओडिमियम ,और डिस्प्रोसियम जैसे रेयर अर्थ तत्वों का प्रयोग किया जाता है। इनकी मजबूती और हल्के वजन की वजह से ये छोटे आकार वाले, ऊर्जा-कुशल और आधुनिक उपकरणों के लिए अपरिहार्य हैं। वहीं सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला मैग्नेट है नियोडिमियम-आयरन-बोरोन मैग्नेट।

हम आपको बता दें कि चीन के पास दुनिया की लगभग 70 प्रतिशत रेयर अर्थ मेटल्स खनन और करीब 90त्न मैग्नेट उत्पादन का नियंत्रण है। चीन की ताकत सिर्फ खनन तक सीमित नहीं है, बल्कि वह पूरी सप्लाई चेन–खनन, प्रसंस्करण, मिश्र धातु उत्पादन और मैग्नेट निर्माण–पर काबिज है। पिछले 6-8 वर्षों में इन मैग्नेट्स की मांग तेजी से बढ़ी है क्योंकि ये सामान्य फेराइट/पारंपरिक चुम्बकों की तुलना में ज्यादा टिकाऊ, हल्के और प्रभावी हैं।

भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को 2025-26 में लगभग 870 टन रेयर अर्थ मैग्नेट्स की जरूरत होगी, जबकि देश की कुल मांग लगभग 3,600 टन अनुमानित है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के उचित अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला पर्यावरण समिति की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव के द्वारा पूर्व की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के उचित अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर डिस्प्ले बोर्ड लगाने का निर्देश, जिससे कि औद्योगिक क्षेत्र के प्रवेशिय वायु का नियमित आकलन किया जा सकें और आमजनों को भी वायु प्रदूषण की स्थिति की जानकारी प्राप्त हो। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी औद्योगिक संस्थानों को इ एसपी मशीन इंस्टॉल करने का सख्त निर्देश




दिया तथा जिन औद्योगिक संस्थानों में इ एसपी मशीन इंस्टॉल है, उसकी तकनीकी कमियों को दूर करें। इएसपी मशीन इंस्टॉल होने से विभिन्न कंपनियों से निकलने वाले लाल और कला धुंआ पर रोक लगेगा। इसके अलावा बैठक में उसरी नदी के संरक्षण तथा पर्यावरण समिति के उद्देश्य व कार्यों के संबंध में चर्चा की गई। उपायुक्त ने उसरी नदी के सफाई और संरक्षण हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उपलब्ध कराए गए सीएसआर फंड के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उसरी नदी के सफाई एवं संरक्षण/सौंदर्यीकरण को आवश्यक निर्देश दिया गया तथा पौधारोपण के तहत दिए गए लक्ष्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से सीसीएल परियोजना के आस-पास के क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया। साथ ही औद्योगिक परिसर में मानक क्षेत्र में पौधारोपण करने का निर्देश दिया गया। जिले में हो रही अवैध बालू खनन, डंपिंग एवम स्टोन माइंस एवम क्रशर के संचालन की गहनता से जांच कर उचित कारवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को जिला अंतर्गत सभी कारखानों में इएसपी (इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिटेटर) मशीन इंस्टॉल करने के संबंध में उचित निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने शहर के गंदे नालों की उचित साफ सफाई, तथा गंदे नालों की पानी को फिल्टर करने के उपरांत ही नदी में प्रवाहित करने के निर्देश दिए। साथ ही समय-समय पर जिला अंतर्गत संचालित कारखानों से निकलने वाले धुवां, अपशिष्ठों का निष्पादन, दूषित जल का बहाव, प्रदूषण नियंत्रण के मानक आदि सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। अस्पतालों, रेस्तरां/होटल में प्रदूषण नियंत्रण के तय मानकों संबंधी अनुमति प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही इंडस्ट्रीज को वाटर हार्वेस्टिंग और ट्रीटमेंट प्लांट को सुचारू रूप से सक्रिय करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा औद्योगिक प्रतिष्ठानों के द्वारा उत्सर्जित कचड़ों के निस्तारण के संबंध में उपायुक्त ने कहा कि सभी औद्योगिक प्रतिष्ठान यह सुनिश्चित करें कि कचड़ा जहां-तहां डंप न हो। औद्योगिक प्रतिष्ठान इंडस्ट्रीज से निकलने वाले कचड़ों को सही स्थान पर डंप करें, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को समस्या न हो। साथ ही औद्योगिक प्रतिष्ठानो से उत्सर्जित वेस्टेज का निस्तारण करें। साथ ही एयर क्वॉलिटी इंडेक्स संबंधी डिस्प्ले स्क्रीन लगाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा शहर में संचालित नर्सिंग होम से उत्सर्जित कचड़ों के निस्तारण के संबंध में कहा गया कि सभी सरकारी अस्पतालों को सी.टी.ओ लेना जरूरी है। साथ ही नर्सिंग होम से उत्सर्जित कचड़ों का निस्तारण तय समय पर करने का निर्देश दिया गया बैठक में पुलिस अधीक्षक, पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त, नगर निगम, जिला खनन पदाधिकारी, फैक्टरी इंस्पेक्टर, महाप्रबंधक, सीसीएल, क्षेत्रीय पदाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण, कारखाना निरीक्षक, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई विभाग आदि समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त ने अवैध खनन/उत्खनन, क्रशर, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया अवैध खनन रोकने की दिशा में उठाएं सख्त कदमः- उपायुक्त समाहरणालय सभाकक्ष में आज उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने अवैध पत्थर उत्खनन, अवैध बालू/कोयला/अभ्रक उत्खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार




समीक्षा समीक्षा की गई। इस दौरान सीसीएल के पट्टा क्षेत्र, वन क्षेत्रों हो रहे मायका अभ्रक के अवैध उत्खनन व अन्य क्षेत्रों में कोयलें के अवैध उत्खनन व प्रेषण की रोकथाम व अन्य पर विचार विमर्श किया गया। बालू घाटों के संचालन एवं बालू के अवैध भंडारण उठाव एवं परिवहन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन करने वाले पर प्राथमिकी दर्ज करें तथा वन क्षेत्र में भी खनन करने वाले लोगों पर भी प्राथमिकी दर्ज कर उचित करवाई करें। साथ ही अवैध रूप से खनिज लदे वाहनों की भी जांच करने का निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि अवैध उत्खनन रोकने की दिशा में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी से समन्वय बनाकर संबंधित विभाग कड़ा रूख अख्तियार करें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए सख्त कदम उठाएं। जांच-पड़ताल के साथ छापेमारी अभियान चलाएं बैठक में जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में माननीय एनजीटी के न्यायाधिकरण के आदेश के आलोक में माह जून 10 से माह अक्टूबर 15 तक बालू उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित है। माननीय एनजीटी के न्यायाधिकरण के प्रतिबंधित अवधि में 31 जुलाई 2025 तक बालू खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के क्रम में कुल 16 वाहनों पर कारवाई की गई है। जिसमें अवैध बालू परिवहन में संलिप्त वाहनों के विरुद्ध विभिन्न थाना अंतर्गत कुल 10 प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही माह जुलाई 2025 में अवैध पत्थर/ बालू/ कोयला/ माईका खनन/परिवहन में संलिप्त वाहनों की संख्या 18 तथा इसके विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी की संख्या 14 है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जिले में संचालित सभी क्रशर/अनुज्ञप्ति धारकों को अपने-अपने क्रशर/भंडारण स्थल पर कम से कम 50 वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया गया है बैठक में पुलिस अधीक्षक, पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, जिला परिवहन पदाधिकारी, आरओ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सभी अंचलाधिकारी, फैक्टरी इंस्पेक्टर समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### फाइलेरिया उन्मूलन को ले नुक्कड़ नाटक आयोजित

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू जिले के मेदिनीनगर प्रखंड के सर्वाधिक फाइलेरिया ग्रसित क्षेत्र सुहा गोदाम स्थित शिव मंदिर में पहली बार फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत चलने वाले एमडीए- आईडीए अभियान पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन जिला जनसंपर्क विभाग व पिरामल फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से किया गया। इस अवसर पर मासूम आर्ट ग्रुप ने हाथी का पैर नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के लेखक व निदेशक सैकत चटर्जी थे। इसमें कोमल कली की भूमिका मुनमुन चक्रवर्ती व प्रकाश की भूमिका अमर कुमार भांजा ने निभाई।अन्य भूमिकाओं में सैकत चटर्जी व कनकलता तिर्की शामिल थे। सहयोगी कलाकारों के रूप में सोनू विश्वकर्मा व प्रकाश ठाकुर ने अहम योगदान दिया। नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को एमडीए-आईडीए अभियान में दी जाने वाली दवा का सेवन करने को ले जागरूक किया गया। सभी से इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। मौके पर जिला चिकित्सा प्रभारी, डीएमओ व वीबीडीसी कंसल्टेंट के अमूल्य सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।सुहा पंचायत की जेएसएलपीएस जेंडर सीआरपी दीदियां जीसीआरपी- सरिता देवी, तारा देवी, बीडीएसपी- संगीता देवी, सीआरपी- शांति देवी व प्रतिमा देवी के सक्रिय सहयोग से समुदाय की भागीदारी व स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकी।

### सर्राफा संघ के रक्तदान शिविर में 37 यूनिट रक्त संग्रह

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह सरार्फा संघ की ओर से आज बरगंडा स्थित वंडर वर्ल्ड हॉल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर का उद्घाटन रेड क्रॉस के चेयरमेन अरविंद



कुमार ने फीता काटकर किया। शिविर में जितेंद्र बर्मन, विकास स्वर्णकार गुड्डू, सुधीर स्वर्णकार, मो आसिफ, सतीश बर्मन, मंटू बर्मन व विक्रांत स्वर्णकार समेत 37 लोगों ने रक्तदान किया, जिसमें से कई लोग पहली बार रक्तदान कर काफी उत्साहित नजर आए। सरार्फा संघ के अध्यक्ष राहुल वर्मन ने बताया कि इसी माह सरार्फा संघ का गठन किया गया। सामाजिक भागीदारी के तहत आज रक्तदान शिविर लगाया गया है ताकि जरूरतमंद लोगों की मदद हो सके। मौके पर मौजूद रेड क्रॉस के चेयरमेन सह ब्लड बैंक के सचिव अरविंद कुमार ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां संग्रहित रक्त से कई जरूरतमंद लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध हो पायेगा। उन्होंने स्वस्थ्य लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। शिविर को सफल बनाने में सचिव राजन बर्णवाल, उपसचिव राजीव कुमार तरवे, संगठन मंत्री सुबोध वर्मन, कोषाध्यक्ष सचिन वर्मन, सह कोषाध्यक्ष चंदन गुप्ता, मीडिया प्रभारी रंजीत स्वर्णकार आदि ने अहम भूमिका निभाई।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन व सड़क हादसे में कमी लाने के उद्देश्य से करें कार्य उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में शहरी परिवहन, यातायात एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओ की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे इस दौरान उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यो एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने पेंडिंग हिट एंड रन केस के मामलों में जल्द उचित कारवाई कर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में सड़क हादसों को कम करने के उदेश्य से किये जा रहे कार्यो की समीक्षा के अलावा आईआरएडी एप पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत व घायलों से जुड़ी जानकारी को अपडेट रखने का निदेश दिया। आगे जिले में दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सभी घटनाओं के डेटा को संग्रहित कर एनालेसिस करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उन स्थानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का निदेश दिया गया, ताकि ब्लैक स्पॉट की जगह हादसों में कमी लाई जा सके।

### लोहे के पाइप से सिर पर जोर से मार कर हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंका पुलिस ने किया खुलासा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आवेदिका बिंदिया देवी के द्वारा दिनांक 18.08.25 को मुफ्फसिल थाना गिरिडीह में आवेदन दिया गया कि दिनांक 15.08.25 को रोहित कुमार, उम्र करीब 17 वर्ष, पिता राजेन्द्र दास, ग्रा० पाण्डेडीह पो० सिरसिया थाना मुफ्फसिल जिला गिरिडीह सुबह करीब 08.00 बजे प्रोग्राम देखने गिरिडीह गया था जो रात तक वापस घर नही आया। इस संदर्भ में सनहा संख्या 34/25 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई हेतु पु०अ०नि० रौशन कुमार को सौपा गया। थाना पर लापता रोहित कुमार के साथी चंदु कुमार से सख्ती से पुछ-ताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया की रोहित कुमार को मारकर बरगण्डा साई मंदिर के नीचे उसरी नदी के किनारे झाड़ियों मे फेक दिया गया है, जिसे मैं चलकर दिखा सकता हूं। तब चंदु की निशानदेही पर बरगण्डा साई मंदिर के नीचे उसरी नदी के किनारे झाड़ियों में एक शव पडा मिला, जिसका पहचान मृतक के भाई के द्वारा किया गया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के द्वारा श्री श्याम किशोर महतो, पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी, मुफफसिल थाना के नेतृत्व में मुफफसिल एवं नगर थाना के पदाधिकारियों के साथ एक टीम गठित की गई, टीम के द्वारा तकनिकी एवं मानवीय साक्षियों के आधार पर त्वरित अनुसंधान करते हुए इस मामले के हरेक बिन्दुओं पर गहराई से जॉच कर कुल तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। हत्या का कारण मृतक रोहित कुमार का अभियुक्त पीयुष पासवान की बहन से प्रेम प्रसंग था जिसको लेकर रोहित कुमार का पीयुष पासवान के साथ कई बार लडाई झगडा, और फिर सामाजिक रुप से समझौता भी हुआ था। करीब छः माह पूर्व अभियुक्त पीयुष पासवान की बहन की शादी हो गयी, परंतु उसके शादी होने के बाद भी पीयुष पासवान इस बात को नही भुला और पुरानी दुश्मनी को लेकर अभियुक्त पीयुष पासवान के द्वारा मृतक रोहित कुमार की हत्या करने हेतु घटना से पूर्व कुछ पैसा भी चंदु कुमार एवं नाबालिग साथी को दिया। दिनांक 15.08.25 को चंदू कुमार, रोहित कुमार को बरगण्डा साई मंदिर के नीचे उसरी नदी के किनारे बुलाकर नशा का सेवन कराकर तीनो अभियुक्तो के द्वारा षड्यंत्र के तहत रोहित कुमार की लोहे का पाईप से सिर पर जोर से मार कर हत्या कर शव को झाडियो मे फेक दिया।

## शराब के नशे में मुखिया के बेटे ने छीनी जिंदगीः भाई की मौत, बहन जिंदगी और मौत से जूझ रही

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नावाबाजार थाना क्षेत्र के इटको मोड के पास बुधवार की शाम एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। तुकबेरा गांव के मुखिया विनोद विश्वकर्मा का बेटा, शराब के नशे में धुत होकर अपनी पंच कार से स्कूटी सवार भाई-बहन को रौंद डाला। इस दर्दनाक टक्कर में 22 वर्षीय त्रिपुरारी मेहता की मौत हो गई, जबकि उसकी बहन 18 वर्षीय जानवी कुमारी गंभीर रूप से घायल है और निजी अस्पताल में इलाज के बाद रांची रेफर कर दी गई जो जिंदगी और मौत से जूझ रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मुखिया का बेटा विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में कार चला रहा था। शराब के नशे में उसकी गाड़ी बेकाबू होकर सामने से आ रही स्कूटी से भिड़ गई। हादसा इतना भयानक था कि दोनों भाई-बहन सड़क पर बुरी तरह तड़पते रहे। ग्रामीणों ने आनन-फानन में पुलिस को खबर दी और घायलों को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। लेकिन डॉक्टरों ने त्रिपुरारी को मृत घोषित



कर दिया। जब पुलिस ने आरोपी युवक का अल्कोहल टेस्ट कराया, तो उसमें 99% अल्कोहल की मात्रा पाई गई, जिससे यह साफ हो गया कि हादसा पूरी तरह शराबखोरी और गैर-जिम्मेदारी का नतीजा था। मृतक त्रिपुरारी और घायल जानवी, गढ़वा जिले के जयनगरा गांव निवासी रणधीर मेहता की संतान हैं। वर्तमान में बैरिया स्थित बाजार समिति के सामने अपने मकान में रहते हैं। दोनों किसी काम से छतरपुर गुलाबचंद कॉलेज गए थे और लौटते समय यह हादसा हुआ। हादसे के बाद सैकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पर उमड़ पड़े और गुस्से में कहा कि एक शराबी की लापरवाही ने पूरे परिवार को उजाड़ दिया। लोगों ने मांग की है कि इस मामले में आरोपी पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि शराब और सत्ता के नशे में लोग मासूम जिंदगियों से खिलवाड़ न कर सकें।पुलिस ने कार और स्कूटी को जब्त कर लिया है और कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। वहीं, मृतक के घर पर मातम पसरा हुआ है—जहां एक बेटे की लाश घर पहुंची है और बेटी अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है।

## एलसीएमसीएच विश्रामपुर में पहला टॉन्सिल ऑपरेशन हुआ सफल

**मेदिनीनगर (पलामू)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एलसीएमसीएच), विश्रामपुर ने चिकित्सा सेवा में नई उपलब्धि दर्ज की है। यहां पहली



बार टॉन्सिल का सफल ऑपरेशन किया गया। यह अस्पताल ही नहीं बल्कि पूरे पलामू जिले के लिए ऐतिहासिक क्षण है। मुरमा कला निवासी 12 वर्षीय मरीज बॉबी राज को लंबे समय से गले में दर्द, संक्रमण व सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। इससे वह परेशान थे। चिकित्सकीय जांच में गंभीर टॉन्सिल की पुष्टि होने पर ऑपरेशन किया गया। ईएनटी विभाग के सर्जन डॉ. संदीप पटेल के नेतृत्व में शल्य चिकित्सा की गई। इसमें अनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ. बशिष्ठ नारायण सिंह, डॉ. विकास, डॉ. मृगनयनी, ओटी असिस्टेंट दयानन्द कुमार की अहम भूमिका रही। वहीं नर्सिंग इंचार्ज अमर कुमार ने टीम वर्क व निष्ठा से सहयोग दिया। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. नित्यानंद ने कहा कि पहली बार इस तरह का ऑपरेशन होना अस्पताल की बढ़ती विशेषज्ञता व विश्वास को दशार्ता है। डायरेक्टर डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि इस उपलब्धि से अब पलामू के मरीजों को बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।

### एक भी पीवीटीजी परिवार बगैर बिजली कनेक्शन के नहीं रहे, यह हो सुनिश्चित : उपायुक्त

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के कार्य प्रगति की समीक्षा की।उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजना खाद्य, सार्वजनिक वितरण व उपभोक्ता मामले विभाग, श्रम-नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला बाल विकास व सामाजिक सुरक्षा विभाग, कृषि-पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की सूक्ष्मता से समीक्षा की।

## प्रतिभाओं का गौरव, सम्मान का पर्व हिमालय कॉलेज में प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 21 अगस्त 2025 को हिमालय कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन, चिकसी, पटना के कॉलेज प्रांगण में (युवा शक्ति सम्मान समारोह) का आयोजन किया गया, यह आयोजन एंटी रैगिंग वीक 2025 एवं अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस 2025 के उपलक्ष्य में बीते दिनों हुए विभिन्न इंटर कॉलेज प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को



प्रशंसा प्रमाणपत्र एवं विजेताओं को विजेता प्रमाणपत्र प्रदान करने हेतु आयोजित की गयी जिसमें निबंध लेखन, वक्तृत्व कला, पेंसिल स्केच, पोस्टर प्रस्तुति तथा भाषण प्रतियोगिता सम्मिलित थीं। प्रतियोगिताएं युवाओं की रचनात्मकता, जागरूकता एवं प्रतिभा को उजागर करने का माध्यम बनीं। कार्यक्रम का संचालन कद्दअउ समन्वयक श्री कृष्णा नन्द दुबे एवं कार्यक्रम समन्वयक श्री रवि शंकर मिश्रा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह के अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के. अशोक कुमार, फामेर्सी कॉलेज के प्राचार्य श्री हिमांशु रंजन, पैरामेडिकल कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती सोनी कुमारी, अकादमिक इंचार्ज श्री रवि भूषण कुमार, विभिन्न कॉलेजों के शिक्षण संकाय के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ० के अशोक कुमार नें सभा को संबोधित करते हुए कहा कि : " युवा हमारे समाज की रीढ़ हैं। ऐसे आयोजन न केवल उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित भी करते हैं। रैगिंग के विरुद्ध जागरूकता और अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस जैसे अवसर हमें याद दिलाते हैं कि भविष्य की दिशा तय करने की असली ताकत युवाओं में ही है। हिमालय कॉलेज परिवार की ओर से सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयीं।

## मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती की रोकथाम हेतु समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय (नकॉर्ड) समिति की बैठक

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में नशीली दवाओं/अफीम, गांजा की अवैध खेती को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया



आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय (नकॉर्ड) समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं इसकी खेती पर रोकथाम करने पर चर्चा किया गया तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने हेतु नकॉर्ड समिति के सभी सदस्यों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नशीली दवाओं की लत, मादक पदार्थों वाले क्षेत्रों, नशीली दवाओं के उपयोग के प्रमुख क्षेत्रों तथा नशीली दवाओं की समस्या से निपटने के लिए संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में जिले में नशीली दवाओं के दुरुपयोग व मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मादक पदार्थ की बिक्री, सेवन, तस्करी व उपयोग पर सजगता के साथ लोगो के ऐसे कार्यों में संलिप्तता पर नजर रखने और जिन क्षेत्र में अफीम की खेती की सूचना मिलती है तो खेती के विनष्टीकरण के साथ-साथ जिनके द्वारा खेती की गई है और जो लोग उसमें संलिप्त हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया कि नशा वाली दवाइयों का प्रॉपर तरीके से रिपोर्ट रखें। दवा देते समय चिकित्सक की पर्ची का अनिवार्य रूप से जांच करें। इसके साथ ही झोला छाप चिकित्सकों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। मौके पर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिविल सर्जन, ड्रग इंस्पेक्टर समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## औचक निरीक्षण करने पहुंची रांची की टीम को केआइटी से लौटना पड़ा, गेट पर लगा रहा ताला

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खंडोली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (केआईटी) का गुरुवार को झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रांची की टीम ने औचक निरीक्षण किया। लेकिन संस्थान प्रबंधन की ओर से सहयोग न मिलने के कारण टीम को बैरंग लौटना पड़ा।सूत्रों के अनुसार, जैसे ही



निरीक्षण की भनक लगी, ट्रस्ट के कथित चेयरमैन अरविंद कुमार मंडल ने संस्थान के मुख्य द्वार पर बाहर से ताला जड़वा दिया। नतीजतन, मूसलधार बारिश में निरीक्षण टीम को गार्ड रूम में घंटों बैठना पड़ा। टीम के लगातार आग्रह के बावजूद मुख्य गेट नहीं खोला गया। विवश होकर टीम को बिना निरीक्षण किए वापस लौटना पड़ा। झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. स्नेह कुमार ने बताया कि टीम का उद्देश्य केवल संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था, प्राचार्य और उप प्राचार्य से मुलाकात, विद्यार्थियों की स्थिति जानने तथा कॉलेज से जुड़े कागजातों की जांच करना था। उन्होंने स्पष्ट किया कि ट्रस्ट विवाद से टीम का कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन गेट बंद रहने के कारण न तो निरीक्षण हो सका और न ही कॉलेज प्रशासन से कोई वार्ता इस बीच ट्रस्ट के दूसरे पक्ष के आशुतोष पांडेय भी केआईटी पहुँच गए थे। दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति को देखते हुए परिसर को पुलिस छावनी में बदल दिया गया था। मौके पर बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह, एसआई विभूति देव समेत बड़ी संख्या में जिला पुलिस बल मौजूद रहे। प्रो. स्नेह कुमार ने कहा कि कार्यदिवस में कॉलेज का बंद रहना चिंता का विषय है। इससे स्पष्ट है कि विद्यार्थी और संस्थान दोनों प्रभावित हो रहे हैं। यह स्थिति अत्यंत गंभीर और दुखद है। टीम के अन्य सदस्यों—सहायक कुलसचिव निशांत कुमार और राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कोडरमा के प्राचार्य डॉ. अयोध्या कुमार ने भी संस्थान की व्यवस्था पर गंभीर चिंता जताई निरीक्षण के दौरान अरविंद कुमार मंडल ने लिखित रूप से टीम को बताया कि उन्होंने कॉलेज के अंदर अनधिकृत लोगों के प्रवेश की आशंका से गेट का ताला नहीं खोला। उन्होंने कहा कि केआईटी की सभी रिपोर्ट विश्वविद्यालय को सौंप दी जाएंगी और अंतिम निर्णय सरकार करेगी।

## देवरी में दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को इंडिया गठबंधन के नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देवरी थाना मोड़ स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय परिसर में बुधवार को इंडिया गठबन्धन के सभी घटक दलों के नेताओं और कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व राम दास सोरेन के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में पहुँचे झामुमो के जिला प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि रामदास सोरेन का निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। वो झारखण्ड वासियों के दिलों में अमर रहेंगे । उनके निधन से झामुमो को अपूरणीय क्षति हुई है श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष मोजाहिद अंसारी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज कुमार राय, राजद




के जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन यादव एवं माले के प्रखंड सचिव मुस्तकीम अंसारी संयुक्त रूप से कर रहे थे। सभा में स्व राम दास सोरेन की दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु पहले दो मिनट का मौन रखा गया । प्रखंड अध्यक्ष मोजाहिद अंसारी ने कहा कि झारखंड के दिवंगत शिक्षा मंत्री राम दास सोरेन एक धैर्यवान, सहनशील , मृदुभाषी और इंसानियत के सजग प्रहरी थे। उनके निधन से पूरे झारखंड का अपूरणीय क्षति है श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख भीखन मंडल, जिला सह सचिव अनिल चौधरी, झामुमो के वरिष्ठ नेता फुलचंद हाजरा, बम भोला सिंह, कोषाध्यक्ष व्यास राय, संगठन मंत्री टुकलाल हाजरा, रामकिशुन हाजरा, किशोर वर्मा, कासिम अंसारी, हाफिज रहमत, रजाक अंसारी, मुखिया कैलाश यादव, सुरेश यादव, निजाम अंसारी, पौलूस हांसदा, जीतन हेम्ब्रम, अहमद अंसारी, मनीष चौधरी, कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज राय, कांग्रेस नेता अनिल चौधरी, नरेश महथा, किशोर राय, जिला परिषद सदस्य विमल कुमार सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष धोकल दास, कांग्रेस नेता रामनारायण दास, राजद जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन यादव, देवरी प्रखण्ड अध्यक्ष रामकिशुन हाजरा, पंकज कुमार, मुमताज अंसारी, मनोज हाजरा, चन्दन कुमार हाजरा, शमीम अंसारी, माले के प्रखंड सचिव मुस्तकीम अंसारी, तालों मरांडी, भीमसेन हेंब्रम, सुरेश राय, सहित सहायक अध्यापक महासंघ के जिला महासचिव सह समाज सेवी सुखदेव हाजरा, सहायक अध्यापक संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष उमेश प्रसाद राय, सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, सुखदेव राम, रामकिशुन राम, मुमताज अंसारी, मनान अंसारी, सहित कई लोगों ने पूर्व शिक्षा मंत्री स्व राम दास सोरेन के दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया ।

## 12 नहीं, 6 घंटे काम और भी ज्यादा कामयाब, एक को-फाउंडर का दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैं रोज 12-14 घंटे काम नहीं करता हूं। ज्यादातर दिन, मैं सिर्फ 5-6 घंटे ही काम करता हूं। बाकी का समय मैं किताबें पढ़ता हूं, सोच-विचार करता हूं, अपनी बेटी के साथ अच्छा वक्त बिताता हूं, या फिर बस कुछ नहीं करता हूं। क्या इस वजह से मैं कम महत्वाकांक्षी हूं मेरी राय में, बिल्कुल नहीं। ऐसा इसलिए, क्योंकि पिछले कुछ सालों से, मैंने एक साथ कई चीजों को इ सुस्ट करके ही सफलता पाई है। यह कहना है नोएडा की एक इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग एजेंसी डिजिविसल के को-फाउंडर सीए दीपक भाटी की। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी ने पिछले सिर्फ दो सालों में अपनी आमदनी में 200 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। यह सब कभी 24/7 लगातार हसल करने से नहीं मिला। यह सही चीजों पर ध्यान केंद्रित करने से मिला। अपने लिंक्डइन पोस्ट में सीए दीपक भाटी आगे लिखते हैं, ...और मैंने यह सीखा है, आपकी पहचान काम के घंटों से नहीं, बल्कि आपके द्वारा किए गए काम के नतीजों से होती है। इसलिए अगर आपके लिए 6 घंटे का काम काफी है। बढ़िया। अगर आपके लिए 16 घंटे काम करना जरूरी है, बढ़िया। असली सवाल ये है कि क्या आप खुश हैं क्या आप प्रोडक्टिव हैं क्या आप आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि काम के घंटे आपकी महत्वाकांक्षा को साबित नहीं करते, बल्कि आपके नतीजे करते हैं।

## 8 दिन से निवेशकों पर बरस रहा पैसा, 70 प्रतिशत का छप्परफाड़ रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यात्रा ऑनलाइन के शेयर जिस भी निवेशक के पास हें, उनपर 8 दिनों से पैसों की बारिश हो रही है। कंपनी का शेयर गुरुवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 6 प्रतिशत चढ़कर 163.38 रुपये के अपने नए 52-हफ्ते के हाई पर पहुंच गया। यह छोटी कंपनी पिछले 8 ट्रेडिंग दिनों में 95.87 रुपये के स्तर से 70 प्रतिशत उछल चुकी है और अब यह 2 फरवरी, 2024 को छुए अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 193.95 रुपये के करीब पहुंच रही है। इस शेयर में आए तेज उछाल की सबसे बड़ी वजह जून 2025 में खत्म हुए तिमाही के शानदार नतीजे हैं। इस तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 296 प्रतिशत बढ़कर 16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी की राजस्व वृद्धि 108 प्रतिशत रही, जो 209.8 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की कमाई भी 247 प्रतिशत बढ़कर 24.2 करोड़ रुपये पर पहुंच गई और इसका मार्जिन भी पिछले साल के 9 प्रतिशत के मुकाबले बढ़कर 21 प्रतिशत हो गया। यात्रा ऑनलाइन ने होटल्स एंड पैकेजेज बिजनेस और मीटिंग्स, इनटिव्स, कॉन्फ्रेंसेज, एंड एक्जीबिशन सेगमेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। कॉर्पोरेट बिजनेस में मजबूती और एच एंड पी बिजनेस में ऊंचे मार्जिन ने कंपनी के नतीजों को और बढ़ावा दिया है। बिजनेस स्टैंडर्ड के मुताबिक निवेशकों को यह जानकर भी खुशी हुई कि कंपनी ने अपने कॉर्पोरेट बिजनेस में नए ग्राहक जोड़े हैं, जिनका सालाना बिलिंग पोटेंशियल 2 अरब रुपये है। इसके अलावा, कंपनी ने कॉर्पोरेट ग्राहकों को बनाए रखने में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। कंपनी की वित्तीय सेहत में भी सुधार हुआ है। 30 जून, 2025 तक कंपनी के पास नकद और कैश इक्विवैलेंट और टर्म डिपॉजिट 2,208 मिलियन रुपये थे। कंपनी का सकल कर्ज 31 मार्च, 2025 के 546 मिलियन रुपये से घटकर 30 जून, 2025 को 29 मिलियन रुपये रह गया है भारत में कॉर्पोरेट ट्रैवल मार्केट के एफवाय27 तक 20 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, इस सेगमेंट में ऑनलाइन पैठ एफवाय24 में केवल 20 प्रतिशत ही थी, जबकि समग्र ट्रैवल इंडस्ट्री में यह 45 प्रतिशत है।

# 45 करोड़ लोग सालाना गंवाते हैं 20,000 करोड़ ऑनलाइन मनी गेमिंग पर लगाम की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
लोकसभा ने बुधवार को ऑनलाइन गेमिंग प्रमोशन एवं रेगुलेटरी बिल 2025 पास कर दिया। इस बिल में मॉनिटरी कंपोनेंट वाले ऑनलाइन गेम्स पर पूरी तरह से प्रतिबंध का प्रावधान है। आने वाले समय में ऑनलाइलाइन फैंटेसी स्पोर्ट्स से पोकर, रमी और कार्ड गेम्स जैसे ऑनलाइन सट्टेबाजी पर शिंकजा कसा जाएगा। इस बिल में ऑनलाइन गेमिंग रेगलुटेरी अथॉरिटी बनाए जाने के साथ ही ई स्पोर्ट की मान्यता और प्रोमोशन का प्रावधान भी शामिल है। इसमें ऑनलाइन गेम्स खेलने वालों पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होगी। इसका मकसद मनी गेम्स के बुरे नतीजों से निपटना है।

इंडस्ट्री का कहना है कि यह बिल जॉब-क्रिएटिंग इंडस्ट्री को खत्म कर देगा। दावा किया है कि इससे 2 लाख से ज्यादा नौकरियां जाने और 400 से अधिक कंपनियों के बंद होने का संकट है। सूत्रों का कहना है कि सरकार चाहती थी कि इसे लेकर एक सेल्फ रेगुलेशन का मैकेनिज्म इंडस्ट्री की ओर से ही आए। सरकार ने सेल्फ रेगुलेटरी ऑर्गनाइजेशन (एसआरओ) मैकेनिज्म को लेकर इंडस्ट्री के साथ कंसल्टेशन और बातचीत भी की थी। लेकिन उद्योग की ओर से इस तरह का कोई फ्रेमवर्क सामने नहीं आया। जिसके बाद सरकार ने इसे रेगुलेट करने के लिए कदम उठाया।



### क्या हैं चिंताएं

सरकार का अनुमान है कि हर साल करीब 45 करोड़ लोग ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग में लगभग 20,000 करोड़ रुपये गंवा देते हैं। सरकार ने माना है कि ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग समाज के लिए एक बड़ी समस्या बन गया है। ऑनलाइन मनी गेम्स के चलते फ्रॉड और धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं। साथ ही मनी लॉन्ड्रिंग और टेटर फंडिंग के सबूत भी मिले हैं। देश के लाखों परिवार इससे प्रभावित हुए हैं।

### क्या है मकसद

सरकार का कहना है कि इस कानून का मकसद हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सर्विसेज, उनसे जुड़े विज्ञापनों और वित्तीय लेन को प्रतिबंधित करना है। सरकार का मानना है कि गेमिंग और बेटिंग से जुड़े एडिक्शन से लोगों को ना सिर्फ वित्तीय नुकसान बल्कि कुछ केसों में आत्महत्याएं तक देखने को मिलती रही है।

## अडानी ने लिया विदेशी कंपनियों से 2400 हजार करोड़ का कर्ज



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अडानी ग्रुप ने हाल ही में करीब 275 मिलियन डॉलर (करीब 2400 हजार करोड़ रुपये) का कर्ज लिया है। यह कर्ज विदेशी मुद्रा में लिया गया है। इससे पता चलता है कि अडानी ग्रुप अभी भी कर्ज लेने में सक्रिय है। इस बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने यह बात बताई है।

ब्लूमबर्ग के मुताबिक अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने 150 मिलियन डॉलर का कर्ज लिया है। यह कर्ज कई बैंकों से मिलकर लिया गया है। इन बैंकों में बार्कलेज पीएलसी, डीबीएस बैंक लिमिटेड, फर्स्ट अबू धाबी बैंक और मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, जानकारी गोपनीय होने के कारण नाम न बताने की शर्त पर यह खबर दी गई है। इसके अलावा, अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड ने भी 125 मिलियन डॉलर का कर्ज लिया है। यह कर्ज मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप के साथ एक द्विपक्षीय समझौते के तहत लिया गया है।

### निवेशकों का बढ़ रहा भरोसा

निवेशकों का अडानी ग्रुप पर भरोसा बढ़ रहा है। इसलिए वे अडानी ग्रुप को कर्ज देने के लिए तैयार हैं। अडानी ग्रुप अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए अलग-अलग तरीकों से फंड जुटा रहा है। पिछले छह महीनों में अडानी ग्रुप ने 10 अरब डॉलर से ज्यादा का कर्ज लिया है। यह उनके कुल कर्ज का लगभग एक तिहाई है। S&P ग्लोबल रेटिंग्स ने हाल ही में तीन अडानी यूनिट्स के आउटलुक को बढ़ाया है। उन्होंने इसकी वजह अडानी ग्रुप की क्रेडिट तक पहुंच को बताया है।

### कितना लगेगा ब्याज

एयरपोर्ट के लिए लिए गए कर्ज पर सिक्योर्ड ओवरनाइट फाइनेंसिंग रेट से लगभग 300 बेसिस पॉइंट्स ज्यादा ब्याज लगेगा। पोर्ट्स के लिए लिए गए कर्ज पर एसओएफआर से 215 बेसिस पॉइंट्स ज्यादा ब्याज लगेगा। एसओएफआर एक बेंचमार्क ब्याज दर है। दोनों कर्ज चार साल के लिए हैं। इनसे मिलने वाले पैसे का इस्तेमाल डॉलर बॉन्ड को वापस खरीदने और पूंजीगत खर्चों के लिए किया जाएगा।

जून में मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने करीब 750 मिलियन डॉलर जुटाए थे। यह एयरपोर्ट अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा मैनेज किया जाता है। यह पैसा अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट इंक. के नेतृत्व में वैश्विक निवेशकों से मिला था। इस पैसे का इस्तेमाल भारत के दूसरे सबसे बड़े एयरपोर्ट के मौजूदा कर्ज को चुकाने के लिए किया गया था। इस समझौते में पूंजीगत व्यय और क्षमता विस्तार की जरूरतों के लिए 250 मिलियन डॉलर तक की अतिरिक्त फंडिंग की भी अनुमति दी गई थी। इसका मतलब है कि एयरपोर्ट को और बेहतर बनाने के लिए भी पैसा मिल सकता है।

# सस्ते में शेयर बेच रहे कुमार मंगलम बिड़ला

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश के टॉप अरबपतियों में शामिल कुमार मंगलम बिड़ला की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने पिछले साल इंडिया सीमेंट्स को खरीदा था। अल्ट्राटेक सीमेंट अब इंडिया सीमेंट्स में 740 करोड़ रुपये के शेयर बेचने की तैयारी में है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि मार्केट रेगुलेटर सेबी के नियमों का पालन हो सके। नियमों के मुताबिक किसी भी लिस्टेड कंपनी में कम से कम 25 प्रतिशत शेयर आम लोगों के पास होने चाहिए। अभी देश की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक के पास इंडिया सीमेंट्स के 81.5 प्रतिशत शेयर हैं। इसलिए अल्ट्राटेक को 6.5 प्रतिशत शेयर बेचने होंगे। शेयर बेचने के बाद अल्ट्राटेक के पास इंडिया सीमेंट के 75 प्रतिशत शेयर रह जाएंगे। ये शेयर गुरुवार और शुक्रवार को बेचे जाएंगे।

इंडिया सीमेंट्स के शेयर का दाम 368 रुपये प्रति शेयर रखा है जो इसके बुधवार के बंद भाव से थोड़ा कम है। बीएसई पर बुधवार को इंडिया सीमेंट्स का शेयर 370 रुपये पर बंद हुआ था। जून 2024 में बिड़ला ने पहली बार इंडिया सीमेंट्स में दिलचस्पी दिखाई थी। उन्होंने राधाकिशन दमानी से 24 प्रतिशत शेयर खरीदे थे। फिर एक महीने बाद एन. श्रीनिवासन और उनके रिश्तेदारों से 32.8 प्रतिशत शेयर खरीदे। इसके बाद उन्होंने इंडिया सीमेंट्स में 26 प्रतिशत शेयर खरीदने के लिए ओपन ऑफर दिया।

### एक साल पहले खरीदी थी कंपनी



**52 हफ्ते के टॉप पर शेयरत्न** सेबी के नियमों के अनुसार इंडिया सीमेंट्स के पास 3 फरवरी, 2026 तक का समय है। इस तारीख तक कंपनी को ये सुनिश्चित करना है कि उसके पर्याप्त शेयर आम लोगों के पास हों। गुरुवार को शुरुआती कारोबार में इंडिया सीमेंट्स का शेयर करीब 4 फीसदी तेजी के साथ 384.75 रुपये पर पहुंच गया जो इसका 52 हफ्ते के टॉप है। इसी तरह अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 0.12 प्रतिशत गिरावट के साथ 12855.75 रुपये पर है।

## अनिल अंबानी के शेयरों पर टूट पड़े लोग, रिलायंस इंफ्रा और पावर में लौटी तूफानी तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस पावर के शेयरों पर लोग टूट पड़े हैं। दोनों ही कंपनियों के शेयरों में तूफानी तेजी है। रिलायंस इंफ्रा और रिलायंस पावर के शेयर लगातार तीसरे दिन अपर सर्किट पर हैं। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर गुरुवार को बीएसई में 5 पर्सेंट चढ़कर 303.70 रुपये पर पहुंच गए हैं। बीएसईपर सुबह 9:30 बजे रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के 1,32,000 से ज्यादा शेयरों के बाय ऑर्डर पेंडिंग दिखा रहा है। वहीं, रिलायंस पावर के शेयर भी 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 50.08 रुपये पर पहुंच गए हैं। बीएसई पर रिलायंस पावर के 3,51,406 शेयरों के बाय ऑर्डर पेंडिंग हैं। दोनों कंपनियों के शेयरों में यह तेजी उनसे जुड़ी गुड न्यूज की वजह से आई है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने घोषणा की है कि उसे नवरत्न कंपनी एनएचपीसी से 390 एम डब्ल्यू सोलर पावर और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम प्रोजेक्ट के लिए लेटर ऑफ अवॉर्ड मिला है। यह प्रोजेक्ट, अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाले रिलायंस ग्रुप के पोर्टफोलियो में 700 एम डब्ल्यू की सोलर डीसी कैपेसिटी और 780 एम डब्ल्यू एच की स्टोरेज कैपेसिटी जोड़ेगा। लीडरशिप पोजिशन को मजबूत करेगा। अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर ने भूटान में एक नए ज्वाइंट वेंचर (संयुक्त उपक्रम) में अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इससे संयुक्त उपक्रम से कंपनी के क्लीन एनर्जी पोर्टफोलियो को मजबूती मिलेगी।

# प्लास्टिक के कचरे से मोटी कमाई कर रहे दोस्त

### खड़ी कर दी करोड़ों रुपये की कंपनी





**नई दिल्ली, एजेंसी।**
कोच्चि का एक स्टार्टअप प्लास्टिक कचरे को उपयोगी चीजों में बदल रहा है। इस स्टार्टअप का नाम कार्बन एंड व्हेल है। इसने सिर्फ दो साल में 10,000 किलो से ज्यादा प्लास्टिक को रिसाइकल किया है। अब यह 8 करोड़ रुपये की कंपनी बन गई है। यह कंपनी सिंगल-यूज प्लास्टिक को रिसाइकल करती है। फिर उससे बेंच, स्टूल और इंटरलॉक टाइल्स जैसे मजबूत प्रोडक्ट बनाती है। कंपनी का कहना है कि उनके प्रोडक्ट 15 से 20 साल तक चलते हैं। साथ ही, इन्हें बाद में फिर से रिसाइकल किया जा सकता है।

**2022 में शुरू हुई थी कंपनी:** कार्बन एंड व्हेल की शुरुआत साल 2022 में हुई थी। इसे दो दोस्तों एल्विन जॉर्ज और सिद्धार्थ एके ने शुरू किया था। एल्विन इंजीनियर हैं और उन्हें एजुकेशन और डिजिटल सेक्टर का अनुभव है। सिद्धार्थ ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की है। बाद में सूरज वर्मा भी इस टीम में शामिल हो गए। वे सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में प्रोफेसर हैं। सूरज ने कंपनी को तकनीकी जानकारी देने में मदद की।

**क्या है कमाई का मॉडल:** कार्बन एंड व्हेल एक खास तरीके से काम करती है। इसे सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल कहते हैं। इसमें किसी भी चीज को बेकार नहीं जाने दिया जाता। कंपनी का कहना है कि उनके फर्नीचर को पिघलाकर नए प्रोडक्ट बनाए जा सकते हैं। यह कंपनी बेंच पर विज्ञापन दिखाकर भी पैसे कमाती है। लुलु ग्रुप, कोच्चि मेट्रो, केरल टूरिज्म और कोचीन स्मार्ट मिशन लिमिटेड इस कंपनी के पार्टनर हैं। केरल स्टार्टअप मिशन और केएसआईडीसी जैसी सरकारी संस्थाओं ने भी इस कंपनी को सपोर्ट किया है।

### इवेंट में मिले थे दोनों

एल्विन और सिद्धार्थ एक इवेंट में मिले थे। दोनों को प्लास्टिक प्रदूषण की चिंता थी। इसलिए, उन्होंने मिलकर इसका समाधान निकालने की सोची। इस तरह कार्बन एंड व्हेल की शुरुआत हुई। यह कंपनी स्कूल, कॉलेज और बीच की सफाई से प्लास्टिक कचरा इकट्ठा करती है। फिर कचरे को छांटकर प्रोसेस किया जाता है। इसके बाद उससे फर्नीचर बनाया जाता है। यह फर्नीचर कोच्चि, तिरुवनंतपुरम, कोझिकोड और बेंगलुरु जैसे शहरों के पार्क, मेट्रो स्टेशन और शॉपिंग सेंटर में देखा जा सकता है।

**कंपनी का नया अभियान:** अब इस स्टार्टअप ने एक नया अभियान शुरू किया है। इसका लक्ष्य है 10 लाख किलो प्लास्टिक कचरे को रिसाइकल करना। कार्बन एंड व्हेल ने यह साबित कर दिया है कि पर्यावरण की समस्याओं को बिजनेस के अवसर में बदला जा सकता है।

### डेलॉय-फिक्की की रिपोर्ट

# 2030 तक दोगुना होगा भारत का रिटेल बाजार, ई-कॉमर्स और घरेलू मांग बनेंगे विकास के इंजन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश का खुदरा क्षेत्र 2030 तक दोगुना होकर 1.93 लाख करोड़ डॉलर का हो जाएगा।पांच साल की इस अवधि में यह क्षेत्र सालाना 10 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगा। 2024 में भारतीय खुदरा बाजार 1.06 लाख करोड़ डॉलर का था। डेलॉय एवं फिक्की की एक रिपोर्ट के मुताबिक, खुदरा क्षेत्र के इस रफ्तार से बढ़ने की सबसे बड़ी वजह देश का मजबूत घरेलू बाजार है। यह वैश्विक स्तर पर व्यापार में हो रहे भारी उतार-चढ़ाव से भारत को बचाने में मदद करता है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि भारत के खुदरा और उपभोक्ता क्षेत्र में बड़ा बदलाव आ रहा है। घरेलू खरीदारी बढ़ रही है। डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल तेजी से हो रहा है। लोग महंगे और बेहतर उत्पादों की ओर बढ़ रहे हैं।शहरों के साथ छोटे और नए बाजारों में ई-कॉमर्स का विस्तार हो रहा है। ऑनलाइन बाजार अब 73 फीसदी खरीद निर्णयों को प्रभावित कर रहे हैं।



### युवाओं में 250 अरब डॉलर खर्च की क्षमता

रिपोर्ट में कहा गया है, युवा पीढ़ी की 250 अरब डॉलर की खर्च करने की क्षमता के साथ बढ़ती क्रय शक्ति से घरेलू मांग को बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही, यह ब्रांड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने का आत्मविश्वास भी दे रहा है। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुएदेश का डी2सी (डायरेक्ट-टु-कंज्यूमर) बाजार भी 2030 तक 100 अरब डॉलर के पार पहुंच जाएगा।2024 में यह 80 अरब डॉलर का था। डेलॉय दक्षिण एशिया के पार्टनर एवं कंज्यूमर इंडस्ट्री लीडर आनंद रमणनाथन ने कहा, भारत में युवा और डिजिटल तकनीक जानकार आबादी, मध्य वर्ग की बढ़ती ताकत और छोटे शहरों का आर्थिक प्रभाव खुदरा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। ई-कॉमर्स लेनदेन का 60 फीसदी से ज्यादा हिस्सा इन्हीं शहरों से आ रहा है।

# भारत-चीन व्यापार शुरू होने पर दोनों को हर साल 5-6 अरब डॉलर लाभ



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत और चीन के बीच लंबे समय से ठप पड़ा सीमा व्यापार फिर शुरू होने जा रहा है। एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) और विश्व बैंक का अनुमान है कि व्यापार बहाली से शुरुआती चरण में दोनों देशों को हर साल 5-6 अरब डॉलर का लाभ होगा। नई सहमति के तहत न सिर्फ हिमालयी दर्रों से पारंपरिक व्यापार को गति दी जाएगी, बल्कि दुर्लभ खनिजों और उर्वरक आपूर्ति की आपसी जरूरतें भी पूरी की जाएंगी।विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम टैरिफ दबावों, विशेषकर अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों के बीच भारत को बड़ा राहत कवच देगा। भारत-चीन सीमा व्यापार हजारों साल पुराना है, जो सिल्क रूट एवं हिमालयी दर्रों के जरिये सदियों तक चलता रहा। नाथू ला दर्रा (सिक्किम) 1962 के युद्ध के बाद बंद हो गया था, लेकिन 2006 में इसे फिर खोला गया। यहां से कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स और उपभोक्ता वस्तुओं का व्यापार होता है। लिपुलेख दर्रा उत्तराखंड में है। भारत-चीन सीमा व्यापार में इसका भी योगदान रहा है। हिमाचल प्रदेश स्थित शिपकी ला दर्रा ऐतिहासिक रूप से ऊन, नमक, मसाले और स्थानीय उत्पादों के आदान प्रदान के लिए जाना जाता रहा है। समझौते के तहत शिपकी ला दर्रा, सनाथुला दर्रा और अरुणाचल प्रदेश के बोमडिला मार्ग को प्राथमिकता से खोला जाएगा। भारतीय विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, चीन ने दुर्लभ धातुओं की आपूर्ति का आश्वासन दिया है, जिनकी सर्वाधिक जरूरत भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों को है। भारत बदले में चीन को फॉस्फेट और पोटाश आधारित उर्वरकों की आपूर्ति करेगा। भारतीय उद्योग परिसंघ के मुख्य अर्थशास्त्री अरुण चतुर्वेदी ने कहा, यह समझौता भारत की विनिर्माण क्षमता को मजबूती देगा और चीन की खाद्य सुरक्षा रणनीति में योगदान करेगा। भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉ. बिस्वजीत धर ने कहा, ट्रंप टैरिफ ने भारतीय निर्यातकों की लागत बढ़ा दी है। अगर भारत चीन के साथ दुर्लभ खनिजों और उर्वरकों के अलावा मध्यवर्ती औद्योगिक वस्तुओं का आयात बढ़ाता है, तो उत्पादन लागत घटेगी और अमेरिकी टैरिफ से होने वाला 3-5 अरब डॉलर का सालाना नुकसान काफी हद तक संतुलित हो सकेगा।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 21-08-2025 21:44 Page 1



# वृद्ध दंपति की पीट-पीटकर हत्या

▶ अज्ञात लोगों ने घर में ही दिया घटना को अंजाम

▶ घर के अन्य सदस्य मनसा पूजा में गये थे गोड्डा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चोरकटा गांव में अज्ञात लोगों ने वृद्ध दंपति की घर में ही पीट-पीटकर हत्या कर दी। बुधवार की शाम करीब नौ बजे घर वालों से सूचना मिलने पर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। हत्या का कारण भी स्पष्ट नहीं हुआ है।

बताया जाता है कि मथुरा साहा और उनकी पत्नी वीमू बाला साहा दो दिनों से घर में अकेली थी। परिवार के सभी सदस्य मनसा पूजा में गोड्डा गए हुए थे।

बुधवार की शाम करीब नौ बजे परिवार के सदस्य घर लौटे तो दरवाजा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो दंपति मरे पड़े हुए थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की।

गांव वालों ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की शाम दोनों को एक साथ देखा गया था। इस घटना को मंगलवार की देर रात या बुधवार की सुबह अंजाम दिया गया है।

मुफस्सिल थाना प्रभारी सत्यम कुमार का कहना है कि अभी छानबीन चल रही है। हत्या की वजह स्पष्ट नहीं है। परिवार वाले भी कुछ नहीं बता पा रहे हैं। डंडा से पीट-पीटकर वारदात को अंजाम दिया गया है। शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया जा रहा है।

# नशे में धुत्त मुखिया पुत्र ने कार से स्कूटी में मारी ठोकर

## स्कूटी सवार भाई की मौत, बहन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** क्षेत्र के इटको गांव बुधवार की देर शाम सनसनीखेज हादसे का गवाह बना। शराब के नशे में धुत तुकबेरा पंचायत के मुखिया विनोद विश्वकर्मा का बेटा ने कार से स्कूटी सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण जमा हो गए। हादसे में स्कूटी चला रहे त्रिपुरारी मेहता (22 वर्ष), पिता रणधीर मेहता, निवासी जयनगरा (गढ़वा) की मौके पर ही मौत हो गई। कार ने दूसरे लेन में घुसकर टक्कर मारी है।

टक्कर में त्रिपुरारी की बहन जाह्नवी कुमारी (18 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गई। स्कूटी सवार दोनों (भाई- बहन) को मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, मेदिनीनगर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने त्रिपुरारी को मृत घोषित कर दिया। जाह्नवी की नाजुक हालत देखते हुए उसे तुरंत रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। फिलहाल उसकी स्थिति भी चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने विनोद की जांच की जिसमें नशे में होने की पुष्टि हुई। हादसे के बाद आरोपी मुखिया पुत्र मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ जमकर धुनाई कर दी। ग्रामीणों की पिटाई से वह भी घायल हो गया। उसका इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। बताया गया कि त्रिपुरारी और जाह्नवी बुधवार को किसी काम से छतरपुर स्थित गुलाबचंद प्रसाद कॉलेज गए थे। वहां से लौटते समय इटको गांव के पास यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही नावाबाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार और स्कूटी को जब्त कर लिया।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जा रहा जागरूक

## लोगों को दी जा रही सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार एवं उपायुक्त, खूंटी आर. रॉनिटा के निदेर्शानुसार जिला आपूर्ति कार्यालय, खूँटी द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों के सुदूरवर्ती/पहाड़ी, दुर्गम क्षेत्रों, आदिम जन जाति समुदाय के निवास क्षेत्रों एवं हाट-बाजारों/सरकारी स्थलों/चौक-चौराहों/मेले आदि स्थलों में नुक्कड़ नाटक टीम के माध्यम से आमजनों को विभागीय योजनाओं एवं इनका वास्तविक लाभ के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विभिन्न विभागीय योजनाओं (प्राथमिकता गृहस्थी योजना, अन्त्योदय अन्न योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना) के पात्र लाभुक नियमित रूप से जन वितरण प्रणाली की दुकानों से अपना निर्धारित राशन (चावल/गेहूं/नमक/चीनी/चना दाल एवं धोती/साड़ी/लूंगी) प्राप्त करें। नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को सरल/स्थानीय भाषा एवं मनोरंजक तरीके से जानकारी दी जा रही है, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग हों और समय पर खाद्यान्न का उठाव कर सकें।

इसके साथ ही आमजनों को सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्ध कराए जा रहे लाभों के संबंध में भी अवगत कराया जा रहा है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी, खूंटी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह की जागरूकता गतिविधियों से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लाभुकों की भागीदारी बढ़ेगी तथा पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

# दिव्यांग नाबालिग के साथ चाचा ने किया दुष्कर्म

## लंबे समय से कर रहा था यौन शोषण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** नाबालिग दिव्यांग के साथ उसके अपने सगे चाचा पिछले कई महीने से उसकी अस्मत लूटते रहे और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले का उजागर तब हुआ जब दिव्यांग नाबालिग की जांच में गर्भवती होने की बात आने सामने आई। आरोपी चाचा का नाम केतरा बेदिया है और यह मामला राजधानी रांची का है।

पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर बुधवार को थाने में शिकायत की और मामला दर्ज करवाया। जानकारी के अनुसार आरोपी लंबे समय से अपनी नाबालिग भतीजी का यौन शोषण कर रहा था। परिजनों की इसकी जानकारी तब हुई जब पीड़िता गर्भवती हो गई। आरोपी ने तीन दिन पहले पीड़िता का गर्भपात भी करवाया था। पुलिस ने पीड़िता की मेडिकल जांच कराई, जिससे मामले का खुलासा हुआ।

पीड़िता दिव्यांग है और आरोपी ने उसका फायदा उठाया। पुलिस ने केतरा बेदिया को हिरासत में ले लिया है और मामले की गहन जांच कर रही है। साथ ही, गर्भपात कराने वाले डॉक्टर की तलाश भी जारी है।

# नामांकित हैं 283 बच्चे उपस्थित रहे 19

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** प्रखंड क्षेत्र के स्कूलों का हाल बेहाल है। कुछ जर्जर स्कूलों में बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं तो कुछ विद्यालय में मिड डे मील में भारी गड़बड़ी की जा रही है।

मंगलवार को बंगाल की सीमा से सटे उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवानंदपुर में सुबह करीब 11:50 बजे रसोइया स्कूल के जर्जर भवन के बरामदे में मिड डे मील तैयार कर रही थी। दो कमरों का भवन काफी जर्जर हो चुका है। हालांकि, उसमें पठन-पाठन नहीं होता है।

यहां कक्षा एक से आठ तक की पढ़ाई होती है। 283 बच्चे नामांकित हैं पर नए भवन के एक कमरे में मात्र 19 बच्चे बैठे थे। उस समय तक हाजिरी बही में बच्चों की उपस्थिति नहीं बनाई गई थी।

इस स्कूल में तीन शिक्षक हैं जिनमें एक छुट्टी में थे और दो उपस्थित थे। पूछने पर शिक्षकों ने बताया कि मिड डे मील के बाद उपस्थिति बनती है। बताया कि राधानगर क्षेत्र में जलजमाव होने और बच्चों के अभिभावकों द्वारा पटवन का कार्य करने के कारण कम संख्या में बच्चे स्कूल पहुंच रहे हैं। वहीं, विद्यालय प्रबंधन समिति के ध्रुव मंडल बताते हैं कि बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति हो, इसके लिए अभिभावकों को जागरूक भी किया जाता है लेकिन कोई खास प्रभाव नही पड़ता है।

बच्चे स्कूल ड्रेस में पहुंचे इसके लिए विभाग उन्हें राशि उपलब्ध कराता है। बच्चों को पढ़ाई लिखाई में कठिनाई न हो इसके लिए बैग व किताब-कापी मिलती है किंतु मंगलवार का स्कूल के कक्षा में ऐसा नजारा देखने को मिला जैसे बच्चे स्कूल नहीं खेल के मैदान में या घर में हों। करीब 19 बच्चे ही कक्षा में बैठे थे वो भी बिना ड्रेस व किताबों के। शिक्षक संजय प्रसाद भगत रजिस्टर में कोई रिपोर्ट तैयार कर रहे थे। बीच-बीच में जाकर बच्चों को डांट रहे थे।

एसएमसी अध्यक्ष ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ड्रेस की राशि मिली थी लेकिन इस बार अब तक नहीं मिली है। जूते मोजे की भी राशि नहीं मिली है। मिड डे मील की राशि इस वर्ष के फरवरी माह के बाद से अब तक नहीं मिली है। बच्चों के लिए पीने के पानी की भी परेशानी है। स्कूल की पानी टंकी से सिर्फ खाना ही बनाया जा रहा है।

प्रधानाध्यापक थामस सोरेन ने बताया कि कभी कभार बच्चों की उपस्थिति कम रहती है। स्कूल में जिस दिन मिड डे मील में अंडा दिया जाता है उस दिन उपस्थिति बढ़ जाती है। पोशाक के लिए अब तक राशि क्यों नहीं भेजी गई है इसकी जांच कराई जाएगी। इसके अलावा स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश भी दिया जाएगा।

# लेनदेन के विवाद में युवक की गला घोंटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में रुपए के लेन-देन विवाद को लेकर एक युवक की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को जंगल में जलाकर सबूत मिटाने की कोशिश की गई। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, ललन भुईयां के आवेदन पर 20 अगस्त को लेस्लीगंज थाना में कांड संख्या 111/2025 दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 16 अगस्त को घुटुवा गांव निवासी जनेश्वर सिंह (34) और उसके पिता राजेश्वर सिंह (58) ने मिलकर मनोज भुईयां उर्फ मनु भुईयां (20) की गला दबाकर हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपियों ने शव को छिपाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद 17 अगस्त को वे शव को भुरी जंगल ले गए और आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने मौके से मृतक के जले हुए अस्थि-अवशेष बरामद किए हैं। गिरफ्तार पिता-पुत्र ने अपराध कबूल कर लिया है।

# झारखंड हाई कोर्ट ने सैप जवानों को दी राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में सैप के जवानों को हटाने के मामले में दाखिल याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने प्रार्थियों को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए उनको हटाए जाने पर रोक लगा दी। अदालत ने मामले में सरकार से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद होगी। इस संबंध में शिव कुमार साव सहित अन्य की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। कोर्ट के आदेश से 213 सैप के पदाधिकारियों और जवानों को राहत मिली है।

प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज ने अदालत को बताया कि नौ जुलाई 2025 को आइजी की ओर से वैसे सैप पदाधिकारी और जवानों की सूची मांगी गई थी, जिन्होंने दो साल या सात साल की सेवा पूरी कर ली हो। प्रार्थियों को आशंका है कि उन्हें हटा दिया जाएगा। क्योंकि वर्ष 2023 में ऐसी सूची के आधार पर सैप के जवानों को हटा दिया गया था। प्रार्थी ने कहा कि सैप से जुड़ी योजना को वर्ष 2027 तक अवधि विस्तार दिया गया है, तो बीच में उन्हें हटाया नहीं जा सकता है।

इसके अलावा विभाग ने पूर्व में यह भी अनुशंसा की है कि सैप के सुबेदार, हवलदार की सेवानिवृत्ति 60 से 62 वर्ष में होगी। संविदा पर नियुक्त जवानों को फिर से संविदा की नियुक्ति से बदल नहीं सकते हैं। सुनवाई के बाद अदालत ने प्रार्थियों को राहत प्रदान करते हुए सरकार से जवाब मांगा।

# आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत सिविल सोसाइटी संगठनों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार की अध्यक्षता में जिले के 26 सिविल सोसाइटी संगठनों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न मापदंडों पर विकास की संभावनाओं पर चर्चा करना, चुनौतियों की पहचान करना तथा हस्तक्षेप, समन्वय और अभिसरण के माध्यम से सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रयासों को आगे बढ़ाना था।

बैठक में शामिल सिविल सोसाइटी संगठनों की ओर से दी जा रही सेवाओं तथा क्षेत्र में सामने आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिला के विकास में सिविल सोसाइटी संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी संगठनों से अपील की कि वे अपने कार्यों के परिणामों और अनुभवों को जिला प्रशासन के साथ साझा करें ताकि प्रशासनिक सहयोग और सामूहिक प्रयासों से जिले के विकास को और गति मिल सके।

उन्होंने यह भी आग्रह किया कि संगठन अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को सक्सेस स्टोरी के रूप में तैयार करें और साझा करें, ताकि अन्य संस्थाएं भी उन प्रयासों से प्रेरणा लेकर उन्हें अपनाकर आगे बढ़ा सकें। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सिविल सोसाइटी संगठनों द्वारा किए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सभी संगठनों को जिले के सर्वांगीण विकास में अपनी सशक्त भूमिका सुनिश्चित करनी होगी।

### अब शाम में भी उड़ेंगी फ्लाइटें

**देवघर।** देवघर एयरपोर्ट से तीन महीने बाद 16 सितंबर से शाम की फ्लाइट उड़ान भरेगी। देवघर-दिल्ली के बीच अभी एक फ्लाइट चल रही है। जल्द ही फिर से शाम की फ्लाइट उड़ान भरने लगेगी। एक सुबह में तो दूसरी शाम में उड़ान भरेगी। 15 जून से 15 सितंबर तक शाम की फ्लाइट बंद रखा गया था।

# अभी और बरसेंगे बदरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर से धनबाद में गरज के साथ झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया है। जोरदार बारिश से शहर की रफ्तार थम गई है। घर से बाहर निकले लोगों के कदम थम गए हैं।

तेज बारिश से बचने को जिसे जहां जगह मिली वहीं ठिठक गए हैं। मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी कर दिया है। 24 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। उसके बाद भी दो-दिन दिन बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं। मानसून सीजन एक जून से 30 सितंबर तक होता है। 122 दिनों के मानसून सीजन के 82 दिनों में अब तक 1095.2 एमएम बारिश हो चुकी है जो औसत बारिश से 50 प्रतिशत अधिक है। अभी मानसून सीजन के 40 दिन और हैं। इस दौरान भी बारिश का दौर जारी रहने के आसार हैं।

मौसम केंद्र रांची से जारी बुलेटिन में बताया गया कि बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर बना हुआ है। मानसून ट्रफ भी बंगाल की खाड़ी तक औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैला है।

इस सिस्टम के सक्रिय होने से धनबाद के साथ-साथ बोकारो, जामताड़ा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज, कोडरमा व हजारीबाग जैसे जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। कहीं-कहीं 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। आसमानी बिजली गिरने के खतरे को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है।

तेज बारिश से शहर की कई सड़कें जलमग्न हो गए हैं। निचले इलाकों में जलजमाव का खतरा बढ़ गया है। बरटांड़, बेकारबांध, बिशुनपुर, नावाडीह और भुईफोड़ के कई मोहल्ले की सड़कों पर कई फीट पर पानी जमा हो जाने से सड़कें दरिया बन गई हैं।घरों और दुकानों में पानी घुसने का खतरा बढ़ गया है। दूसरी ओर, तेतुलतल्ला व आसपास की रेल कॉलोनी के कई आवासों में बारिश का पानी घुसने लगा है। धनबाद स्टेशन के दक्षिण छोर की सड़क पर जलजमाव के कारण दोपहिया वाहनों का गुजरना मुश्किल हो गया है।

# शराब घोटाले को लेकर राजनीतिक घमासान तेज

## बाबू लाल मरांडी ने की सीबीआई से जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में बहुचर्चित शराब घोटाले को लेकर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। मरांडी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार घोटाले की जांच को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि एसीबी ने शुरूआत में तेजी दिखाई थी और एक बड़े अधिकारी को पूछताछ के बाद गिरफ्तार भी किया गया, लेकिन अब जांच की रफ्तार पूरी तरह धीमी पड़ चुकी है। तीन महीने गुजर जाने के बाद भी चार्जशीट दाखिल नहीं हो सकी, जिससे जेल में बंद आरोपी एक-एक कर जमानत पा रहे हैं।

उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि एसीबी ने पूछताछ की पूरी रिकॉर्डिंग तक नहीं की। मरांडी का कहना है कि यह मनमाफिक बयान दर्ज करने और असली दोषियों को बचाने की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतना बड़ा घोटाला अधिकारियों की सहमति के बिना संभव नहीं है और मुख्यमंत्री की अनुमति के बिना ऐसी डील नहीं हो सकती। भाजपा नेता ने दावा किया कि यह पूरा खेल छत्तीसगढ़ शराब सिंडिकेट और दिल्ली तक फैले माफियाओं को बचाने के लिए रचा गया है। जानबूझकर चार्जशीट समय पर दाखिल नहीं की गई, ताकि आरोपी जमानत का लाभ उठा सकें। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ बड़े अधिकारियों ने मोटी रकम लेकर साजिश को अंजाम दिया है।पत्र में लिखा है कि मुख्यमंत्री खुद एसीबी के मंत्री भी हैं, इसलिए यह तर्क स्वीकार्य नहीं है कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं थी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो इसकी आंच देर-सबेर सीएम तक पहुंचेगी। उन्होंने मांग की है कि शराब घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए और उन सभी लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाए।

# जिले में तेजी से फल-फूल रहा देह व्यापार का धंधा

## देह व्यापार के नाम पर पत्नियों की अदला-बदली तक की घटना हो चुकी है वायरल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में देह व्यापार का जाल दिनोंदिन फैलता जा रहा है। शहर के कई बड़े होटलों में खुलेआम देह व्यापार का कारोबार चल रहा है। इसमें होटल संचालकों की सीधी मिलीभगत सामने आ रही है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए होटलों में विशेष आफर तक दिए जा रहे हैं। कई होटलों में प्रेमीझ्रप्रेमिकाओं के लिए अलग से विशेष कमरे बनाए गए हैं, वहीं डार्क रूम की व्यवस्था भी की गई है।

सूत्रों के मुताबिक, इन होटलों में कालेज के युवक-युवतियों की बड़ी संख्या में आमद होती है। यहां न सिर्फ प्रेमी जोड़े समय बिताने आते हैं, बल्कि देह व्यापार के जरिए मोटी कमाई का खेल भी चलता है।

स्थानीय स्तर पर शहर में भी कई ऐसे होटल हैं, जो सिर्फ इस कारोबार से ही टिके हुए हैं। एक होटल संचालक ने नाम न छापने की शर्त पर स्वीकार किया कि होटल का खर्चा रूम सर्विस से नहीं बल्कि स्पेशल गेस्ट से निकलता है।

पूर्व में हजारीबाग के ही एक प्रतिष्ठित होटल का मामला खूब सुर्खियों में आया था, जहां देह व्यापार के नाम पर पत्नियों की अदला-बदली तक की घटना वायरल हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस ने जांच तो शुरू की थी, परंतु कार्रवाई के नाम पर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।



यही वजह है कि अब यह कारोबार और बेखौफ तरीके से फलझ्रफूल रहा है। शहर से लगे एनएच पर भी यह धंधा दिनदहाड़े चल रहा है। हाईवे किनारे कई होटलों और ढाबों में खुलेआम यह कारोबार चलता है। रात की बात तो दूर, अब दिन में भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है।

खाली पड़े होटल और लॉज का खर्चा भी इसी धंधे से निकाला जा रहा है। पूर्व में इस धंधे में बंगाल से युवतियों को बुलाया जाता था, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। जानकारी के अनुसार, अब इसमें छात्राओं से लेकर हास्टल में रहने वाली युवतियां और यहां तक कि घरेलू महिलाएं भी शामिल हो रही हैं। पैसों और ग्लैमर के चक्कर में कई महिलाएं इस दलदल में उतर रही हैं।

पूर्व में भी स्वर्ण जयंती पार्क रोड पर चल रहे खुलेआम देह व्यापार का खुलासा किया था। वहां पुलिस की नाक के नीचे लड़कियों और ग्राहकों का जमावड़ा लगता रहा। उस खबर के बाद कुछ दिनों तक सख्ती जरूर हुई, लेकिन जल्द ही हालात जस के तस हो गए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन की चुप्पी इस धंधे को बढ़ावा दे रही है। होटल संचालक, बिचौलिए और ग्राहक सबकी मिलीभगत से यह कारोबार बिना किसी डर के चल रहा है। सवाल उठता है कि जब यह कारोबार शहर के प्रमुख इलाकों और राष्ट्रीय राजमार्ग तक फैल चुका है, तब प्रशासन कब तक आंख मूंदे रहेगा ।

# जदयू सांसद ने कोयले में घालमेल की पीएम से खोली पोल

## करोड़ों की हो रही हेराफेरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** जदयू से राज्यसभा सांसद खीरू महतो झारखंड के कोयलांचल समेत सभी हिस्सों से हो रहे अवैध कोयला उत्खनन रोकने की मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की है। प्रधानमंत्री से नई दिल्ली में मुलाकात के दौरान जदयू सांसद ने सीसीएल और बीसीसीएल के अफसरों तथा ठेकेदारों की मिलीभगत किए जा रहे अवैध कोयला खनन को रोकने की मांग की है।

खीरू महतो ने बताया कि प्रदेश में जिस तरह से कोयला चोरी का खेल चल रहा है, उससे पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश का नुकसान हो रहा है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान खीरू महतो ने नरेंद्र मोदी को अवगत कराया कि धनबाद, रामगढ़, गिरिडीह समेत आसपास के इलाके में कोयला माफिया भूमिगत खदान बनाकर कोयला का अवैध उत्खनन कर रहे हैं।

वर्षों से बंद पड़ी खदानों से करोड़ों की कोयला चोरी में पुलिस प्रशासन से लेकर सीसीएल व बीसीसीएल की मिलीभगत है। प्रधानमंत्री को राज्य सभा के सदस्य ने बताया कि रजरप्पा में बंद कोयला सुरंग में एक व्यक्ति की जान चली गई, कुज्जू के करमा प्रोजेक्ट में भी अवैध कोयला खनन में चार मारे गए जबकि धनबाद के



बाघमारा में भी अवैध खदान में कई मजदूरों के दबकर मारे जाने की घटना के बाद भी प्रशासन सचेत नहीं हुआ।

जदयू सांसद ने कोल माफिया द्वारा पूरे कोयलांचल में आतंक फैलाने को लेकर जानकारी दी। प्रधानमंत्री से उन्होंने राष्ट्र हित में कदम उठाने की मांग की। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री ने पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद इसपर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। खीरू महतो जनता दल (यूनाइटेड) से संबंधित एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। वह वर्तमान में बिहार से राज्यसभा के सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। उनका जन्म एक जनवरी 1953 को हजारीबाग में हुआ था।

उन्होंने 1978 में मुखिया का चुनाव जीतकर अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की थी। वह 2005 से 2009 तक झारखंड विधानसभा के सदस्य भी रह चुके हैं, जहां उन्होंने मांडू विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वह झारखंड में जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं।

CMYK

फाइनल में स्वियातेक-रूड की जोड़ी को हराया

# इरानी-वावसोरी फिर बने अमेरिकी ओपन मिश्रित युगल चैंपियन



**न्यूयॉर्क एजेंसी।** सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार की रात को खेले गए एक कड़े फाइनल में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना मिश्रित युगल खिताब बरकरार रखा।इटली की इस जोड़ी ने फाइनल में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 (10-6) से हराया। इस तरह से उन्होंने दो दिनों में चार मैच जीतकर 10 लाख डॉलर की इनामी राशि हासिल की जो पिछले साल उन्हें मिली पुरस्कार राशि से कहीं अधिक है। इरानी और वावसोरी उन कई खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने पहले इस नए प्रारूप की आलोचना की थी लेकिन चैंपियन बनने के बाद उनके चेहरे पर मुस्कान थी और उन्होंने दर्शकों का भी आभार व्यक्त किया।वावसोरी ने कहा, मुझे लगता है कि इतने सारे दर्शकों के सामने इस कोर्ट में खेलना अद्भुत था और मैं इस माहौल के लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। इससे पहले स्वियातेक और रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और जैक ड्रैपर को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया।इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी और वावसोरी ने डेनियल कोलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया। अमेरिकी ओपन में एकल मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे।

## सिंकफील्ड कप में गुकेश और प्रज्ञानंद ने अपनी अपनी बाजियां ड्रॉ खेली, देखें किसका क्या हाल

**सेंट लुई,** विश्व चैंपियन डी गुकेश को यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी सैमुअल सेवियन ने ड्रॉ पर रोका, जबकि उनके साथी भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञानंद ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से अंक बांटे। प्रज्ञानंद ने लगातार दूसरी बाजी ड्रॉ खेली लेकिन इसके बावजूद वह अमेरिका के फैबियानो कारुआना और अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं। दिन की एकमात्र निर्णायक बाजी में कारुआना ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा को टूर्नामेंट में पहली हार का स्वाद चखाया। अरोनियन को फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव ने ड्रॉ पर रोका, जबकि एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज़्सटॉफ के साथ अंक बांटे।

# रणजी से पहले मुंबई की टीम को झटका, रहाणे ने कप्तानी छोड़ी



**मुंबई, एजेंसी।** लंबे घरेलू सत्र से पहले मुंबई क्रिकेट और उसके फैंस के लिए झटका देने लायक खबर सामने आई है। अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने आगामी रणजी ट्रॉफी सीजन से पहले कप्तानी पद से इस्तीफा दे दिया है। सोशल मीडिया पर दिए संदेश में रहाणे ने स्पष्ट किया कि यह वह समय है जब टीम में नए नेतृत्व को विकसित करने का मौका मिलना चाहिए।

रहाणे ने लिखा, मुंबई टीम का नेतृत्व करना और टूर्नामेंट जीतना मेरे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान था। अब जब एक नया घरेलू सत्र शुरू होने वाला है और मुझे लगता है कि नई जिम्मेदारियों के लिए नई कप्तानी को तैयार करना जरूरी है। इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ने का निर्णय लिया है। मैं बल्लेबाज के रूप में पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं और मुंबई की ओर से खेलना जारी रखूंगा, ताजा ट्रॉफी जीतने का लक्ष्य है।

### कप्तानी में उनकी उपलब्धियां

रहाणे की कप्तानी में मुंबई ने घरेलू क्रिकेट में स्थिरता और सफलता हासिल की। उनके नेतृत्व में मुंबई ने 2023-24 में रणजी ट्रॉफी जीतकर सात साल का सूखा खत्म किया था। इसके अलावा, उन्होंने 2024-25 में ईरानी कप और 2022-23 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी टीम को जीत दिलाई। इन जीतों ने उनकी कप्तानी को एक नई ऊंचाई दी।

### अब कौन होगा कप्तान

मुंबई टीम के पास अब सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, यशस्वी जइसवाल और सरफराज खान जैसे खिलाड़ियों का समूह मौजूद है, जिनमें नेतृत्व क्षमता भी है। यह कदम आने वाले समय के लिए टीम को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है। श्रेयस इस रेस में सबसे आगे माने जा रहे हैं।

### 14,000 से ज्यादा रन बनाए

कप्तानी छोड़ने के बावजूद, 37 वर्षीय इस खिलाड़ी ने, जिन्होंने 201 प्रथम श्रेणी मैचों में 14,000 से ज्यादा रन बनाए हैं, स्पष्ट किया कि वह संन्यास नहीं ले रहे हैं। वह सभी प्रारूपों में बल्लेबाज के रूप में मुंबई का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। रहाणे ने बताया कि वह टीम के लिए एक बल्लेबाज की भूमिका में, पूरे जोश और प्रतिबद्धता के साथ अपना कार्य करेंगे। उनका मूल लक्ष्य टीम को सफलता दिलाना और नए कप्तान के निर्माण में सहयोग देना है।

### केकेआर के कप्तान बने रहेंगे

रहाणे ने आईपीएल 2025 में आखिरी बार प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला था। उस टूर्नामेंट में उन्होंने 13 मैचों में 390 रन बनाए थे। मुंबई की कप्तानी छोड़ने के उनके फैसले के साथ, यह भी सवाल उठने लगा है कि क्या केकेआर उन्हें अगले सीजन के लिए कप्तान बनाए रखेगा? आगामी रणजी ट्रॉफी सीजन 15 अक्तूबर से शुरू हो रहा है, जिसमें मुंबई की टीम अपने पहले मैच में जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगी।



## रेड्डी ने विराट के साथ बिताए अपने खास पल का किया खुलासा

नितीश कुमार रेड्डी भारतीय क्रिकेट में तेजी से आगे बढ़े और जल्द ही उन्हें टी20 और टेस्ट कैप मिल गई। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ अपनी पहली टी20 सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया में इस ऑलराउंडर ने विराट कोहली के साथ खेला, जो अंतत: दिल्ली के इस महान बल्लेबाज की आखिरी टेस्ट सीरीज साबित हुई। नितीश रेड्डी को विराट कोहली से अपनी पहली टेस्ट कैप मिली और अब आंध्र प्रीमियर लीग के दौरान एक साक्षात्कार में नितीश रेड्डी ने कहा कि यह उनके आदर्श के साथ उनका सबसे खास पल है। भीमावरम बुल्स के कप्तान भी विराट कोहली के साथ बल्लेबाजी कर रहे थे, जब उन्होंने एडिलेड में अपना आखिरी टेस्ट शतक बनाया था और इसे एक और खास पल बताया। क्रके दौरान उन्होंने कहा, विराट भैया ने मुझे जो टेस्ट डेब्यू कैप दी थी, वह मेरे लिए एक बेहद खास पल था और एक और खास पल, विराट भैया का आखिरी टेस्ट शतक मैं उन्हें देखने के लिए नॉन-स्ट्राइकर एंड पर मौजूद था। इस तरह नितीश रेड्डी ने एक बार फिर विराट कोहली के प्रति अपने प्यार का इजहार किया है। इससे पहले भी इस ऑलराउंडर ने विराट कोहली के प्रति अपने लगाव का इजहार किया है और कहा है कि पूर्व भारतीय कप्तान और आरसीबी सुपरस्टार के साथ खेलना उनका सपना था। नितीश रेड्डी अब उम्मीद कर रहे होंगे कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी अच्छी शुरुआत को आगे बढ़ाएं और लंबे समय तक देश की सेवा करें। वह हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ हुई टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा थे, लेकिन चोटिल हो गए।

# रोहित मैदान पर वापसी को बेकरार

## इस टीम के खिलाफ जलवा बिखेरते आ सकते हैं नजर



**मुंबई, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब टीम इंडिया को दिलाने वाले कप्तान रोहित शर्मा की नीली जर्सी में वापसी का बेसब्री से इंतजार क्रिकेट प्रेमियों को है। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से रोहित शर्मा ने कोई भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। लेकिन अब उनकी टीम इंडिया में वापसी की संभावना ऑस्ट्रेलिया दौरे (19 अक्टूबर से) के दौरान दिखाई दे रही है। हालांकि, रोहित शर्मा इस दौरे से पहले ही एक खास सीरीज में हिस्सा लेने की इच्छा जता चुके हैं, जो कानपुर में खेली जाएगी।

### ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ खेलने की इच्छा

टीम इंडिया का ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्टूबर से शुरू हो रहा है, जिसमें भारतीय टीम 3 वनडे और 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। इस वनडे सीरीज के लिए टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली के शामिल होने की संभावना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ कानपुर में होने वाली अनऑफिशियल वनडे सीरीज में खेलने की इच्छा जताई है। ऑस्ट्रेलिया-ए सितंबर में भारत दौरे पर आएगी, जहां वे भारत-ए टीम के साथ दो अनऑफिशियल टेस्ट और तीन वनडे मैच खेलेंगी। दोनों टेस्ट मैच लखनऊ में आयोजित होंगे, जबकि तीनों वनडे मैच कानपुर में खेले जाएंगे।

### विजय हजारे ट्रॉफी में भी खेलेंगे रोहित

रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि रोहित शर्मा इस अनऑफिशियल वनडे सीरीज में खेलने के इच्छुक हैं ताकि वे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अच्छी तैयारी कर सकें। इसके अलावा खबरें हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज उनके वनडे करियर की आखिरी सीरीज हो सकती है। बीसीसीआई रोहित को दिसंबर 2025 में शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने के लिए भी प्रोत्साहित कर सकता है, ताकि वे वनडे टीम में अपनी जगह बनाए रखें।

### वनडे में रोहित शर्मा का शानदार रिकॉर्ड

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा का वनडे रिकॉर्ड बेहद प्रभावशाली है। अब तक उन्होंने 273 वनडे मैच खेले हैं, जिनमें 265 पारियों में 48.76 की औसत से 11,168 रन बनाए हैं। इसमें उनके 32 शतक और 58 अर्धशतक शामिल हैं। रोहित का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 264 रन है, जो वनडे इतिहास के सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर में से एक है।

# सुनील गावस्कर ने की एशिया कप में प्लेइंग-11 की भविष्यवाणी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज और कमेंटेटर सुनील गावस्कर ने एशिया कप 2025 के लिए अपनी पसंदीदा भारतीय प्लेइंग इलेवन चुनी है। उनकी इस टीम में कुछ चौंकाने वाले नाम हैं, जबकि कुछ विस्फोटक हीटर्स को जगह नहीं दी गई। गावस्कर का यह चयन क्रिकेट फैंस और विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। गावस्कर की यह प्लेइंग-11 अनुभव और नए टैलेंट का मिश्रण है। जहां टॉप ऑर्डर में आक्रामक बल्लेबाज मौजूद हैं, वहीं गेंदबाजी अटैक में विविधता देखने को मिलती है। गेंदबाजी भी मजबूत दिख रही है।

गावस्कर ने प्लेइंग-11 में ओपनिंग से संजू सैमसन को हटाया है। उन्होंने अभिषेक शर्मा और उपकप्तान शुभमन गिल को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। तीसरे और चौथे नंबर पर तिलक वर्मा और कप्तान सूर्यकुमार यादव को बल्लेबाजी की जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, गावस्कर ने चौंकाते हुए संजू सैमसन को पांचवें स्थान पर बतौर विकेटकीपर खिलाया है। यह एक ऐसा पोजिशन है, जहां सैमसन ने सिर्फ पांच पारियां खेली हैं और 62 रन बनाए हैं। जितेश शर्मा को न चुनकर गावस्कर ने चौंकाया है, क्योंकि पांचवें या इससे नीचे के पोजिशन पर मैच फिनिश सैमसन से बेहतर जितेश करते दिख सकते हैं।

वहीं, उन्होंने ऑलराउंडर की भूमिका में हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल को चुना है। आश्चर्य की बात यह है कि इस टीम में दोनों विशेषज्ञ स्पिनरों को खिलाया गया है। तेज गेंदबाजी विभाग में गावस्कर ने जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह को जिम्मेदारी सौंपी है तो स्पिन की जिम्मेदारी कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती के कंधों पर सौंपी है। हालांकि, गावस्कर की इस प्लेइंग-11 में तीन तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर्स दिख रहे हैं और टीम संतुलित दिख रही है। इसके अलावा अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा भी पार्ट टाइम स्पिन कर सकते हैं।

### गावस्कर की चुनी हुई XI

- अभिषेक शर्मा
- शुभमन गिल (उप-कप्तान)
- तिलक वर्मा
- सूर्यकुमार यादव (कप्तान)
- संजू सैमसन (विकेटकीपर)
- हार्दिक पंड्या
- अक्षर पटेल
- अर्शदीप सिंह
- जसप्रीत बुमराह
- वरुण चक्रवर्ती
- कुलदीप यादव

### इन्हें नहीं मिली जगह

गावस्कर ने साफ कहा कि कुछ खिलाड़ियों के लिए यह चयन आसान नहीं रहने वाला है। उन्होंने कहा, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, हर्षित राणा और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों के लिए यह मुश्किल होगा, लेकिन यही हकीकत है। गावस्कर ने टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलन साधने की कोशिश की है।

# पाकिस्तान की टीम की तरह उसका कप्तान भी फिसड्डी, सवालों के घेरे में सलमान आगा की कप्तानी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 के लिए पाकिस्तान की टी20 टीम का एलान हो चुका है। नौ सितंबर से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टीम की कमान सलमान अली आगा को सौंपी है, जिनका टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर अब तक फ्लॉप ही रहा है। इस टीम में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे स्टार खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि पीसीबी ने दोनों को इस प्रारूप की रणनीति से साइडलाइन कर दिया है।

### लय से बाहर चल रही टीम

पाकिस्तान के 17 सदस्यीय स्क्वॉड में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है। हालांकि, टीम अभी लय से बाहर चल रही है। हाल ही में उन्हें बांग्लादेश दौरे पर तीन मैचों की टी20 सीरीज में मुंह की खानी पड़ी थी। इसके बाद टीम ने वापसी की और वेस्टइंडीज को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में हराया। हालांकि, टी20 सीरीज की हार का बदला वेस्टइंडीज की टीम ने वनडे सीरीज में जीत के साथ लिया। ऐसे में पाकिस्तान का एशिया कप में सफर कैसा होगा, इस पर चर्चा तेज है।

### पाकिस्तान के मुकाबले

पाकिस्तान की टीम अपने अभियान की शुरुआत 12 सितंबर से ओमान के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इसके बाद उसका सामना दुबई में भारत से होगा। ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान की टीम तीसरा मैच यूएई के खिलाफ खेलेगी, जो दुबई में ही 17 सितंबर को खेला जाएगा। सुपर-4 के मुकाबले 20 सितंबर से शुरू होंगे जबकि फाइनल मैच 28 सितंबर को खेला जाएगा।

### इन आंकड़ों के आधार पर चुना कप्तान?

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा के टी20 करियर की बात करें तो उनके आंकड़े बिल्कुल भी कप्तानी के लायक नहीं हैं। 20 मुकाबलों में उन्होंने कुल 380 रन बनाए हैं, यानी मुश्किल से औसत 27.1 का रहा है। टी20 जैसे प्रारूप में जहां बल्लेबाजों से 140-150 के स्ट्राइक रेट की उम्मीद की जाती है, वहां आगा मुश्किल से 115.8 के स्ट्राइक रेट को छू सके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी सिर्फ 56 रन ही है। वहीं, गेंदबाजी की बात करें तो 20 मैचों में उन्होंने सिर्फ चार विकेट झटके हैं और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1/7 का है।

अब कप्तानी पर नजर डालें तो आगा ने 18 मैचों में पाकिस्तान की कमान संभाली, जिसमें नौ जीते और इतने ही हारे। यानी न टीम आगे बढ़ पाई, न कोई स्थिरता आई। उनकी कप्तानी में कोई बड़ा बदलाव या आक्रामक रणनीति नजर नहीं आई। इन आंकड़ों से साफ है कि सलमान अली आगा न बल्लेबाजी में धमाल मचा पाए हैं, न गेंदबाजी में और न ही कप्तानी में कोई करिश्मा दिखा पाए हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि आखिर किन आधारों पर उन्हें टीम का कप्तान बनाया गया?

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-एनसीआर, चंडीगढ़ से दशहरा, दिवाली, छठ में बिहार, बीएसआरटीसी बसों की टिकट बुकिंग 1 सितंबर से खुलेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम, चंडीगढ़, पंचकूला, अंबाला, पानीपत, लखनऊ, सिलीगुड़ी और कोलकाता जैसे शहरों में रह रहे प्रवासियों के लिए दशहरा, दिवाली और छठ पर्व के मौके पर बिहार के पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर गया, पूर्णिया और दरंभगा के लिए 1 सितंबर से बस सेवा की बुकिंग शुरू हो जाएगी। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) ने बताया है कि 1 सितंबर से बस टिकट ऑनलाइन खरीदे जा सकते हैं। बस सेवा 20 सितंबर से शुरू होगी और 30 नवंबर तक चलेगी। बता दें कि 22 सितंबर से नवरात्र शुरू हो रहा है और 2 अक्टूबर को दशहरा है। 20 अक्टूबर को दिवाली और 28 अक्टूबर को छठ का सुबह का अर्घ्य है। परिवहन निगम ने इसका प्रचार जोर-शोर से शुरू कर दिया है और इसके लिए अखबारों में पूरे पेज का विज्ञापन भी दिया गया है। विज्ञापन के मुताबिक दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के कुल 12 शहरों से बिहार के छह शहरों के लिए लगभग सवा दो महीने बस सेवा चलेगी। बस टिकट की एडवांस बुकिंग 1 सितंबर से चालू हो जाएगी परिवहन निगम के मुताबिक 20 सितंबर से 30 नवंबर तक पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, गया, दरभंगा और पूर्णिया से दिल्ली, गाजियाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, कौशांबी, गुरुग्राम, पंचकूला, अंबाला, चंडीगढ़, पानीपत, सिलीगुड़ी और कोलकाता के बीच हर रोज बस चलेगी। परिवहन निगम ने बताया है कि पर्व-त्योहार के मौके पर लगभग सवा दो महीने तक इन शहरों के बीच एसी और डीलक्स बसों का परिचालन होगा। दिल्ली, यूपी, पंजाब, पश्चिम बंगाल समेत दूसरे राज्यों में काम की वजह से रहने वाले बिहारियों की संख्या ज्यादा है जो दशहरा से ही लौटना शुरू कर देते हैं। दिवाली से छठ पर्व के दौरान यह भीड़ बेतहाशा हो जाती है। उस समय सफर के लिए ट्रेन में टिकट मिलना एक सपना बन जाता है। जिनके पास टिकट हो वो भी मुश्किलों के साथ सफर करते हैं। ऐसी हालत में बिहार आने-जाने के लिए ये बसें भीड़ का बोझ कुछ कम तो कर सकती हैं लेकिन प्रवासियों की तादाद इतनी ज्यादा है कि वो कितने लोगों को राहत देगी, कहा नहीं जा सकता है।

### हमने न्याय के मंदिर तो बना दिए लेकिन दरवाजे बहुत संकरे रखे, सीजेआई गवई ने जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस बीआर गवई ने अदालतों में मुकदमों के बोझ पर चिंता जताई है और कहा है कि देश में पारंपरिक मुकदमेबाजी अकेले बोझ नहीं उठा सकती। उन्होंने बुधवार को कहा कि कानूनी सहायता और मध्यस्थता के जरिए प्रत्येक नागरिक के लिए न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। 'सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन'द्वारा आयोजित ''सभी के लिए न्याय-कानूनी सहायता और मध्यस्थता = बार और बेंच की सहयोगात्मक भूमिका'' व्याख्यान के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हाशिये पर पड़े समुदायों के लिए न्याय का मार्ग जटिल और बाधाओं से भरा हो सकता है। देश भर की अदालतों में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या में बार और बेंच दोनों की भूमिका को रेखांकित करते हुए सीजेआई गवई ने कहा कि जहां हाई कोर्ट के कुछ न्यायाधीश वास्तव में मेहनती हैं... वहीं कुछ ऐसे भी हैं जिनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक है। उन्होंने कहा, ''हमारा संविधान प्रत्येक नागरिक के लिए न्याय का वादा करता है। फिर भी व्यावहारिक रूप से, न्याय का मार्ग लंबा और जटिल हो सकता है और इसमें कई बाधाएं आ सकती हैं। कई लोगों के लिए, विशेष रूप से हाशिये पर रहने वाले लोगों और कमजोर समुदायों के लिए, निष्पक्ष सुनवाई की यात्रा सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक बाधाओं से अवरुद्ध होती है।'' बार और पीठ की सहयोगात्मक भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने वकीलों की भूमिका को रेखांकित किया, जिनके बारे में कहा गया कि वे न केवल व्यक्तिगत मुवक्किलों के प्रतिनिधि हैं, बल्कि न्याय के संरक्षक भी हैं। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को निष्पक्षता, समानता और उचित प्रक्रिया सुनिश्चित करने का गंभीर कर्तव्य सौंपा गया है। सीजेआई गवई ने ''न्याय के रथ'' को सुचारु रूप से चलाने के लिए न्यायाधीशों और वकीलों के बीच सामंजस्य पर जोर दिया। सीजेआई ने कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में, न्याय तक पहुँच हाल तक समृद्ध लोगों का एक विशेषाधिकार रही है। जब कानूनी फीस मासिक आय पर भारी पड़ जाए, जब प्रक्रियाएँ साक्षरता की माँग करें, जो लाखों लोगों के लिए अधूरी हो।

# हमले के बाद बढ़ी सीएम रेखा गुप्ता की जेड प्लस सुरक्षा

### अब सीआरपीएफ संभालेगी जिम्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले के बाद केंद्र सरकार ने उनकी सुरक्षा को बढ़ा दिया है। सूत्रों के अनुसार, सीएम रेखा गुप्ता को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा में अब केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की तैनाती की गई है। अब तक उनके सुरक्षा बेड़े में दिल्ली पुलिस के जवान तैनात थे। हमले के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने तुरंत हरकत में आते हुए सीएम की सुरक्षा को बढ़ाने का फैसला किया। रेखा गुप्ता को पहले से ही दिल्ली पुलिस की तरफ से 'जेड प्लस' श्रेणी



की सुरक्षा प्रदान की गई थी। इसके तहत मुख्यमंत्री की सुरक्षा में कुल 58 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। इसमें दो स्कॉट, एक पायलट, एक बुलेट रजिस्टेंस कार व सुरक्षाकर्मियों का काफिला रहता है। इसके अलावा घर पर अतिरिक्त सुरक्षा है। वहीं अब उनकी सुरक्षा का जिम्मा दिल्ली पुलिस के साथ सीआरपीएफ के जवान संभालेंगे। सीएम हाउस में भी बढ़ाई गई सुरक्षा इसके अलावा मुख्यमंत्री आवास पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अब किसी को बिना जांच पड़ताल के अंदर एंट्री नहीं दी जा रही है। सीएम हाउस में काम करने वाले दर्जनों मजदूरों को भी बाहर ही रोक दिया। अंदर केवल उन्हीं को एंट्री दी गई जिनके पास आधार कार्ड था और उनका रिकॉर्ड मौजूद था। बुधवार को दिल्ली के सिविल लाइंस में सीएम रेखा गुप्ता के कैंप ऑफिस में जन सुनवाई के दौरान एक 41 वर्षीय व्यक्ति ने उन पर हमला कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, हमलावर राजेश भाई खिमजी भाई साकरिया, गुजरात के राजकोट का रहने वाला है, जो सुप्रीम कोर्ट के आवारा कुत्तों को शेल्टर में शिफ्ट करने के आदेश से नाराज था। उसने कागजात सौंपने के बहाने सीएम के करीब पहुंचने की कोशिश की और फिर उनका हाथ पकड़कर खींचने और धक्का-मुक्की करने की कोशिश की।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को हमले में गंभीर चोट, वह घर से काम कर रही हैं: कपिल मिश्रा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ। दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने इस घटना को एक सोची-समझी साजिश करार दिया है। उन्होंने बताया कि सीएम गुप्ता को गंभीर शारीरिक चोट आई है और हमले के बाद वह घबरायी हुई हैं, लेकिन अपने आवास से काम कर रही हैं। कपिल मिश्रा ने गुरुवार सुबह सीएम से मुलाकात के बाद खुलासा किया कि हमलावर ने पहले रेखा गुप्ता के आवास की रेकी की थी। उसके फोन से बरामद दो वीडियो इस बात का पुख्ता सबूत हैं। उन्होंने दोहराया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला एक 'सुनियोजित साजिश' के तहत 'सुनियोजित तरीके' से अंजाम दिया गया था। उन्होंने कहा कि आरोपी एक पेशेवर अपराधी है जिसका गंभीर आपराधिक इतिहास रहा है। मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री को गंभीर शारीरिक चोटें आई हैं और उन्हें आराम की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि वह बुधवार से अपने आवास से ही काम कर रही हैं।

# एल्विश यादव को पिता ने दी सलाह? घर पर फायरिंग के बाद सता रही चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एल्विश यादव के पिता ने गुरुग्राम में घर पर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना के बाद अपने बेटे को सतर्क रहने को कहा है। साथ ही उनके दोस्तों से भी कहा है कि वे एल्विश का ख्याल रखें। एल्विश इस बार अपनी मां का जन्मदिन मनाने के लिए गुरुग्राम नहीं पहुंच सके। यह पहली बार है जब वह अपनी मां के जन्मदिन पर उनके साथ नहीं थे। हालांकि, रात 12 बजे घर पर फोन कर केक कटवाया और सोशल मीडिया के जरिए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। एल्विश ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर मां के साथ केक काटने की फोटो शेयर करते हुए 'हैप्पी बर्थडे मम्मा' लिखा। उनके प्रशंसकों ने भी उनकी मां को बधाई दी। पिता ने कहा कि हम डरने वाले नहीं हैं, लेकिन ताबड़तोड़ फायरिंग देखकर चिंतित हैं।

एल्विश के पिता रामअवतार यादव ने यह भी बताया कि एल्विश अपने शो की शूटिंग में व्यस्त हैं और करियर पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने फोन पर अपनी मां से लंबी बात की और बताया कि वह जल्द ही घर लौटेंगे। बीते 17 अगस्त को गुरुग्राम सेक्टर 57 में स्थित एल्विश के घर पर बाइक पर आए तीन अज्ञात हमलावरों ने 24 राउंड फायरिंग की थी। गोलीबारी की यह घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई थी, जिसमें दो बाइक सवार नकाबपोश बदमाश घर के बाहर आते और दूर से




गोलियां चलाते दिखाई दे रहे थे। हमले के वक्त एल्विश यादव घर पर नहीं थे, हालांकि उनके परिवार के कुछ सदस्य घर में थे, लेकिन हमले में कोई हताहत नहीं हुआ।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में 'भाऊ गैंग' के सदस्य गैंगस्टर नीरज फरीदपुर और भाऊ रिटोलिया ने हमले की जिम्मेदारी ली। रिटोलिया ने पोस्ट में लिखा, ''..आज एल्विश यादव के घर पर जो गोलियां चलाई गईं, वे हमारी ओर से चलाई गई थीं। उसने सट्टेबाजी ऐप्स को बढ़ावा देकर कई घर बर्बाद कर दिए हैं। सट्टेबाजी को बढ़ावा देने वाले अन्य सोशल मीडिया हस्तियों को गोलियों या कॉल का सामना करना पड़ सकता है।'' गोलीबारी के एक दिन बाद एल्विश यादव ने सोमवार को कहा था कि वह अपने परिवार के साथ पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने लोगों द्वारा उनके प्रति दिखाई गई चिंता के लिए आभार जताया। एल्विश यादव ने इस मामले के संबंध में 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट में लिखा, ''आपकी शुभकामनाओं के लिए मैं तहे दिल से आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मैं और मेरा परिवार सुरक्षित और स्वस्थ हैं। आपके विचारों और चिंताओं के लिए मैं सचमुच आभारी हूं।

# तो फिर जेल भेजने वाले पीएम-सीएम को ही सजा हो जाए; नए कानून में बदलाव चाहते हैं मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए गए और लगातार 30 दिन हिरासत में रखे गए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने यदि खुद कुर्सी नहीं छोड़ी तो उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। ऐसे प्रावधान करते हुए तीन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किए गए, जिन्हें सदन ने संसद की संयुक्त समिति को भेजने का फैसला किया। माना जा रहा है कि जिस तरह दिल्ली के सीएम रहते हुए अरविंद केजरीवाल ने जेल में रहकर भी पद नहीं छोड़ा, भविष्य में ऐसे मामलों को रोकने के लिए यह कानून लाया जा रहा है। इस बीच केजरीवाल के डिप्टी सीएम रहे मनीष सिसोदिया ने इस विधेयक में यह भी जोड़ने के लिए कहा है कि यदि गिरफ्तार किया गया मंत्री या मुख्यमंत्री निर्दोष साबित हो तो उसे जेल भेजने वाले सीएम या पीएम को सजा दी जाए। मनीष सिसोदिया ने इस संबंध में एक लेख को साझा करते हुए एक्स पर लिखा, इस कानून में यह व्यवस्था भी होनी चाहिए कि अगर कोई मंत्री या मुख्यमंत्री झूंठे आरोपों में जेल भेजा जाता है, और बाद में वह बरी हो जाता है तो अरेस्ट करने वाले अधिकारी, अरेस्ट करने वाली एजेंसी के मुखिया और अरेस्ट कराने वाली सरकार के मुखिया (प्रधान मंत्री या मुख्यमंत्री, जो भी उस समय रहे हों) को उतने साल के लिए जेल भेजा जाएगा जितने साल की सजा वाले झूठे आरोप उस वक्त लगाए गए थे। सिसोदिया ने आगे कहा कि सिर्फ मिनिस्टर्स या लीडर्स के लिए क्यों? किसी भी आम आम आदमी को झूठे केस में जेल भेजने वालों को भी जेल भेजने की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में सत्ता के पास ताकत होना जरूरी है लेकिन इस ताकत का दुरुपयोग करने वालों को अगर सजा नहीं मिलेगी तो इस निरंकुश ताकत का अहंकार सबको रावण बना देता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच लोकसभा में 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए। विधेयक में प्रस्ताव किया गया है कि यदि प्रधानमंत्री,




केंद्रीय मंत्री या मुख्यमंत्री को ऐसे अपराधों के लिए गिरफ्तार किया जाता है और लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रखा जाता है। जिनमें कम से कम पांच साल की जेल की सजा का प्रावधान है, तो वे 31वें दिन अपना पद गंवा देंगे। माना जा रहा है कि जिस तरह अरविंद केजरीवाल ने कथित शराब घोटाले में जेल जाने के बाद भी पद नहीं छोड़ा, वह आगे जाकर एक नजीर के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है, इसलिए सरकार यह बदलाव करने जा रही है।

# 6 साल के बेटे की हत्या कर भागी अमेरिका की मोस्ट वांटेड महिला सिंडी रोड्रिग्ज भारत में गिरफ्तार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की सबसे वांटेड अपराधियों में शामिल सिंडी रोड्रिग्ज सिंह को भारत में गिरफ्तार कर लिया गया है। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने 20 अगस्त को पुष्टि की कि 40 वर्षीय सिंडी को भारत में पकड़ लिया गया है। उस पर अपने 6 साल के बेटे नोएल रोड्रिग्ज अल्वारेज की हत्या, झूठे बहानों से कानून से बचने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फरार रहने जैसे संगीन आरोप हैं।

अमेरिका के टेक्सास राज्य में हुआ था। वह डलास की रहने वाली है और लंबे समय से एफबीआई की टॉप 10 मोस्ट वॉन्टेड की सूची में शामिल थी। सिंडी पर 2022 में अपने बेटे नोएल की हत्या का आरोप है, जिसे आखिरी बार अक्टूबर 2022 में देखा गया था। हालांकि उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट कई महीने बाद, मार्च 2023 में दर्ज कराई गई थी। जांच में सामने आया कि सिंडी ने जांच अधिकारियों को गुमराह करते



हुए यह दावा किया कि उसका बेटा मेक्सिको में अपने जैविक पिता के साथ है। जब टेक्सास के चाइल्ड वेलफेयर विभाग ने नोएल की कल्याण जांच के लिए स्थानीय पुलिस से संपर्क किया, तो पता चला कि बच्चे की मौजूदगी का कोई स्पष्ट सबूत नहीं है। इसके बाद मामला गंभीर हो गया और जांच एजेंसियों ने कार्रवाई तेज कर दी। एफबीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक, सिंडी अर्शदीप सिंह नाम के व्यक्ति से शादी कर चुकी थी और उसके साथ कुल 7 बच्चे थे। लेकिन जब उसने अमेरिका छोड़ने की योजना बनाई, तो वह केवल अपने पति और 6 बच्चों को लेकर भारत के लिए उड़ान में सवार हुई - नोएल उसके साथ नहीं था। 31 अक्टूबर 2023 को, टेक्सास की एक अदालत ने सिंडी के खिलाफ हत्या का औपचारिक आरोप दायर किया और नवंबर में संघीय गिरफ्तारी वारंट भी जारी कर दिया गया। एफबीआइ ने शुरुआत में सिंडी की गिरफ्तारी में मदद करने वाली जानकारी के लिए 25,000 (लगभग ?21.75 लाख) का इनाम रखा था, जिसे बढ़ाकर 250,000 (लगभग ?2.17 करोड़) कर दिया गया। यह इनाम उसे एफबीआइ की वांटेड लिस्ट में और भी ऊपर ले गया। एफबीआई, अमेरिकी न्याय विभाग और भारत की जांच एजेंसियों के संयुक्त ऑपरेशन में सिंडी को गिरफ्तार किया गया। एफबीआई के पूर्व अफसर काश पटेल ने कहा कि यह पिछले 7 महीनों में चौथी बार है जब टॉप 10 वांटेड अपराधी पकड़ा गया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहयोग और फील्ड एजेंट्स की मेहनत को इस सफलता का श्रेय दिया। अब सिंडी के अमेरिका प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू होगी।

# अमेरिका के मशहूर जज फ्रैंक कैप्रियो का निधन, दयालु जज के नाम से फेमस हुए

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के मशहूर जज फ्रैंक कैप्रियो का बुधवार को निधन हो गया। वे 88 साल के थे। कैप्रियो लंबे समय से पैंक्रियाटिक कैंसर से लड़ रहे थे। उनके परिवार ने इंस्टाग्राम पर उनकी मौत की जानकारी दी। कैप्रियो अपने कोर्ट शो कॉट इन प्रोविडेंस से दुनियाभर में मशहूर हुए। यह शो 2018 से 2020 तक चला और कई डेटाइम एमी अवॉर्ड्स के लिए नॉमिनेट हुआ। उनकी दया और इंसानियत भरे फैसलों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहे हैं।। उन्होंने कई बार गरीब परिवारों के चालान माफ किए और लोगों को हौसला दिया। जज फ्रैंक कैप्रियो के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। उनके इंस्टाग्राम पर उनके 34 लाख फॉलोअर्स हैं। उनके वीडियो को ऑनलाइन अरबों बार देखा गया। कैप्रियो ने रविवार को ही इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया था। उन्होंने कहा था कि उनकी तबीयत बिगड़ गई है और वे फिर से अस्पताल में हैं। उन्होंने लोगों से प्रार्थना करने की अपील की थी। कैप्रियो को लोग दुनिया का सबसे दयालु जज कहते थे। उनका मानना था कि न्याय में दया और इंसानियत जरूर होनी चाहिए। कैप्रियो का जन्म अमेरिका के रोड आइलैंड में हुआ था। रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने उन्हें राज्य का असली खजाना बताया। राज्य में उनके सम्मान में झंडे आधे झुका दिए गए हैं। उन्होंने लंबे समय तक म्युनिसिपल जज के तौर पर काम किया। 2023 में उन्होंने खुद बताया था कि उन्हें कैंसर है।

# नहीं दे सकते पांच महीने : आईडीएफ ने शुरू किया गाजा पर कब्जा अभियान

**यरुशलम, एजेंसी।** इजरायल ने गाजा पट्टी पर कब्जा करने की अपनी अहम रणनीति के तहत बुधवार को युद्ध का अगला चरण शुरू कर दिया है। इसके साथ ही इजरायली सेना के जवान गाजा पट्टी में अंदर घुस गए। इजरायली सेना के मुख्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने घोषणा की कि इजरायल ने युद्ध का अगला चरण शुरू कर दिया है और सेना गाजा शहर के बाहरी इलाके में पहुंच गई है। वहां विस्थापित निवासियों को दक्षिणी गाजा में स्थानांतरित करने की तैयारी चल रही है। आईडीएफ के इस कदम से अंतर्राष्ट्रीय चिंता पैदा हो गई है और फिलिस्तीनी राज्य के भविष्य पर बहस फिर से शुरू हो गई।

इजरायल की तरफ से यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब वार्ताकार मिस्र इजरायल और हमास के बीच 22 महीनों से जारी संघर्ष समाप्त करने के लिए युद्धविराम की कोशिशों में लगा हुआ है। इस बीच, एक अहम





रणनीति का खुलासा करते हुए इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की कि वह गाजा शहर पर कब्ज़ा करने की आईडीएफ की योजनाओं की समय सीमा कम कर रहे हैं। यह घोषणा रणनीतिक मामलों के मंत्री रॉन डर्मर द्वारा पेरिस में कतर के अधिकारियों के साथ वार्ता पर चर्चा के एक दिन बाद की गई।

**नहीं दे सकते पांच महीने:** जब सुरक्षा कैबिनेट ने पहली बार गाजा शहर पर कब्ज़ा करने की मंजूरी दी थी, तब इजरायली अधिकारियों ने अनुमान जताया था कि इस योजना में पाँच महीने या उससे ज़्यादा का समय लग सकता है लेकिन बुधवार को नेतन्याहू ने सेना को समय सीमा कम करने का निर्देश दिया है। बुधवार की शाम एक बयान में नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने सेना को आतंकवादियों के अंतिम गढ़ों पर कब्ज़ा करने और हमास को हराने की समय सीमा कम करने का निर्देश दिया है, जो गाजा शहर में आईडीएफ के आगामी हमले का संकेत है। नेतन्याहू ने द्रुष्टस्त्र से साफ कहा है कि इसके लिए पांच महीने नहीं दे सकते।

**सीजफायर प्रस्ताव पर भी नजर:** हालाँकि पिछले कुछ दिनों में बंधकों की रिहाई के समझौते पर पहुँचने की गति तेज हुई है। बावजूद, इसके नेतन्याहू ने ऐसे प्रयासों को लगातार खारिज किया है और इस महीने की शुरुआत में कैबिनेट द्वारा स्वीकृत योजना के बजाय गाजा पट्टी में लड़ाई तेज़ करने पर ध्यान केंद्रित किया है। हालांकि, उन्होंने युद्धविराम के नवीनतम प्रस्ताव को पूरी तरह से खारिज नहीं किया है।

**60,000 रिजर्व सैनिकों को तैनात करने का आदेश:** दूसरी तरफ, जैसे-जैसे गाजा शहर पर बड़े पैमाने पर हमले के शुरुआती चरण जमीं पर अमल में आ रहे हैं, वैसे-वैसे इजरायल वहां सैन्य तैनाती बढ़ाता जा रहा है। उत्तरी गाजा के सबसे बड़े शहर, जिसके बारे में इजरायली प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह हमास के अंतिम गढ़ों में से एक है, पर कब्ज़ा करने के लिए सेना ने 60,000 रिजर्व सैनिकों को तैनात करने का आदेश दिया है। इसके अलावा 20,000 अतिरिक्त सैनिकों की सेवा अवधि बढ़ाने का भी फैसला किया गया है।

इजरायली सुरक्षा बल की इस योजना की अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर निंदा हो रही है, क्योंकि इससे इस आशंका को बल मिल रहा है कि गाजा में मानवीय और भूखमरी का संकट और भी बदतर हो जाएगा और आईडीएफ के विस्तारित सैन्य अभियान से शेष बंधकों की जान पर संकट बढ़ जाएगा। समूहों ने भी चेतावनी दी है कि गाजा में मानवीय संकट और भी बदतर हो सकता है। समूहों ने कहा कि गाजा में अधिकांश निवासी विस्थापित हो गए हैं, विशाल इलाके खंडहर में तब्दील हो गए हैं और लोगों पर अकाल का खतरा मंडरा रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि करीब दो साल से युद्ध लड़ रहे इजरायली सैनिक अब हताश होने लगे हैं। युद्ध का अंत नजदीक नहीं दिखने के कारण इजरायल के सैन्य प्रमुख ने सैनिकों पर बढ़ते बोझ की चेतावनी दी है, जिनमें से कई को गाजा में लड़ने के लिए कई बार बुलाया गया है। आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल ज़मीर ने इस महीने की शुरुआत में सुरक्षा कैबिनेट को बताया था कि सेना को क्षति और थकान का सामना करना पड़ रहा है।।

# सभी स्कूल समय सीमा से पहले रजिस्ट्रेशन एवं सबमिशन का कार्य पूरा करें : डीडीसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में 'मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक सह उन्मुखीकरण उप-विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल चौबे, एपीओ, एडीपीओ, सभी बीपीओ, सभी केजीबीवी के वार्डन कनीय अभियंता, सभी बीआरपी एवं सभी सीआरपी उपस्थित थे। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयों में स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय व्यवस्था, कचरा प्रबंधन एवं बच्चों की सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय को स्वच्छता का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक विद्यालय मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के लिए चयनित हो सकें।





**सभी स्कूल समय सीमा से पहले रजिस्ट्रेशन एवं सबमिशन का कार्य पूरा कर ले-**

बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार द्वारा 'मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार' से संबंधित जिले के प्रगति पर प्रखंड वाइस समीक्षा किया। साथ ही उन्होंने यह निर्देश दिया कि सभी स्कूल समय सीमा से पहले रजिस्ट्रेशन एवं सबमिशन का कार्य पूरा कर ले, ताकि सभी स्कूल प्राथमिकता के आधार पर एम एस वी पी के तहत अच्छा परफॉर्मेंस दिखाना सुनिश्चित करेंगे।

**मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के अंतर्गत सभी इंडिकेटर की जानकारी दी गई -**

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक, एपीओ एवं एडीपीओ द्वारा मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के अंतर्गत सभी इंडिकेटर पर जैसे पानी, शौचालय, व्यवहार परिवर्तन, माहवारी स्वच्छता, प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन इत्यादि पर विस्तार बताया गया। साथ ही जल जांच के तहत प्री मानसून एवं पोस्ट मानसून से संबंधित जल जांच को लेकर जिला समन्वयक बोकारो द्वारा विस्तार पूर्वक बातों को रखा गया।

# अब बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिलेगा, अनुपालन सख्ती से हो : डीटीओ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कड़ा कदम उठाया है। उक्त के संदर्भ में जिले के सभी पेट्रोल पंप प्रतिष्ठानों को निर्देश दिया गया है कि वे नो हेलमेट, नो पेट्रोल का बोर्ड लगाएँ। इस निर्देश के आलोक में अब किसी भी दो पहिया वाहन को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा जिसमे चालक या पीछे बैठने वाले व्यक्ति ने हेलमेट नही पहन रखा है। बिना हेलमेट पेट्रोल की आपूर्ति किसी भी हाल में नहीं की जाएगी। परन्तु अखबार एवं अन्य श्रोतों से प्राप्त सूचना से पता चल रही है कि उक्त निदेश का अनुपालन सख्ती से नहीं किया जा रहा है। यह ट्रैफिक नियमो के विरुद्ध है साथ ही सरकारी आदेश का अवहेलना भी। ऐसे में पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा जिला प्रशासन को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने में आवश्यक सहयोग नहीं किया जा रहा है।




**आदेश का अनुपालन सख्ती से करना सुनिश्चित करें अन्यथा नियमानुसार की जाएगी कार्रवाई -**

जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज ने पुनः आदेश जारी करते हुए निदेश दिया जाता है कि उक्त आदेश का अनुपालन सख्ती से करना सुनिश्चित करें अन्यथा संबंधित पेट्रोल पंप प्रतिष्ठान के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। साथ ही स्पष्ट किया है कि यह नियम सख्ती से लागू किया जाएगा। यदि कोई पेट्रोल पंप इसका पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट पहनें-**

जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज ने कहा कि जिला प्रशासन का मानना है कि इस पहल से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और लोगों में हेलमेट पहनने की आदत विकसित होगी। साथ ही जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट पहनें तथा यातायात नियमों का पालन करें। ज्ञातव्य हो कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश को पूर्व में ही सभी पेट्रोल पंप प्रतिष्ठानों को अवगत कराया जा चुका है, जिसका अनुपालन सख्ती से करने का अनुरोध किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन दिवसीय श्री श्री रानी सती महोत्सव शुरू



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास बोकारो मारवाड़ी पंचायत के द्वारा तीन दिवसीय 50 वां श्री श्री रानी सती महोत्सव का आयोजन धर्मशाला मोड़ स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में किया गया है। मारवाड़ी पंचायत के द्वारा लगातार 50वां रानी सती महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस तीन दिवसीय महोत्सव में मंगल पाठ के साथ दूसरे राज्यों से आए भजन गायक भजन की प्रस्तुति करेंगे। बोकारो मारवाड़ी महिला समिति के द्वारा आज श्री रानी सती दादी जी को 111 मीटर का बिना जोड़ वाला चुनरी चढ़ाया गया जो आकर्षण का केंद्र बना। इस दौरान मारवाड़ी समाज की महिलाओं में विशेष राजस्थानी परिधान में शोभायात्रा निकल कर चुनरी को मंदिर में प्रवेश करते हुए रानी सती को अर्पित किया। इस दौरान मारवाड़ी पंचायत और मारवाड़ी महिला समिति के सदस्यों ने कहा कि यह हमारे लिए काफी अद्भुत क्षमता क्योंकि हमारा 50 साल महोत्सव का पूरा हो रहा है हम लोग को यह भरोसा है की माता हम लोगों की मनोकामना के साथ-साथ चास बोकारो का कल्याण भी करेंगी।

### खेल महोत्सव में आएंगे कोल इंडिया के चेयरमैन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष सह मुख्य प्रशिक्षक अनिल बाँसफोर ने कोलकाता स्थित कोल इंडिया के मुख्यालय जाकर कोल इंडिया के अध्यक्ष पी.एम. प्रसाद से मिलकर अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्टस द्वारा आयोजित होने वाले मार्शल आर्ट्स खेल महोत्सव एवं सामाजिक कार्य महोत्सव की जानकारी दी। इस अवसर पर बीसीसीएल के निदेशक तकनीकी (योजना व परियोजना) मनोज कुमार अग्रवाल के साथ-साथ संस्था के टेक्निकल डायरेक्टर अदनान मुस्तफा कुदूषी उपस्थित थे। वहीं अनिल बाँसफोर ने संस्था के तरफ से समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में 2 सितंबर 2025 को आने हेतु पी.एम. प्रसाद को निमंत्रण पत्र सौंपा जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए अपना आशीर्वाद अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ियों को दिया।



### निशान यात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब, जय श्री श्याम के जयघोष से क्षेत्र गूंजा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चिरकुंडा ठाकुर बाड़ी से सोमवार की सुबह गाजे बाजे के साथ भव्य निशान यात्रा निकाली गई जो चिरकुंडा से होते हुए मैथन संजय चौक स्थित श्री श्याम बालाजी धाम तक जाएगा। ऐतिहासिक निशान यात्रा 401 श्रद्धालुओं ने निशान उठाया। दर्जनों महिला श्रद्धालु सर पर सिगड़ी लिए हुए निशान यात्रा के आगे आगे चल रहीं थीं। पूरा क्षेत्र जय श्री श्याम,हारे के सहारे की जय,शीश के दानी की जय आदि जयघोष से गुंजायमान हो गया। इस दौरान विभिन्न संगठनों और संस्थाओं द्वारा जगह जगह चाय नाश्ते का प्रबंध किया गया। आयोजकों द्वारा बताया गया कि यह निशान यात्रा कोयलांचल के लिए एक ऐतिहासिक निशान यात्रा है। सूरजगढ़ का निशान एक प्राचीन निशान है जो लगभग 400 वर्षों से बाबा के मंदिर के शिखर पे विराजमान है। आज वहीं का निशान मैथन संजय चौक स्थित श्री श्याम एवं बालाजी धाम मंदिर के शिखर पे विराजमान होगा। इस उपलक्ष्य में 16 अगस्त से मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम चल रहे हैं जिसका समापन 21 अगस्त को महा भंडारे के साथ होगा। निशान यात्रा में धनबाद जिला के विभिन्न क्षेत्र एवं पश्चिम बंगाल से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

# शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नहीं होनी चाहिए मादक पदार्थों की बिक्री : उप विकास आयुक्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में आज नेशनल नार्कोटिक्स कोर्डिनेशन (एनकोर्ड) की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उन्होंने नशे की गिरफ्त से बच्चों, किशोरों व युवाओं को दूर रखने पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्कूल व शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास मादक पदार्थों की बिक्री नहीं होनी चाहिए। नशा का सेवन करने से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। वे विभिन्न बीमारियों से ग्रसीत हो जाते है। इसकी रोकथाम के लिए, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग को जमीनी स्तर पर कार्य करना होगा। वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना होगा। वहीं उप विकास आयुक्त ने बैठक में मौजूद ड्रग इंस्पेक्टर को दवाई दुकानों की औचक जांच करने, नकली दवा के विरुद्ध अभियान चलाने, बिल की जांच करने, कुछ दवाइयों के सैंपल की जांच कराने, प्रतिबंधित दवा की बिक्री नहीं हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने नशीली वस्तुओं की बिक्री पर नियंत्रण के लिए निरंतर अभियान चलाने, छात्र-छात्राओं को नशा के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालयों में कार्यशाला आयोजित करने तथा सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में एन्टी ड्रग टीम का गठन करने का निर्देश दिया। इसके बाद उप विकास आयुक्त ने तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर बैठक की। उन्होंने कोटपा अधिनियम 2003 के तहत व्यापक रूप से अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक आयुक्त उत्पाद राम लीला रवानी, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी श्रीमती साधना कुमारी, ड्रग इंस्पेक्टर राजेश कुमार, विरेन्द्र कुमार, जिला तंबाकू नियंत्रण सेल से डॉ मंजू दास, जिला सलाहकार राहुल कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता शुभंकर मैत्रा के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# श्रम, नियोजन एवं कौशल विकास विभाग के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में श्रम, नियोजन एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं, कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गयी। श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, प्रवासी श्रमिकों के निबंधन के अलावा निबंधित लाभुकों को मेधावी पुत्र पुत्री छात्रवृत्ति योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, झारखंड निर्माण कर्मकार मृत्यु, दुर्घटना सहायता योजना सहित अन्य के तहत लाभान्वित लाभुकों के संदर्भ में जानकारी ली। साथ हीं इसमें तेजी लाने व श्रमिकों एवं उनके परिवार के हित में चल रही योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा श्रमिको को जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही विभिन्न ढाबों, होटलों, प्रतिष्ठानों आदि में औचक छापेमारी कर बाल मजदूरी पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके साथ हीं जिला के प्रमुख शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निरीक्षण कर श्रम विभाग के नियमों के पालन से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में नियमों के उलंघन पाए जाने पर नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु श्रम अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने श्रम अधीक्षक को निजी विद्यालयों एवं अस्पतालों में जाकर वहां कार्यरत कर्मियों के न्यूनतम मजदूरी एवं पीएफ की जांच करने हेतु निर्देशित किया उन्होंने कहा की अगर किसी भी संस्थान द्वारा न्यूनतम मजदूरी नियम का उलंघन किया जाता है तो उनपर नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ हीं उन्होंने 10 कर्मियों से अधिक कर्मियों वाले संस्थानों का रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया। साथ हीं उपायुक्त ने श्रमिकों का आधार सत्यापन के लिए सभी प्रखंडों में सुविधा केंद्र खोलने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं नियोजन एवं कौशल विकास की समीक्षा करते हुए जिला नियोजनालय में निबंधित युवाओं की संख्या, रोजगार मेला का आयोजन, कौशल विभाग के तहत युवाओं के कौशल को बढ़ावा देने हेतु किए जा रहे कार्यों, एवं कैरियर काउंसलिंग की समीक्षा की। उन्होंने रोजगार मेला आयोजन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने प्रखंडवार अलग-अलग तिथियों में गांव गांव जाकर स्किल से जोड़ने हेतु युवाओं को जागरूक करें। युवाओं को स्किल से जोड़कर प्रशिक्षण देते हुए रोजगार उपलब्ध कराएं। बैठक में श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी पद्मा कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी तथा कर्मी मौजूद रहें।



# सामुदायिक कुत्तों के लिए न्याय की मांग, कैंडल मार्च का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामुदायिक स्वान के अधिकारों और सुरक्षा की मांग को लेकर आज बोकारो के बिरसा चौक पर एक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च में बड़ी संख्या में पशु प्रेमी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने बेघर और उपेक्षित स्वान के लिए सुरक्षित आश्रय, नियमित टीकाकरण और बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग की। कैंडल मार्च के दौरान, प्रदर्शनकारियों ने 'सामुदायिक स्वान को सुरक्षित शेल्टर दो,' 'वैक्सीनेशन हमारा अधिकार है,' और 'जानवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करो' जैसे नारे लगाए। यह कैंडल मार्च एनीमल लवर ग्रुप, शंभू प्रसाद फाउंडेशन, सहयोगिनी और पीपुल्स फॉर एनिमल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। आयोजकों ने बताया कि इस मार्च का उद्देश्य समाज में सामुदायिक कुत्तों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी सुरक्षा को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना है। उन्होंने सरकार से अपील की कि इन जानवरों के लिए उचित कानून और व्यवस्था लागू की जाए ताकि वे सुरक्षित जीवन जी सकें। इस कार्यक्रम में प्रीति प्रसाद, गौतम सागर, निश्चित कुमार, अभिजीत कुमार, सोनी कुमारी, अनिल कुमार हेंब्रम, सुशांत दुबे, हनी प्रसाद, सौरभ, उर्वशी, दीपमाला अग्रवाल, एनी रॉय, विनोद कुमार सिंह, सीता कुमारी, सुष्मिता दास, रीना दास, बबीता, अंश, बलजीत कौर, डिम्पल, जयश्री, प्रीतम और मनोज हेंब्रम सहित कई अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे। सभी ने मिलकर एक सुर में जानवरों के प्रति क्रूरता को समाप्त करने और उन्हें सम्मानजनक जीवन देने की वकालत की।




# राष्ट्रीय खेल दिवस पर बोकारो में होगा मिनी मैराथन का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को जिले में मिनी मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर गुरुवार को सर्किट हाउस में बैठक हुई, जिसमें कई कोच और खेल पदाधिकारियों ने भाग लिया। मिनी मैराथन का आयोजन एंजेला आर्चरी केंद्र की ओर से किया जा रहा है। बैठक में खेल जगत से जुड़े कई दिग्गज मौजूद रहे। अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज खिलाड़ी एंजेला सिंह ने कहा कि मिनी मैराथन का आयोजन युवा खिलाड़ियों के लिए किया जा रहा है और इसमें शहरवासियों को भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय एथलीट व कोच राम भगत साहू ने कहा कि खेल जीवन का अहम हिस्सा है। एथलेटिक्स के जरिए बच्चों और युवाओं के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी।

# पुलिस पर हमला के मामले में 15 आरोपी गए जेल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस के ऊपर किए गए हमले में चार महिला समेत 15 आरोपियों को जेल भेजा गया है। कृषि योग्य भूमि में जलजमाव की क्षतिपूर्ति व रोजगार समेत अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे झारखंड शोषण मुक्ति उलगुलान मंच के लोगों व पुलिस के बीच बुधवार को झड़प हो गई थी। कुछ देर में ही झड़प ने हिंसक रूप ले लिया। इस घटना में सियालजोरी थाना प्रभारी मनीष कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और जवान घायल हो गए थे।चास मुफस्सिल पुलिस ने इस मामले में जान मारने की नीयत से हमला सरकारी काम में बाधा सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था। एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा आंदोलन की इजाजत नहीं दी गई थी। संगठन उसके पदाधिकारी को नोटिस भी किया गया था। बावजूद इसके सड़क को अवरुद्ध किया गया और समझाने बुझाने गए थाना प्रभारी पर जानलेवा में हमला किया गया। कानून को हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है। अविनाश महतो के द्वारा व्यक्तिगत झगड़े को आंदोलन का रूप देने का काम किया गया जो पूरी तरह से गलत है। पुलिस ने चार महिला और 11 पुरुष आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने अविनाश महतो, अभिषेक महतो, राजेश कुमार महतो, विनोद महतो, गणेश चंद्र महतो, राकेश कुमार कमहतो, लखन महतो, उमेश महतो, सविता देवी, चिंता देवी, पिंकी देवी, न बुधु महतो, जटल महतो व केशव व कुमार महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# फरियादियों द्वारा दिए गए आवेदन और उस पर हुई कार्रवाई को सार्वजानिक करें : अवधेश सिंह

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दरबार में उपायुक्त महोदय गिरिडीह द्वारा फरियादीयों के साथ अमानवीय व्यवहार करने के विरोध में किसान जनता पार्टी ने झंडा मैदान गिरिडीह में धरना दिए। धरना को संबोधित करते हुए किसान जनता पार्टी के केन्द्रीय कमिटी अध्यक्ष -सह- अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा विधि सम्मत कार्य नही किए जाने व आम जनता को कानून द्वारा प्रदत अधिकारी से वंचित करने का शिकायत साक्ष्य के साथ जब उपायुक्त राम निवास यादव के समक्ष किया जाता है तो उन्हें इतनी मिर्ची लगती है कि वे अपने गरिमामय पद को भूल जाते है और क्रूर जमींदारों की तरह चीख चिल्लाकर डराने वाले अंदाज में फरियादीयों को धमकाने लगते हैं। किसान जनता पार्टी के कार्यालय सचिव विजय कुमार ने कहा कि उपायुक्त यह चाहते हैं कि आम जनता का साधारण से साधारण काम भी गिरिडीह जिला का कोई अधिकारी कर्मचारी तभी करे जब उपायुक्त कार्यालय से संबंधित अधिकारी कर्मचारी को निर्देश मिले ताकि विवश होकर आम जनता को उपायुक्त के जनता दरबार में आना पड़े और उपायुक्त महोदय पीड़ित जनता को डांट फटकार के फरियादीयों पर अपना रौब झाड़ सके और भ्रष्ट अफसरों से अपनी वाहवाही करवा सके किसान जनता पार्टी के संयोजक दासो मुर्मू ने कहा कि गिरिडीह जिला के जन प्रतिनिधियों में अगर आम जनता के प्रति थोड़ा सा भी हमदर्दी है तो उपायुक्त श्री राम निवास यादव द्वारा लगाए जा रहे जनता दरबार का लाइव प्रसारण कराने का मांग सरकार से करें।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चंदनकियारी में की गई चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदनकियारी में पदस्थापित चिकित्सकों का स्थानांतरण हो जाने के कारण चिकित्सकों की भारी कमी को ध्यान में रखते हुए एवं अस्पताल को 247 सफल संचालन हेतु जनहित में उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ अरविंद कुमार, डॉ विकास कुमार, डॉ मानसा एवं डॉ रितिक केजरीवाल की प्रतिनियुक्ति की गई है। वे अपने कार्यों के अतिरिक्त अगले आदेश तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदनकियारी में प्रतिनियुक्त रहेंगे। उक्त संबंध में कार्यालय आदेश उपायुक्त श्री अजय नाथ झा के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद द्वारा जारी किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदनकियारी में पूर्व में पदस्थापित चिकित्सक डॉ कुमार गौतम एवं डॉ प्रकाश कुमार सिंह थे, जिनका स्थानांतरण सरकार के अवर सचिव स्वा. चि. शि. एवं प. कल्याण विभाग झारखंड रांची द्वारा अधिसूचना जारी कर पूर्व में ही किया गया था। ज्ञातव्य हो कि डॉ अरविंद कुमार का मूल पदस्थापन स्थल जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय बोकारो है, डॉ विकास कुमार का मूल पदस्थापन स्थल अनुमंडलीय अस्पताल चास है, डॉ मानसा का मूल पदस्थापन स्थल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरीडीह एवं डॉ रितिक केजरीवाल का मूल पदस्थापन स्थल यू.पी.एस.सी. चीरा चास है।

# एक्रिडीटेशन इन हायर एजुकेशन क्रिटिकल नीड - चैलेंजेस एंड प्रोस्पेक्ट्स' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस (एन. ए. ए. सी. द्वारा बी + + ग्रेड प्रत्ययित), इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कालेज ने होटल हंस-रिजेन्सी, सेक्टर 1 में 'एन. ए. ए. सी. एक्रिडीटेशन इन हायर एजुकेशन क्रिटिकल नीड - चैलेंजेस एंड प्रोस्पेक्ट्स' विषय पर कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन कालेज निदेशक डा. प्रियदर्शी जरुहार रहे तथा विशिष्ट अतिथि संस्थान के माननीय सचिव सुरेंद्र पाल सिंह व सदस्य जगमोहन सिंह रहे। जीजीपीएस स्कूलों के प्राचार्य सोमेन चक्रवर्ती (सेक्टर 5), अभिषेक कुमार (चास) एवं सुदीप ठाकुर (धनबाद) शामिल हुए। कार्यशाला में लगभग 70 फैकल्टी मेंम्बरों ने गूगलफार्म द्वारा स्वंय को पंजीकृत कराते हुए, भाग लिया। डा. प्रियदर्शी जरुहार ने अपने संबोधन में एम. बी. जी.एल. अर्थात मैच्योरिटी-बेस्ड ग्रेड लेवेल के नवीन मापदंडों की जानकारियां साझा कीं तथा उन पर एक पी. पी. टी. प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया।. उन्होंने बताया कि कालेज को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अनुकूल बनाने के लिये ग्रेड लेवल 5 के मापदंडों को लक्षित करना होगा. जिसके लिए कालेज प्रयासरत है. ज्ञात हो कि एन. ए. ए. सी. द्वारा प्रत्ययित होने के पश्चात इस कालेज ने झारखण्ड में सरकारी /गैरसरकारी कालेजों के बीच सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। कार्यशाला के बाद सुरुचि भोजन में सबने हिस्सा लिया। बी. बी. ए. की विभागाध्यक्ष एवं ओ.एस.डी. - एच. आर. प्रो. रश्मि ठाकुर ने उद्घोषणा की। आई. क्यू. ए. सी. कोओडीर्नेटर व एसोसिएट प्रो. डा. मनोजीत डे, डा. दीपक कुमार, प्रो. सुमीत पांडे, प्रो. महमूद आलम, प्र. अधि. पल्लवी प्रसाद, प्रो. सिद्धलाल हेम्ब्रम व अन्य ने विशेष योगदान दिया. संस्थान के माननीय अध्यक्ष श्री तरसेम सिंह ने निदेशक महोदय एवं उनकी टीम को बधाई व शुभकामनायें दीं।



# सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल ने सीबीएसई नेशनल एथलेटिक मीट के लिए क्वालीफाई किया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विकास विद्यालय नेओरी रांची में हुए सी बी एस ई क्लस्टर कक्कएथलेटिक मीट में अंडर 14 और अंडर 17 मुकाबले में सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंतर विद्यालय होनेवाली इस प्रतियोगिता में बिहार और झारखंड से कुल 60 से भी ज्यादा विद्यालयों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल के अंडर 14 वर्ग के लिए अभय रंजन , अमन कुमार , सोनल सवारिओ और शुभम कुमार मंडल तो अंडर 17 वर्ग के लिए रेवंत राज , प्रिंस कुमार, आयुष कुमार और शिवम् कुमार यादव और आर्यन गुप्ता प्रतिभागी थे। टीमों की आपसी टक्कर जबरदस्त थी, पर विद्यालय के कोच और मार्गदर्शक अजय कुमार के देख रेख में तैयार किए गए सभी प्रतिभागी मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार थे। प्रतिभागियों ने न की सिर्फ अपना बेहतरीन कौशल प्रदर्शन किया बल्कि अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवाया। अंडर 14 वर्ग में शुभम कुमार मंडल ने शॉट पूत में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए रजत पदक हासिल की। वही आयुष कुमार ने भी ट्रिपल जम्प में एक रजत पदक हासिल किया। इस तरह दोनों शुभम कुमार आयुष अपने के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर होने जा रही सीबीएसई एथलेटिक मीट जो की संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल वाराणसी में होने जा रही है के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अब ये दोनों प्रतिभागी 10 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक होनेवाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देंगे। जीत की ट्रॉफी लेकर विद्यालय वापस लौटने पर विजेताओं को उनके खेल प्रदर्शन के लिए प्रशंसा की गयी और उन्हे विद्यालय की प्रातः सभा में सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंध निर्देशक जोरावर सिंह सलूजा ने विजेताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी छात्र- छात्राएँ इसी प्रकार लगातार मेहनत करते रहें ताकि आप अपने स्कूल, अपने क्षेत्र, राज्य तथा देश के लिए खेलते हुए अपने राष्ट्र का नाम रौशन करते रहे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com